रांची, शनिवार । 16 मई 2026 । वर्ष-27, अंक-103, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 30, संवत 2083 । रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/00155

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 09

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

### व्यापार एवं निवेश : झारखंड चैंबर और बल्लारी चैंबर के बीच हुआ एमओयू

# औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा झारखंड : आदित्य मल्होत्रा

## निवेश अवसर और व्यापार विस्तार को लेकर हुआ विचार विमर्श



- बैठक में राज्य के उद्योग सचिव एवं उद्योग निदेशक भी थे मौजूद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) और कर्नाटक के बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीडीसीसीआई) बीच व्यापार एवं निवेश संभावनाओं को लेकर शुक्रवार को चैंबर भवन में संयुक्त बैठक हुई। बैठक में झारखंड सरकार के उद्योग सचिव अरवा राजकमल एवं उद्योग निदेशक विशाल सागर मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और कर्नाटक के बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने झारखंड में बीडीसीसीआई के अधिकारीयों का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड और बल्लारी दोनों ही जगहों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड तेजी से औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। राज्य की टेक्सटाइल पॉलिसी आकर्षक है तथा नई इंडस्ट्री पॉलिसी शीघ्र आने वाली है, जो निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आएगी। आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड मिनरल रिच स्टेट है **शेष पेज 11 पर**

### साथ मिलकर कार्य करने की व्यापक संभावनाएं : राजकमल

उद्योग सचिव अरवा राजकमल ने कहा कि झारखंड उद्योगों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य है। हमारे राज्य की औद्योगिक इकाइयां राज्य की औद्योगिक क्षमता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि बल्लारी माइनिंग, मैन्युफैक्चरिंग एवं आईटी सेक्टर में अग्रणी है। दोनों राज्यों के बीच सीखने एवं साथ मिलकर कार्य करने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर ने राज्यों के बीच औद्योगिक संवाद की एक उत्कृष्ट परंपरा की शुरुआत की है, जिसके निकट भविष्य में सकारात्मक परिणाम आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के विकास को लेकर दूरदर्शी सोच रखते हैं। पर्यटन क्षेत्र में भी राज्य तेजी से उभर रहा है और यहां उद्योगों के लिए भूमि की कोई कमी नहीं है।

**बल्लारी चैंबर ने एमएसएमई कॉन्क्लेव में झारखंड चैंबर को आमंत्रित किया :** बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अव्वरु मंजूनाथ ने बल्लारी में निवेश की संभावनाओं पर अपनी बात रखते हुए झारखंड के उद्यमियों को कर्नाटक में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बल्लारी चैंबर के पदाधिकारियों ने बेंगलुरु में आयोजित होने वाले एमएसएमई कॉन्क्लेव में झारखंड चैंबर को आमंत्रित किया।

### रांची का तापमान

| रांची | कांके |
|---|---|
| अधिक. 32.8° | अधिक. 32.0° |
| न्यून. 24.0° | न्यून. 22.0° |

### केंद्र से दो मेडिकल कॉलेजों में सीट बढ़ोतरी पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा

# झारखंड के भविष्य को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक फैसला

- स्वास्थ्य व्यवस्था में क्रांति राज्य को मिली मेडिकल शिक्षा में नई उड़ान
- डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** केंद्र सरकार ने झारखंड के दो प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस और पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) सीटों में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ आने वाले वर्षों में डॉक्टरों की कमी दूर करने में भी बड़ी मदद मिलेगी। केंद्र से जिन मेडिकल कॉलेजों में सीट वृद्धि को मंजूरी मिली है, उनमें जमशेदपुर स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल शामिल हैं। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, विशेषकर अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह और पूरी टीम को दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लगातार मॉनीटरिंग, केंद्र सरकार के साथ प्रभावी समन्वय और मजबूत प्रस्तुति के कारण यह सफलता संभव हो सकी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, यह सिर्फ सीट बढ़ने की खबर नहीं है, बल्कि झारखंड के भविष्य को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक फैसला है। इससे गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को मेडिकल शिक्षा में अधिक अवसर मिलेगा।

डॉ इरफान अंसारी ने बताया कि इस पूरी योजना के तहत केंद्र सरकार ने एमबीबीएस सीट विस्तार के लिए 225 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। **शेष पेज 11 पर**

### एसएनएमएमसीएच में बढ़ीं 150 सीटें

धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में वर्तमान में 100 एमबीबीएस सीटें थीं, जिन्हें बढ़ाकर 250 कर दिया गया है। यहां 150 नई सीटों की वृद्धि हुई है। वहीं, जमशेदपुर स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमजीएमएमसीएच) में पहले से 150 सीटें थीं, जिन्हें बढ़ाकर 250 कर दिया गया है। यहां 100 सीटों की वृद्धि की गई है।

### हेमंत सोरेन का राज्य के विकास को लेकर है एक दूरदर्शी दृष्टिकोण



स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अरवा राजकमल ने आगे कहा कि झारखंड में उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन राज्य के विकास को लेकर एक दूरदर्शी दृष्टिकोण रखते हैं। मुख्यमंत्री का दृष्टिकोण खनन क्षेत्र में खनिज खनन से लेकर हाई-एंड सॉल्यूशंस तक एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला (वैल्यू चेन) बनाने का है। मुख्यमंत्री का इसी तरह का दृष्टिकोण महिला उद्यमिता को आधारशिला बनाकर राज्य में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को सकारात्मक रूप से बदलने का है।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव और लखन को उम्रकैद की सजा

- पतरातू निवासी कामेश्वर पांडे की हत्या मामले में सुनाई गई है सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के बहुचर्चित कामेश्वर पांडे हत्याकांड में शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय रामगढ़ स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव और लखन साव को हत्या एवं आपराधिक साजिश रचने का दोषी करार दिया। अदालत ने दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। मामले में फैसला सुनाए जाने के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई थी।

लंबे समय से चल रहे इस बहुचर्चित मामले में अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान और केस डायरी का गहन अध्ययन करने के बाद दोनों आरोपियों को दोषी माना। सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए अदालत ने भारतीय दंड संहिता एवं आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अलग-अलग सजा निर्धारित की। धारा 302 (हत्या) के तहत दोनों दोषियों को आजीवन कारावास एवं **शेष पेज 11 पर**

## एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अजय ने किया सरेंडर, मिली जमानत

- ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर घोटाला का मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में हुए बहुचर्चित टेंडर घोटाला मामले में आरोपी एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अजय कुमार ने शुक्रवार को रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के बाद अदालत ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी। विशेष कोर्ट ने अजय कुमार को एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर जमानत देते हुए पासपोर्ट जमा करने और न्यायालय की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ने का निर्देश दिया है। अदालत ने उनकी जमानत याचिका स्वीकार करते हुए मामले की अगली कानूनी प्रक्रिया जारी रखने की बात कही है।

हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में प्रमोद कुमार समेत 14 अन्य आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए अदालत ने सभी आरोपियों के विरुद्ध समन जारी किया था। इसके बाद कई आरोपियों ने अदालत में आत्मसमर्पण किया और उन्हें जमानत भी मिल चुकी है। अजय कुमार वर्तमान में ग्रामीण विकास विभाग में **शेष पेज 11 पर**

## दृष्टिपात

### रांची में सात थानेदारों का हुआ तबादला

**रांची।** राजधानी रांची में एक साथ कई थानों के थाना प्रभारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है। ओरमांझी, खलारी, बुंडू, जगन्नाथपुर समेत कुल सात थाना प्रभारी बदले गए हैं। इस संबंध में सीनियर एसपी राकेश रंजन ने आदेश जारी कर दिए हैं। जिन थाना प्रभारियों के तबादले हुए हैं, उनमें से अधिसंख्य को दूसरे थानों का थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं, यातायात थाना प्रभारी को पुलिस लाइन भेजा गया है। डेली मार्केट थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह को जगन्नाथपुर थाने का नया प्रभारी बनाया गया है, जबकि जगन्नाथपुर के थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह को डेली मार्केट का नया प्रभारी बनाया गया है। **शेष पेज 11 पर**

### जमशेदपुर में हुआ फर्जी एफिडेविट रैकेट का खुलासा

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला समाहरणालय के बाहर फोटोकॉपी दुकान की आड़ में चल रहे कथित फर्जी दस्तावेज और एफिडेविट बनाने वाले रैकेट का शुक्रवार को स्थानीय अधिवक्ताओं ने पर्दाफाश किया। मामले में अजय, राजू और घाटशिला निवासी प्रहलाद अग्रवाल को पकड़कर अधिवक्ताओं ने नए बार परिसर में लाया, जहां उनसे पूछताछ की गई। बाद में पूरे मामले की सूचना सीतारामडेरा थाना पुलिस को दी गई। अधिवक्ताओं का आरोप है कि दुकान में बिना किसी अधिकृत सत्यापन के जाली हस्ताक्षर और मुहरों का इस्तेमाल कर एफिडेविट तैयार किए जा रहे थे।

### धनबाद स्टेशन पर मजिस्ट्रेट चेकिंग में 68 यात्री पकड़े गए

**धनबाद।** धनबाद मंडल में शुक्रवार को धनबाद स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार के सफर कर रहे तथा बिना बुक किए सामान के साथ यात्रा कर रहे कुल 68 यात्रियों को पकड़ा गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए यात्रियों से जुर्माने के रूप में कुल 30 हजार 115 रुपए वसूले गए। साथ ही, सभी यात्रियों को भविष्य में उचित टिकट लेकर यात्रा करने की सख्त हिदायत दी गई।

### गुमशुदगी मामलों में पुलिस की नाकामी पर हाईकोर्ट की टिप्पणी

# ऐसे संवेदनशील मामलों के खुलासे पर नहीं है अधिकारियों का ध्यान

**नवीन मेल डेस्क**

- सुधरे नहीं हालात तो राज्य की जांच एजेंसियों व सीबीआई को संयुक्त रूप से सौंपी जा सकती है जांच

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बोकारो से वर्ष 2020 से गुमशुदा एक 14 वर्षीया लड़की के मामले में बोकारो पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस संजय प्रसाद की खंडपीठ ने शुक्रवार को इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से बेहद तल्ख टिप्पणी करते हुए सवाल किया कि आखिर क्या वजह है कि जब भी किसी बच्ची या युवती के लापता होने का मामला आता है, बोकारो पुलिस के हाथ खाली रह जाते हैं। अदालत ने बोकारो के पूर्व और वर्तमान एसपी सहित संबंधित डीएसपी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया। अदालत ने कहा कि अधिकारियों का ध्यान ऐसे संवेदनशील मामलों के खुलासे पर नहीं है। कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जताई कि पुलिस खुद मान रही है कि यह अपहरण का मामला हो सकता है, तो फिर उस दिशा में ठोस अनुसंधान क्यों नहीं किया गया। **शेष पेज 11 पर**

### गुमला के बाल संप्रेषण गृह की दीवार फांदकर तीन नाबालिग फरार

- गुमला और आसपास के सभी थाने अलर्ट मोड पर

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित सिलम बाल संप्रेषण गृह (रिमांड होम) से शुक्रवार को तीन नाबालिग दीवार फांदकर फरार हो गए। फरार हुए किशोरों में दो लोहरदगा जिले के रहने वाले हैं। वहीं, एक गुमला के ही घाघरा थाना क्षेत्र का निवासी है। जानकारी के अनुसार, इनमें से दो नाबालिग दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध और एक चोरी के मामले में यहां निरुद्ध किए गए थे। **शेष पेज 11 पर**

# सारंडा में आईईडी ब्लास्ट से घायल हाथी की इलाज के दौरान हुई मौत

### कोलबोंगा जंगल में 4 मई को हुआ था जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता**



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित घने सारंडा जंगल स्थित कोलबोंगा क्षेत्र में आईईडी विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुए जंगली हाथी की गुरुवार देर शाम मौत हो गई। करीब एक सप्ताह तक वन विभाग और पशु चिकित्सकों की टीम उसकी जान बचाने में जुटी रही, लेकिन गंभीर जख्म और बढ़ते संक्रमण के कारण आखिरकार हाथी ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, 4 मई 2026 को कोलबोंगा जंगल में हुए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। विस्फोट इतना तेज था कि हाथी का एक पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। **शेष पेज 11 पर**

### हादसा — लातेहार जिले में वज्रपात से दो की मौत, एक महिला झुलसी

# 21 मई तक आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी

- कई जिलों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी, 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को दोपहर बाद बारिश हुई। कुछ जगहों पर हल्की तो कुछ जगहों पर तेज बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। रांची में सुबह से तेज धूप और उमस भरी गर्मी थी। पर, दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश हो गई। बारिश के बाद तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई।

वहीं, लातेहार जिले में मूसलाधार बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को अचानक लातेहार का मौसम खराब हो गया। दोपहर बाद लातेहार सदर प्रखंड के अलावा मनिका और चंदवा प्रखंड में जोरदार बारिश हुई। इसी दौरान वज्रपात भी हुआ। सदर प्रखंड के पांडेयपुर पंचायत अंतर्गत रेहल गांव में वज्रपात की चपेट में आने से **शेष पेज 11 पर**

### मेदिनीनगर में दर्ज किया गया सबसे अधिक तापमान

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में सबसे अधिक तापमान मेदिनीनगर (डालटनगंज) में 39.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम क्षेत्र में 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राज्य के प्रमुख शहरों का तापमान भी काफी अलग-अलग रहा। रांची में अधिकतम तापमान 32.8डिग्री और न्यूनतम 24.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, मेदिनीनगर (डालटनगंज) में अधिकतम 39.0 डिग्री और न्यूनतम 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री और न्यूनतम 27.0 डिग्री रहा। चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम 24.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## प्रसूता की मौत पर हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में हंगामा

- परिजनों ने डॉक्टरों और नर्सों पर लगाया आरोप कार्रवाई की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसबीएमसीएच) एक बार फिर विवादों में घिर गया है। अस्पताल प्रबंधन की कथित लापरवाही के कारण एक प्रसूता की मौत हो जाने के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने डॉक्टरों और नर्सों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कटकमसांडी प्रखंड के बंजिया गांव निवासी शोभा कुमारी को 13 मई 2026 को प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों की सलाह पर परिजनों ने रक्त की व्यवस्था भी की थी। शोभा ने अस्पताल में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था और गुरुवार रात तक जच्चा-बच्चा दोनों सामान्य बताए जा रहे थे।

परिजनों का आरोप है कि गुरुवार देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच नर्सों ने शोभा को ब्लड चढ़ाना शुरू किया। ब्लड चढ़ाने के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। शोभा ने कथित तौर पर ब्लड रिएक्शन होने की शिकायत की और ब्लड चढ़ाने से मना भी किया **शेष पेज 11 पर**

# मुख्यमंत्री से झाप्रसे के नवप्रोन्नत अधिकारियों ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के संयुक्त सचिव पद पर नवप्रोन्नत हुए अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रति सभी नवप्रोन्नत अधिकारियों ने आभार जताया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवप्रोन्नत अधिकारियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित जनहित, सुशासन एवं विकासात्मक कार्यों को और ज्यादा प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुंचाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले नवप्रोन्नत अधिकारियों में प्रवीण प्रकाश, विद्या भूषण कुमार, सच्चिंद्र बड़ाईक, प्रेम तिवारी, सत्यवीर रजक, सुमन पाठक, अमित बेसरा, महेंद्र कुमार, मोनी कुमारी, मोनिका रानी टूटी, रंजीत लोहरा, विजय बिरुआ, मनीषा तिर्की, एनी सरोजिनी तिर्की एवं श्रीमती गीतांजलि शामिल थे।

# महंगाई के खिलाफ आज सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस

## रांची में पीएम का होगा पुतला दहन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पेट्रोल-डीजल, दूध और सीएनजी गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी शनिवार को राज्यभर में विरोध प्रदर्शन करेगी। पार्टी की ओर से विभिन्न जिलों में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन और प्रधानमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राजधानी रांची में शाम 4 बजे अलबर्ट एक्का चौक पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों को व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का असर परिवहन, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर पड़ रहा है, जबकि दूध एवं सीएनजी गैस की महंगाई से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की परेशानी बढ़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि कार्यक्रम में सांसद, मंत्री, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, अग्रणी मोर्चा संगठन और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी सक्रिय रूप से शामिल हों। जिला प्रभारियों को भी अपने-अपने जिलों में पहुंचकर कार्यक्रम को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया है। राकेश सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी महंगाई, बेरोजगारी तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है।

## माझी परगना महाल के प्रतिनिधिमंडल ने की ग्रामीण विकास मंत्री से मुलाकात

# ग्राम सभा की मजबूती व उसके अधिकार को लेकर सरकार कृतसंकल्पित : दीपिका

- राज्य में पेसा नियमावली के बेहतर क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पेसा नियमावली के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से माझी परगना महाल, पूर्वी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावाँ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। रांची स्थित आवासीय कार्यालय पर प्रतिनिधिमंडल ने पेसा नियमावली 2025 के लागू होने को लेकर मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पेसा नियमावली के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर हर बिंदु पर विस्तार से चर्चा हुई।

झारखंड सरकार आदिवासी समाज की परंपराओं, अधिकारों और स्वशासन की भावना के सम्मान के साथ पेसा नियमावली को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसको लेकर मंत्री स्तर से विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पेसा नियमावली का उद्देश्य पारंपरिक ग्राम सभाओं को न सिर्फ सशक्त बनाना है बल्कि जनजातीय समुदाय को उनके अधिकारों, परंपराओं और स्वशासन की भावना के अनुरूप विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। ग्राम सभा और समाज के स्तर पर नियमावली को लेकर दिए जा रहे तमाम सुझाव का विभाग स्वागत करती है। स्वशासन व्यवस्था को मजबूती से लागू करने के लिए सभी तर्कपूर्ण - नियमानुकूल सुझाव को विभाग ग्रहण कर उस पर विचार करने के लिए सदैव तैयार है। विभाग का उद्देश्य ग्राम सभा की ताकत को हर एक ग्रामीण जनता को बताना और उसका लाभ दिलाना है। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि ग्राम सभा के गठन, सत्यापन, सीमांकन एवं प्रकाशन की प्रक्रिया में पारंपरिक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के प्रतिनिधियों परगना बाबा, मानकी बाबा, हातु मुंडा एवं माझी बाबाओं की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता में रखा जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी एवं जनविश्वास के अनुरूप हो। इसके साथ ही पारंपरिक ग्राम सभा की अध्यक्षता पेसा नियमावली के प्रावधानों के अनुरूप अनुसूचित जनजाति समुदाय के योग्य व्यक्ति द्वारा की जाए। स्थानीय भाषा में प्रशिक्षण देकर पारंपरिक नेतृत्व को ग्राम सभा संचालन के लिए सक्षम बनाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में दुर्गा चरण मुर्मू, नवीन मुर्मू, शत्रुघ्न मुर्मू, लखन मुर्डी, दुर्गा चरण हेम्ब्रम, बबलू मुर्मू जीतू मुर्मू सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।

# महंगाई व पेट्रोल-डीजल पर देश में चारों तरफ हाहाकार : कैलाश यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा पेट्रोल-डीजल, एलपीजी गैस, दूध, सब्जी, सोना-चांदी समेत आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश में प्रचंड महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है, जिससे आम जनता परेशान है। कैलाश यादव ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, घरेलू एवं कॉमर्शियल एलपीजी गैस, दूध और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दामों में भारी वृद्धि के कारण आम लोगों में जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि देशवासी



अभी तक एलपीजी गैस की किल्लत से जूझ रहे हैं और अब ईंधन एवं खाद्य पदार्थों की महंगाई ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल चल रहा है, लेकिन पिछले 12 वर्षों में आम जनता को कोई विशेष राहत नहीं मिली। इसके विपरीत चुनावी लाभ के लिए मुफ्त योजनाओं के जरिए वोटरों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। यादव ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति कमजोर होने से देश में आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। साथ ही ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच तनावपूर्ण हालात का असर भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के कारण शिक्षा, चिकित्सा और दवाइयों जैसी जरूरी सेवाएं महंगी होती जा रही हैं। इसका सबसे अधिक असर दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिकों और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि परिवहन सेवाओं, ऑटो, बस और टूर-ट्रेवल्स पर भी इसका असर देखने को मिलेगा। कैलाश यादव ने केंद्र सरकार की आर्थिक, कृषि, उद्योग और विदेश नीति को असफल बताते हुए कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार महंगाई और आम जनता की परेशानियों को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करती है, तो राजद पूरे राज्य में जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगा।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों से जनता त्रस्त : सतीश पॉल

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, लगातार बढ़ती महंगाई और केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश की जनता आज महंगाई की सबसे बड़ी मार झेल रही है, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जनता को राहत देने के बजाय "राजनीतिक दिखावा" और "इवेंट मैनेजमेंट" में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिससे खाद्य पदार्थों, दूध, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम लगातार आसमान छू रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री द्वारा "दो गाड़ियों के काफिले" का प्रदर्शन कर जनता को भावनात्मक



रूप से प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों तक बड़े-बड़े काफिलों और वीआईपी संस्कृति में चलने वाली सरकार आज अचानक सादगी का प्रदर्शन कर रही है। देश की जनता पूछ रही है कि जब महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और गरीब की थाली महंगी हो चुकी है, तब यह "सादगी प्रदर्शन" आखिर किसके लिए किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि देश में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें कई राज्यों में सत्ता में हैं, जहां मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और जनप्रतिनिधियों के बड़े सरकारी काफिले चलते हैं। यदि प्रधानमंत्री वास्तव में सादगी और सरकारी खर्च कम करने की बात कर रहे हैं, तो भाजपा शासित राज्यों में भी इस दिशा में ठोस पहल की जानी चाहिए।

## भाजपा पदाधिकारियों ने तैयार किया भावी आंदोलनों का खाका

# झारखंड सरकार के दावों व वादों पर भरोसा नहीं : आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात, किसानों के संकट एवं उनके हालिया नुकसान, राज्य सरकार की वादाखिलाफी, एसआईआर सहित प्रदेश के अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक के दौरान राज्य की वर्तमान हेमंत सरकार की विफलताओं पर सरकार को मजबूती से घेरने के लिए भावी आंदोलनों की रूपरेखा तैयार की गई। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड सरकार के किसी वादा और दावा पर रत्ती भर भी भरोसा नहीं है। यह सरकार केवल घोषणा करने में माहिर है। इनके सभी घोषणाओं का क्या हश्र हुआ है, यह जगजाहिर है। बैठक के बाद मीडिया को ब्रीफिंग करते हुए प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा ने कहा कि पार्टी की मंडलों में, जिलों में और कोर ग्रुप की बैठक पूर्व में संपन्न हो चुकी है। आज प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई है। पिछली तमाम बैठकों में आए विषयों के आधार पर पार्टी आगे की रणनीति व आंदोलन की रचना प्रारंभ करने जा रही है। श्री मिश्रा ने कहा कि किसान आज संकट के दौर से गुजर रहे हैं। बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से अन्नदाता काफी प्रभावित हुए हैं। किसानों को 3200 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी देने का सरकारी दावा फेल है। वहीं पूरे राज्य में प्रखंड स्तर पर स्थानीय समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। लोग इससे काफी जूझ रहे हैं। किसानों की समस्या के साथ-साथ स्थानीय समस्याओं को लेकर भी पार्टी ने 15 से लेकर 20 मई तक अलग अलग तिथि में राज्य के सभी प्रखंड कार्यालयों में एकदिवसीय धरना देने का निर्णय लिया है। जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ जनता की भागीदारी भी रहेगी। प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में आदित्य साहू के अलावा बाबूलाल, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, करमवीर सिंह, राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, आभा महतो, बालमुकुंद सहाय, भानु प्रताप, डॉ प्रदीप वर्मा, आदि भी मौजूद थे।

## केंद्र की विफलता के कारण राज्य में ईंधन संकट जैसी स्थिति : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू से राज्यभर के विभिन्न हिस्सों में पेट्रोल डीजल की क़िल्लत पर जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की जिम्मेवारी केंद्र सरकार की है लेकिन केंद्र की नीतियों की विफलता के कारण राज्य भर के विभिन्न हिस्सों में स्थित पेट्रोल पंप पर तेल भरने के लिए लोगों की भीड़ लग रही है। पेट्रोल पंप खाली होने के कारण मोटरसाइकिल ,कार, ट्रक और अन्य वाहनों में पेट्रोल डीजल भरने में कठिनाई हो रही है। पेट्रोल डीजल लेने के लिए कई पेट्रोल पर लंबी लाइन लग रही है। जिसके कारण लोगों में भारी आक्रोश हैं। लाल किशोर ने भाजपा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के पास न तो कोई विजन है और न ही जनता का समर्थन। झारखंड में सत्ता से बेदखल होने के बाद भाजपा नेता छटपटाहट में केवल भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं।

## दृष्टिपात

### चोरी के सात आरोपी गिरफ्तार, सोना-चांदी और मोबाइल बरामद



**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र में बंद घर में हुई लाखों रुपये की चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में 6 अपराधियों और एक विधि-विरुद्ध किशोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी के सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 8 मई 2026 को डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित बीजेपी पथ के एक बंद घर में अज्ञात अपराधियों ने करीब पांच लाख रुपये के जेवर और पचास हजार रुपये नकद की चोरी की थी। इस संबंध में डोरंडा थाना कांड संख्या-121/26 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक हटिया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मोहम्मद नकीब उर्फ सोनार, मोहम्मद सारफ उर्फ शाहरुख, मोहम्मद सिमबाज, मोहम्मद जेद, मोहम्मद सेफ उर्फ सेम, मोहम्मद कैफ उर्फ झुसु और एक विधि-विरुद्ध किशोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी चोरी के जेवरों को गलाकर बेचने का काम भी करते थे। जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल फोन से जेवर खरीद-बिक्री से संबंधित चैट भी बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में अधिकांश लोग रांची के हिंदपीढ़ी, लोहरदगा और आसपास के क्षेत्रों के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान जब्त किया है। बरामद सामानों में सोने की अंगूठी, कान के टॉप्स, नोजपिन, मंगलसूत्र का लॉकेट, सोने का लटकन, रिंग सहित कई आभूषण शामिल हैं। वहीं, चांदी के बेरा, बिछिया, पायल, कमरबंद और अन्य जेवर भी बरामद किए गए हैं। इसके अलावा आईफोन 15, मोटोरोला, सैमसंग, रेडमी और पोको कंपनी के मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, कुल 21.6 ग्राम सोना बरामद हुआ है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.20 लाख रुपये है। वहीं, लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवर गलाकर बेचे जा चुके हैं। इसके अलावा 219.48 ग्राम चांदी बरामद की गई है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 63 हजार रुपये बताई गई है, जबकि करीब 1.5 लाख रुपये की चांदी गलाकर बेच दी गई थी। इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक हटिया प्रमोद कुमार मिश्रा, डोरंडा थाना प्रभारी दीपिका प्रसाद समेत कई पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का सीएम को पत्र, पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा बढ़ाई जाए



**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्यभर के पेट्रोल पंपों पर लगातार बढ़ रही भीड़, लंबी कतारों और आम जनता को हो रही परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर तत्काल संज्ञान लेने का आग्रह किया है। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में पेट्रोल एवं डीजल पंपों पर अत्यधिक भीड़ और अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। कई स्थानों पर तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आम नागरिकों, वाहन चालकों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता ।मंत्री ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राज्य के सभी संवेदनशील एवं अत्यधिक भीड़भाड़ वाले पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और आम लोगों को सुचारु रूप से पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति उपलब्ध हो सके। जनता की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी परिस्थिति में आम नागरिकों को परेशानी में छोड़ना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की है, ताकि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रहे और राज्य में शांति एवं व्यवस्था कायम रह सके।

### राउरकेला-कलुंगा रेलखंड पर विकास कार्य के कारण कई ट्रेनें रद्द



**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल अंतर्गत राउरकेला-कलुंगा-राउरकेला रेलखंड पर विकास कार्य के चलते ब्लॉक लिए जाने के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। रेलवे प्रशासन के अनुसार यात्रियों की सुरक्षा एवं निर्माण कार्य को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस क्रम में ट्रेन संख्या 18175 हटिया–राउरकेला मेमू, जिसकी यात्रा प्रारंभ तिथि 21 मई, 28 मई एवं 04 जून 2026 है, उक्त सभी तिथियों को रद्द रहेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 18176 राउरकेला–हटिया मेमू, जिसकी यात्रा 22 मई 2026, 29 मई 2026 एवं 05 जून 2026 को निर्धारित थी, वह भी रद्द रहेगी।

### प्रतीक्षा सूची यात्रियों के लिए रांची रेल मंडल ने बढ़ाई सुविधा




**रांची।** रांची रेल मंडल द्वारा यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रतीक्षा सूची यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 18611 रांची–वाराणसी एक्सप्रेस में 16 मई 2026 को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा। इसी तरह ट्रेन संख्या 18619 रांची–गोड्डा एक्सप्रेस में 17 मई 2026 को एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगाया जाएगा। वहीं ट्रेन संख्या 18640 रांची–आरा एक्सप्रेस में 16 मई 2026 एवं 18 मई 2026 को एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रेलवे प्रशासन ने बताया कि यह व्यवस्था यात्रियों की सुविधा और बढ़ती मांग को देखते हुए अस्थायी रूप से की गई है, जिससे प्रतीक्षा सूची के यात्रियों को राहत मिल सके।

### झारखंड उच्च न्यायालय में शुरू होगी मोबाइल पासपोर्ट वैन सुविधा




**रांची।** 20 जून से झारखंड उच्च न्यायालय के कर्मचारियों और सदस्यों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर के भीतर एक मोबाइल पासपोर्ट वैन तैनात किया जाएगा । यह सुविधा उच्च न्यायालय के सभी कर्मचारियों और बार एसोसिएशन के सदस्यों और उनके परिवार के सदस्यों को पासपोर्ट जारी करने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ सत्यापन और अन्य औपचारिकताओं के लिए प्रदान की जा रही है। झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार ने आदेश निकालकर सूचना दी है कि वे निर्देशों (प्रतिलेखों) का पालन करें और आवेदन रसीद की प्रति, जिसमें आवेदन संदर्भ संख्या लेखा (संस्थान) अनुभाग में अंकित हो, 15 जून 2026 या उससे पहले जमा करें। मोबाइल पासपोर्ट वैन की सुविधा का लाभ उठाने संबंधी जानकारी आवेदकों को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची से संपर्क करने पर प्रदान की जाएगी।

## कार्यक्रम | पीआईबी व दूरदर्शन केंद्र रांची में अंतर माध्यम प्रचार समन्वय समिति की बैठक, बोले अखिल कुमार मिश्रा

# अंतर-माध्यम समन्वय से जनसंचार होगा अधिक प्रभावी

- नोडल अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** दूरदर्शन केंद्र रांची में शुक्रवार को पत्र सूचना कार्यालय (पीआईओ) रांची द्वारा अंतर माध्यम प्रचार समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पीआईबी रांची/भुवनेश्वर के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

बैठक में दूरदर्शन रांची के समाचार संपादक एवं नोडल अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने स्वागत करते हुए बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रभावी जनसंचार के लिए विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय, संवाद और साझा कार्यप्रणाली आवश्यक है। वहीं पीआईबी एवं सीबीसी रांची के कार्यालय प्रमुख राजेश कुमार सिन्हा ने केंद्रीय संस्थानों के बीच समन्वय और जनसंपर्क व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया।

बैठक में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रांची इकाई के अधीक्षक शारिक उमर ने बताया कि वर्ष 2026 में पांच बड़ी कार्रवाइयों में भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। दूरदर्शन केंद्र रांची के कार्यक्रम प्रमुख अमित कुमार ने बताया कि दूरदर्शन स्थानीय भाषाओं में धारावाहिक और विशेष कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है, जिनकी सामग्री को सोशल मीडिया पर पांच मिलियन से अधिक बार देखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में दूरदर्शन ने लगभग तीन करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया।

माय भारत झारखंड की राज्य निदेशक ललिता कुमारी ने विकसित भारत यंग लीडर संवाद, युवा संसद कार्यक्रम और नशा मुक्त भारत अभियान की जानकारी दी। वहीं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के प्रतिनिधि मनीष तिवारी ने बताया कि कंपनी ने पिछले वर्ष 82.2 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया तथा सीएसआर के तहत 79 करोड़ रुपये व्यय किए गए। उन्होंने 'सीसीएल के लाल-लाडली' योजना, पुस्तकालय निर्माण और पशु एम्बुलेंस सेवा की जानकारी भी दी।

यूआईडीएआई के क्षेत्रीय निदेशक नीरज कुमार ने बताया कि झारखंड में आधार सेवाओं का शत-प्रतिशत सैचुरेशन प्राप्त किया गया है। रांची रेल मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक अभिजीत बिस्वास ने अमृत भारत स्टेशन योजना और नए रेल सेवाओं की जानकारी दी।

नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक आनंद कुमार ने चार हजार करोड़ रुपये से अधिक अनुदान और पैक्स कंप्यूटरीकरण की जानकारी दी। एनटीपीसी लिमिटेड की कॉरपोरेट संचार कार्यकारी मोहिनी कुमारी ने नॉर्थ कर्णपुरा परियोजना और सीएसआर गतिविधियों की जानकारी साझा की।

बैठक में आकाशवाणी रांची, दूरदर्शन और अन्य केंद्रीय संस्थानों के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने विचार-विमर्श में सक्रिय भागीदारी की।

# रांची में पेट्रोल 100 रुपए के पार, पंपों पर लोगों की लगी लंबी कतार



● 30% तक कम सप्लाई, 56 में से करीब 16 पेट्रोल पंप ड्राई, कई जगह राशनिंग शुरू

**डीसी की अपील...**

जिला प्रशासन लगातार स्थित पर नजर बनाए हुए है। आम लोगों को पैनिक नहीं होना चाहिए। जितनी जरूरत है उतनी ही पेट्रोल-डीजल भरवाएं।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 3 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है। इसका असर रांची में भी दिखाई दिया, जहां पेट्रोल की कीमत बढ़कर 100.88 प्रति लीटर और डीजल 95.76 प्रति लीटर पहुंच गया है। पेट्रोल में 2.99 और डीजल में 3.11 प्रति लीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

हालांकि राजधानी रांची में पेट्रोल पंपों पर भीड़ और ईंधन संकट जैसी स्थिति कीमत बढ़ने से पहले ही शुरू हो चुकी थी। पिछले कुछ दिनों से ईंधन की सप्लाई प्रभावित होने के कारण शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग रही हैं। हटिया, कांके रोड, हरमू, लालपुर, डोरंडा, बूटी मोड़ और रातू रोड स्थित पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही भारी भीड़ देखी गई। हटिया पेट्रोल पंप पर वाहनों की कतार बिरसा चौक तक पहुंच गई।

लोगों का कहना है कि राजधानी के कई पेट्रोल पंपों पर या तो पेट्रोल उपलब्ध नहीं है या डीजल खत्म हो चुका है। कुछ जगह केवल पेट्रोल मिल रहा है, जबकि कुछ पंपों पर केवल डीजल की बिक्री हो रही है। जिन पंपों पर दोनों ईंधन उपलब्ध हैं, वहां वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

एक पेट्रोल पंप के मालिक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आज से हालत ठीक हो जाएगी। सारी अव्यवस्था के पीछे तेल डिपो का हाथ। दाम बढ़ने की उम्मीद में पंपों तक सप्लाई दो-तीन दिनों से रोक दी गई थी या कम कर दी गई थी,

### मिसयूज न हो इसलिए कर रहे कटौती : एसो.

रांची में ईंधन की सीमित आपूर्ति और बढ़ती मांग के बीच पेट्रोल पंप संचालकों ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल-डीजल की कटौती लोगों को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि ईंधन के "मिसयूज" और जमाखोरी को रोकने के उद्देश्य से की जा रही है। पेट्रोल डीलर एसोसिएशन छोटानागपुर के सचिव प्रशांत ने बताया कि कई लोग सामान्य जरूरत से अधिक पेट्रोल-डीजल खरीद रहे हैं। कुछ उपभोक्ता वाहनों की टंकी फुल कराने के साथ-साथ गैलन और अन्य कंटेनरों में भी ईंधन लेने की कोशिश कर रहे हैं। इससे सीमित स्टॉक तेजी से खत्म हो रहा है और आम उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि यदि सीमित वितरण नहीं किया जाए तो कुछ ही घंटों में अधिकांश पंप ड्राई हो सकते हैं। इसलिए प्रशासन और पंप संचालकों की कोशिश है कि उपलब्ध स्टॉक का संतुलित उपयोग हो और आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता मिलती रहे। लालपुर और बूटी मोड़ के कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। प्रशासन लगातार लोगों से अपील कर रहा है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल खरीदें। अधिकारियों का कहना है कि आपूर्ति सामान्य करने के प्रयास जारी हैं और आज हालत में सुधार दिखेगा।

## किशोर न्याय प्रणाली के 10 वर्षों पर राज्य स्तरीय परामर्श का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ के सेंटर फॉर चाइल्ड राइट्स द्वारा "किशोर न्याय प्रणाली के 10 वर्षों पर चिंतन" विषय पर राज्य स्तरीय परामर्श कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षाविदों, विधि विशेषज्ञों, प्रैक्टिशनर्स एवं बाल अधिकार क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लेते हुए भारत में किशोर न्याय प्रणाली के कार्यान्वयन, चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) अशोक आर पाटिल तथा डीन ऑफ फैकल्टी प्रो (डॉ) के श्यामला उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट पैनलिस्ट के रूप में प्रीति श्रीवास्तव (यूनिसेफ झारखंड), बिकास कुमार श्रीवास्तव, आशित कुमार मोदी, रिमझिम वैश्णवी, डॉ राजश्री वर्मा, डॉ अविनाश कुमार, डॉ. उत्कर्ष वर्मा, शुभम श्रीवास्तव, सोनी भोला, डॉ. जूलियन सील पसारी एवं डॉ. रवींद्र कुमार पाठक उपस्थित रहे।

परामर्श कार्यक्रम के दौरान किशोर न्याय अधिनियम 2015 के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें बाल संरक्षण, संस्थागत देखभाल और बाल अधिकारों को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करते हुए सुधार के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

# दवा नहीं होने पर डिस्पेंसरी प्रभारी का वेतन रोका

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को बारीकी से जांचा और मरीजों की समस्याओं को सीधे सुना। इस दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार साहू, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, सिविल सर्जन सदर डॉ प्रभात कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त श्री भजन्त्री ने वार्ड, इमरजेंसी, डिस्पेंसरी (फार्मेसी), किचन और ड्राई क्लीन क्षेत्र का क्रमवार निरीक्षण किया। सबसे अधिक ध्यान फार्मेसी की अनियमितता पर गया, जहां मरीजों की शिकायत पर उपायुक्त ने तत्काल सख्त रुख अपनाया।

डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाएं डिस्पेंसरी में उपलब्ध नहीं होती हैं। इस गंभीर शिकायत पर उपायुक्त ने डिस्पेंसरी प्रभारी को तत्काल शो-कॉज नोटिस जारी करने और अगले आदेश तक वेतन रोकने का कड़ा निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ओपीडी में आए मरीजों से उनके इलाज और अस्पताल व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। दो महिला मरीजों ने बताया कि डॉक्टरों द्वारा लिखी गई दवाएं डिस्पेंसरी में उपलब्ध नहीं होती हैं। इस गंभीर शिकायत पर उपायुक्त ने तुरंत एक मरीज की पर्ची ली और स्वयं डिस्पेंसरी पहुंचकर जांच की। जांच में पाया गया कि कुछ दवाएं उपलब्ध थीं, लेकिन शिकायत के बावजूद मरीजों को दवा नहीं दी जा रही थी। इस पर उपायुक्त ने डिस्पेंसरी प्रभारी को तत्काल शो-कॉज नोटिस जारी करने और अगले आदेश तक वेतन रोकने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क दवाएँ उपलब्ध कराना प्राथमिक दायित्व है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### फार्मेसी में दवाओं की अनियमितता पर सख्त कार्रवाई का दिया निर्देश

### किचन निरीक्षण में साफ-सफाई की कमी पाए गए



### किचन और अन्य व्यवस्थाओं पर दिए निर्देश

किचन निरीक्षण में साफ-सफाई की कमी पाए जाने पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि संबंधित केयर टेकर को शो-कॉज किया जाए और किचन को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मरीजों के परिजनों को गुणवत्ता पूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। वार्ड, इमरजेंसी और अन्य क्षेत्रों में भी आवश्यक सुधार के लिए कई अहम दिशा-निर्देश दिए गए श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने स्पष्ट कहा कि सदर अस्पताल रांची जिले का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है और यहाँ मरीजों को बेहतर सुविधाएँ मिलनी चाहिए।

## परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

रांची। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 (विज्ञापन संख्या-05/2026) के कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रांची जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास कड़े सुरक्षा एवं निषेधात्मक आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में अनुमंडल दंडाधिकारी सदर कुमार रजत ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की है। यह आदेश 17 मई 2026 को सुबह 07:00 बजे से रात 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। जिला प्रशासन ने बताया कि परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री और अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक द्वारा पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बावजूद इसके, आशंका जताई गई है कि कुछ असामाजिक तत्व भीड़ लगाकर व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं।

# सेवा कार्यों को समाज के हर वर्ग का सहयोग मिलना चाहिए : संजय

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में शुक्रवार को कमल साहू एवं उनके परिवार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 48 दिव्यांग निराश्रितों एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादारों को भोजन खिलाया गया। सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 1 से 15 मई तक 15 दिनों मे 3320 निराश्रितों एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरू कृपा अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार) में आनंद जायसवाल, पप्पू कुमार, अनिष्क नारायण, गरिमा कुमारी, मुकेश जाजोदिया, संदीप कश्यप, गोपी किशन बाजोरिया, आलोक कटारुका, गणेश प्रसाद, प्रतीक कुमार, संतोष देवी अग्रवाल, किरण देवी, मीरा अड्डूकिया, वेंकट कविता गाड़ोदिया के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसादी खिलाकर सेवा की गई।

## गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल व गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट का चुनाव कल

**रांची।** 17 मई को गुरूनानक हायर सेकेंडरी स्कूल, पीपी कंपाउंड एवं गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट कमड़े की प्रबंधक कमिटी का चुनाव होना है। चुनाव कार्य की जानकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी सरदार ज्योति सिंह मधारू ने देते हुए बताया कि दोनों कमिटियों का चुनाव कार्य पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक गुरूनानक हायर सेकेंडरी स्कूल, पीपी कंपाउंड के ऑडिटोरियम हॉल-2 में संपन्न कराया जाएगा। सदस्य निर्धारित समय के दौरान अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मतगणना अपराह्न 04:00 बजे से शुरू होगी और मतगणना पूर्ण होने तक लगातार जारी रहेगी। गुरूनानक हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रबंधक कमिटी के लिए सिख सेवा फोरम एवं खालसा ग्रुप के 15-15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट, कनके रांची के लिए सिख सेवा फोरम के 15 प्रत्याशी, खालसा ग्रुप के 9 प्रत्याशी तथा एक प्रत्याशी निर्दलीय के रूप में चुनाव में भाग ले रहे हैं। मतदान के दौरान सभी सदस्यों को 15 सदस्यों का चयन करना अनिवार्य होगा। यदि कोई सदस्य दोनों में से किसी भी संस्था के लिए 15 से अधिक या 15 से कम प्रत्याशियों को वोट देता है तो उसका मतदान अमान्य माना जाएगा।

## बाइक सवार को बचाने में पलटी जिला खेल पदाधिकारी की गाड़ी

**रांची।** मेकॉन के रोज गार्डन के पास शुक्रवार की सुबह में जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के समय गाड़ी में जिला खेल पदाधिकारी मौजूद नहीं थे। बताया गया कि वाहन श्यामली स्कूल से उनके बच्चे को लेने गया था। हादसे में गाड़ी में बैठे बच्चे को हल्की चोट लगी। बड़ा हादसा नहीं हुआ। ड्राइवर के अनुसार, अचानक सामने आए बाइक चालक को बचाने के प्रयास में वाहन का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी पलट गई।



## बड़ा तालाब में युवती ने लगाई छलांग, लोगों ने बचाई जान

**रांची।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बड़ा तालाब के पास शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी और सनसनी फैल गई, जब एक युवती ने अचानक तालाब में छलांग लगा दी। युवती की पहचान विद्यानगर की रहने वाली के रूप में की गई है। गनीमत यह रही कि मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाई, जिससे युवती की जान सुरक्षित बचा ली।

## मारवाड़ी युवा मंच ने पशुओं के लिए किया जल नाद स्थापित

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्षा शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में तिरुपति बालाजी मंदिर, नियर पहाड़ी मंदिर में जीव दया कार्यक्रम के अंतर्गत 'जीव अमृत धारा' के तहत बेसहारा पशुओं एवं गौ माता के लिए पानी पीने हेतु नाद स्थापना सेवा कार्य संपन्न किया गया।

रांची समर्पण शाखा की सदस्याओं ने भीषण गर्मी को देखते हुए पशु-पक्षियों एवं बेसहारा गौवंश के लिए जल व्यवस्था करने के उद्देश्य से नाद स्थापित कर उसमें पानी भरने की व्यवस्था की तथा गौ सेवा, प्रभु सेवा का संदेश दिया। संदेशः "जीव अमृत धारा से तृप्त हो गौ माता, मानव सेवा का यही है सच्चा नाता। इस अवसर पर अध्यक्षा शुभा अग्रवाल, सचिव रेखा राईका, वर्षा धानुका सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं एवं सभी ने इस पुण्य कार्य में उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दी।

### सेल-आरडीसीआईएस की सीएसआर पहल

## दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के आरडीसीआईएस विभाग द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत एलिम्को के सहयोग से सीआरसी में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से सहायक उपकरणों का निशुल्क वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना रहा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अंजना देवा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उज्ज्वल भास्कर, के. एस. साहा, प्रभात कुमार हेरो, पंकज, अनूपम प्रकाश, संजय मंडल तथा सूर्य मणि प्रसाद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत कार्यरत एलिम्को के सहयोग से आयोजित इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सुरक्षित, सम्मानजनक और उत्पादक जीवन प्रदान करना है।

## कृषि अभियंत्रण में 'अभिव्यक्ति' का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय में दो दिवसीय कल्चरल फेस्ट 'अभिव्यक्ति' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 5 थीम- ललित कला, संगीत, नृत्य, साहित्य एवं नाटक के अंतर्गत 18 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपने विचारों, मनोभावनाओं और अनुभवों को शब्दों, संकेतों, कला, चित्र, नाटक, भाषण आदि के माध्यम से अभिव्यक्त करने का मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में 120 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिन्हें विविध स्पर्धाओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। जागृति चौहान, आयुष जामुदा, अनामिका कुमारी, अरविंद कुमार, प्रत्यूष कुमार, ईशिका कुमारी तथा तनु मुंडा का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने किया। कृषि संकाय के डीन डॉ डीके शाही, कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के सह अधिष्ठाता प्रो डीके रूसिया एवं डीएसडब्ल्यू डॉ बीके अग्रवाल भी उपस्थित रहे। आयोजन में संकाय के शिक्षकों डॉ एसके पांडेय, डॉ अल्पना दूबे, डॉ छाया, गौरव साहू, डॉ नीति तिर्की, वंदना चौबे एवं डॉ रश्मि यादव की सक्रिय भूमिका रही।

**आज / कल**




### रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना है मुख्य उद्देश्य

# सरकारी स्कूलों में 19 से 21 मई तक लगेगा समर कैंप

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से राज्य के सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में 19 से 21 मई तक तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। "सीखें, खेलें, सृजन करें" थीम पर आयोजित इस समर कैंप में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।

परिषद की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, राज्य में 22 मई से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इससे पहले विद्यार्थियों को खेल, कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से यह विशेष समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। कैंप के सफल संचालन की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रधान को दी गई है। सभी विद्यालयों को पूर्व तैयारी, प्रचार-प्रसार और प्रतिदिन गतिविधियों की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया है।

समर कैंप के पहले दिन 19 मई को खेल के साथ फिटनेस एवं सृजन के संग बचपन थीम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। इस दिन योगाभ्यास, फिटनेस गतिविधियां, दौड़, रस्सीकूद और पारंपरिक खेल कराए जाएंगे। इसके अलावा स्थानीय संस्कृति से जुड़े खिलौनों और कलाकृतियों के निर्माण की गतिविधियां भी कराई जाएंगी ताकि विद्यार्थियों में रचनात्मकता का विकास हो सके।

दूसरे दिन 20 मई को खेल कौशल और पोस्टर मेकिंग गतिविधियों पर विशेष जोर रहेगा। विद्यार्थियों के बीच कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और खेल भावना जैसे विषयों पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता भी कराई जाएगी। विद्यालय बैंड और समूह गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा। समर कैंप के अंतिम दिन 21 मई को नृत्य कला एवं कला-संस्कृति विषय पर आधारित कार्यक्रम होंगे।

## जनगणना-2027 : आज से शुरू होगा डोर-टू-डोर मकान गणना एवं सूचीकरण कार्य

**रांची।** जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अब 16 मई से 14 जून 2026 तक हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) एवं मकानों की गणना/सूचीकरण का कार्य संचालित किया जाएगा। इस चरण में जनगणनाकर्मी घर-घर जाकर मकानों एवं परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारियां संग्रहित करेंगे। आधिकारिक किट का किया गया वितरणः जनगणना 2027 की तैयारी के अंतर्गत प्रवेक्षकों एवं प्रगणकों को शुक्रवार को निगम कार्यालय में आधिकारिक किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनगणना प्रक्रिया को सुचारू, सटीक और समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त संजय कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस अभियान को मिशन मोड में संचालित करने की अपील करते हुए कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। इसके आंकड़ों के आधार पर भविष्य की नीतियां एवं योजनाएं तैयार की जाती हैं। रांची नगर निगम शहरवासियों से अपील किया है कि जब जनगणनाकर्मी डोर-टू-डोर सर्वे के लिए उनके घर पहुंचे।

### मांडर टोल प्लाजा का फिर झटका, एक महीने में दूसरी बार बढ़ा टैक्स

# टोल टैक्स बढ़ने से आम लोगों में नाराजगी व्यवसायियों पर भी पड़ रहा है असर

नवीन मेल संवाददाता




**मांडर।** रांची-गुमला मार्ग पर सफर करने वाले वाहन चालकों को फिर बड़ा झटका लगा है। मांडर टोल प्लाजा पर एक महीने के अंदर दूसरी बार टोल टैक्स बढ़ा दिया गया है। पहले 1 अप्रैल को प्रति वाहन 5 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी, और अब 1 मई से फिर टोल दरों में भारी इजाफा कर दिया गया है। इस बार बढ़ोतरी इतनी ज्यादा है कि अलग-अलग वाहनों पर 40 रुपये से लेकर 275 रुपये तक अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इस फैसले के बाद रोज इस रास्ते से आने-जाने वाले लोगों, ट्रांसपोर्टरों और व्यवसायियों में नाराजगी बढ़ने लगी है। लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ते टोल टैक्स से सफर करना अब जेब पर भारी पड़ने लगा है।

**कार, जीप और वैन वालों को भी बड़ा झटका**

मांडर टोल प्लाजा के मैनेजर अभिषेक साहू के मुताबिक, कार, जीप, वैन और दूसरे हल्के निजी वाहनों के लिए पहले सिंगल जर्नी का टोल 80 रुपये था, जो अब बढ़कर 120 रुपये हो गया है। यानी सीधे 40 रुपये की बढ़ोतरी। वहीं, उसी दिन वापसी यानी सेम डे रिटर्न जर्नी के लिए पहले 115 रुपये देने पड़ते थे, अब इसके लिए 180 रुपये चुकाने होंगे।

**कॉमर्शियल वाहनों पर और ज्यादा असर**

कमर्शियल वाहन और लाइट गुड्स व्हीकल के लिए भी टोल दरों में अच्छी-खासी बढ़ोतरी की गई है। पहले जहां सिंगल जर्नी के लिए 125 रुपये लगते थे, अब 195 रुपये देने होंगे। वहीं रिटर्न जर्नी का शुल्क 190 रुपए से बढ़ाकर 290 रुपए कर दिया गया है। बस और ट्रक ऑपरेटरों के लिए भी यह बढ़ोतरी कम नहीं है। पहले सिंगल ट्रिप के लिए 265 रुपए लगते थे, अब 405 रुपये देने होंगे। सेम डे रिटर्न का शुल्क 395 रुपए से बढ़कर 610 रुपए हो गया है।

**बड़े वाहनों पर सबसे ज्यादा मार**

श्री एक्सल कमर्शियल व्हीकल के लिए सिंगल जर्नी का शुल्क 285 रुपये से बढ़ाकर 445 रुपये कर दिया गया है, जबकि रिटर्न जर्नी 430 रुपए से बढ़कर 665 रुपये पहुंच गई है। चार से छह एक्सल वाले भारी वाहनों के लिए पहले सिंगल ट्रिप 410 रुपये में होती थी, अब इसके लिए 635 रुपये देने होंगे। वहीं रिटर्न जर्नी का शुल्क 620 रुपए से बढ़कर 955 रुपये हो गया है।

## सिल्ली में प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक, संगठन को मजबूत करने पर चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा के निर्देशानुसार सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक छोटा मुरी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने की। बैठक में संगठन को प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के महासचिव प्रकाश मुंडा, सैय्यद कमर आलम, भगीरथ महतो, श्रीप्रसाद बड़ाईक, शमशेर आलम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशीष दत्ता एवं सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

## दृष्टिपात

### जेपीएससी परीक्षा को लेकर रांची प्रशासन सतर्क, 64 केंद्रों पर होगी परीक्षा



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) द्वारा आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2025 (विज्ञापन संख्या-05/2026) को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर समाहरणालय परिसर में केंद्राधीक्षकों के साथ ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक ने परीक्षा संचालन के सभी चरणों में सतर्कता, अनुशासन और समयबद्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। प्रशासन ने बताया कि 17 मई 2026 को परीक्षा रांची जिले के 64 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित होगी। सभी केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत सभी केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती, ट्रैफिक नियंत्रण, चिकित्सा दल, एंबुलेंस और अग्निशमन सेवा की व्यवस्था की गई है। साथ ही अफवाहों और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की शुचिता और गरिमा बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सरस्वती विद्या मंदिर में दादा-दादी एवं नाना-नानी को दिया गया सम्मान



**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर, प्राथमिक खंड धमधमियां में शुक्रवार को माध्यमिक एवं प्राथमिक खंड के संयुक्त तत्वावधान में दादा-दादी एवं नाना-नानी सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रघुवंशनारायण सिंह तथा अतिथि महेंद्रप्रसाद यादव, राघवेंद्र पासवान एवं मिथिलेश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य, नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान दादा-दादी, नाना-नानी, माता-पिता एवं अन्य अभिभावकों का पूजन एवं सम्मान किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत छठ पूजा की झांकी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। रघुवंशनारायण सिंह ने कहा कि परिवार के बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के सम्मान से परिवार में संस्कार विकसित होते हैं तथा आज टूटते पारिवारिक संबंधों को बचाने के लिए पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करना आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष महेंद्रप्रसाद यादव ने कहा कि पुरानी परंपराओं एवं संस्कारों को बनाए रखने के लिए बच्चों को बड़े-बुजुर्गों की बातों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वेश-भूषा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित होने चाहिए, ताकि बच्चों में संस्कार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समन्वय बना रहे।

## कम्यूनिटी सेंटर की कार्यप्रगति की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को को गेतलसूद डैम परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा बनाये जा रहे कम्यूनिटी सेंटर की कार्यप्रगति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था तथा पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी रांची, प्रभारी उपविकास आयुक्त-सह-परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्त्ता रांची, अनुमण्डल पदाधिकारी सदर, जिला अभियंता, जिला खेल पदाधिकारी, संबंधित अंचल अधिकारी, स्वर्ण रेखा विद्युत परियोजना के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मांडर महाविद्यालय में स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**मांडर।** महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को नर्सिंग कौशल कॉलेज द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षु नर्सों एवं डॉक्टरों द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण (हेल्थ चेक-अप) किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ केपी साही ने कहा कि इस प्रकार की स्वास्थ्य कार्यशालाओं का आयोजन महाविद्यालय में लगातार किया जाएगा, ताकि छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और जागरूकता मिल सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ पवन कुमार दास, प्रिया सोरेंग, कुमारी नेहा सहित सभी कर्मचारियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# गार्डवाल नहीं होने से सूखी नहर में गिरी बाइक, तीन की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के ककरिया-फतेहपुर मार्ग पर पोकटा नहर पुल के नीचे बाइक सहित गिरने से तीन बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। मृतकों में 33 वर्षीय मस्कलन टोप्पनो पिता स्वर्गीय हरदुगन टोप्पनो उलगाडा. पतराटोली, 37 वर्षीय नमन गुड़िया पिता जोलेन गुड़िया ग्राम कोनेरा थाना रनिया खूंटी तथा 38 वर्षीय सलन होरो पिता प्रेमचंद होरो ग्राम चालंगी बड़का टोली थाना लापुंग शामिल हैं। मस्कलन टोप्पनो के पिता हरदुगन टोप्पनो की मौत के बाद उन्हें मिट्टी देने के बाद गम भुलाने के लिए तीनों रिश्तेदार और दोस्त नमन गुड़िया के मामा के घर कारूम गांव आए थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार नमन गुड़िया एवं मस्कलन टोप्पनो (दोनों साला-बहनोई) एवं उनके दोस्त सलन होरो तीनों युवक एक ही बाइक में सवार होकर गुरूवार को शाम लगभग पांच बजे कारूम गांव आए थे। यहां तीनों युवकों ने मस्कलन टोप्पनो के पिता की मौत का गम भुलाने के लिए कारूम गांव में अपने परिजनों के घरों पर गए और अपने दुखों को गांव वालों के साथ साझा किया। कारुम में रात लगभग आठ बजे जब तीनों युवक लौटने लगे तो नमन गुड़िया के मामा सबन होरो और हेरन होरो के साथ साथ रिश्तेदार प्रकाश होरो ने उन्हें लौटने से मना किया बल्कि उनकी गाड़ी की चाभी भी छीन ली कहा कि रात में जाना ठीक नहीं। लेकिन तीनों युवकों ने उनकी बात नहीं मानी और कारुम से रात लगभग आठ बजे एक ही बाइक में सवार होकर उलगाडा. पतराटोली लौटने लगे। लौटने के क्रम में तीनों युवक बाइक पर सवार होकर तेज रफ्तार से अपने गांव लौटने लगे तभी पोकटा गांव के समीप नहर पर बने पुलिया और जेड आकार के खतरनाक सड़क पर पुल के गार्डवाल से टकराकर सुखी हुई नहर में बाइक सहित नीचे गिर गए। जहां भीषण सड़क दुर्घटना में तीनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे रात की बताई जा रही है। सुनसान इलाका होने के कारण देर से घटना की जानकारी लापुंग पुलिस को मिली। लापुंग पुलिस ने तीनों युवकों के शव का पंचनामा कर शव को अपने साथ देर रात में ही थाना ले गए। जहां शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए शवों को रिम्स भेज दिया गया। लापुंग के थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी और तीनों शवों व दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर थाना ले आयी थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना की सूचना मिलते ही तीन अलग-अलग गांवों में मातम पसर गया। मस्कलन की मां का रो रोकर हाल बेहाल हो गया है। एक दिन पहले उसने अपना पति खो दिया दूसरे दिन बेटा और दामाद का एक्सीडेंट में मौत से वह विचलित हो गई है। वहीं अन्य मृतकों के परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

### अबुआ अधिकार मंच के सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री

## पर्यावरण को अहमियत देने से ही प्रकृति भी संतुलित रहेगी

**रांची।** सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि पर्यावरण को प्राथमिकता देने से ही प्रकृति संतुलित रह सकती है। वे शुक्रवार को अबुआ अधिकार मंच के बैनर तले आयोजित सेमिनार सह साझा संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध पर्यावरणविद एवं जल संरक्षण के लिए 'जलपुरुष' के नाम से जाने जाने वाले राजेंद्र सिंह सहित कई विशेषज्ञों ने पर्यावरण संकट और समाधान पर विस्तार से विचार साझा किए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पेड़-पौधों का संरक्षण ही जल संरक्षण की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है और हर नागरिक को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए तथा उसका संरक्षण भी करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विदेशी प्रजातियों के पौधों से बचना चाहिए और स्थानीय वृक्षों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने बताया कि देश में 147 कोयला खदानों को बंद करने का निर्णय लिया गया है और प्रभावित रैयतों को उनकी जमीन के बदले पुनर्वास एवं रोजगार के लिए स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाएगा। राजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में झारखंड के जल संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य में भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है और लगभग 60 प्रतिशत जल भंडार खाली हो चुका है। उन्होंने कहा कि यदि बारिश के पानी को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने राजस्थान में अपने जल संरक्षण प्रयासों का उदाहरण देते हुए बताया कि हजारों छोटे बांधों और जल संरचनाओं से जल संकट को काफी हद तक कम किया गया है।

### खलारी के नए थानेदार रामकुमार वर्मा ने संभाला कार्यभार

**खलारी :** खलारी थाना के नए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा ने शुक्रवार को विधिवत कार्यभार संभाल लिया। इससे पूर्व वे बुंडू थाना में थाना प्रभारी के पद पर कार्यरत थे। वहीं खलारी के पूर्व थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो का स्थानांतरण बुंडू थाना प्रभारी के रूप में किया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद रामकुमार वर्मा ने कहा कि पुलिस और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खलारी क्षेत्र में कानून व्यवस्था से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनता के सहयोग से ही क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सकता है।

### मगध परि. का कमेटी ने किया निरीक्षण

## ठेका श्रमिकों की समस्याओं व सुविधाओं की हुई समीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**पिपरवार।** अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष सह हाई पावर कमेटी (HPC) सदस्य माननीय संजय कुमार चौधरी के मगध परियोजना आगमन पर ठेका (कांट्रैक्ट) श्रमिकों से संबंधित विभिन्न समस्याओं, सुविधाओं एवं वैधानिक प्रावधानों को लेकर हाई पावर कमेटी की टीम द्वारा विस्तृत निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। निरीक्षण के दौरान हाई पावर कमेटी की टीम ने परियोजना क्षेत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों की कार्य परिस्थितियों, सुरक्षा व्यवस्था, वेतन भुगतान, उपस्थिति पंजी, श्रम कानूनों के अनुपालन तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों एवं अभिलेखों की गहन जांच की। इस अवसर पर संजय कुमार चौधरी ने कहा कि ठेका श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा एवं उन्हें बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना भारतीय मजदूर संघ की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को श्रमिक हित से जुड़े मामलों में गंभीरता बरतने एवं सभी वैधानिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने की बात कही।

### रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सीढ़ी निर्माण की मांग को लेकर झामुमो ने सौंपा ज्ञापन

**खलारी।** झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष श्यामजी महतो के नेतृत्व में शुक्रवार को रेल मंडल प्रबंधक धनबाद, खलारी स्टेशन मास्टर एवं पूर्व मध्य रेलवे के वरीय अधिकारियों को आमजन की सुविधा से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से खलारी रेलवे ओवरब्रिज के नीचे उत्तरी एवं दक्षिणी दिशा में सीढ़ी निर्माण कराने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि रेल लाइन विस्तारीकरण कार्य के दौरान ओवरब्रिज के नीचे गड्ढा कर दिया गया है, जिससे स्कूली छात्रों, बाजार आने-जाने वाले लोगों तथा आसपास के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में यहां एक मुख्य सड़क थी, जिससे लोगों एवं वाहनों का नियमित आवागमन होता था। झामुमो नेताओं ने कहा कि कई वर्ष पहले ओवरब्रिज का निर्माण तो कर दिया गया।

### डालसा ने गोड़ाडीह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम में योजनाओं की दी जानकारी



**सिल्ली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रांची (डालसा) के तत्वावधान में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत सिल्ली प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत स्थित गोड़ाडीह गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश तथा न्यायायुक्त रांची अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव राकेश रौशन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डालसा के पीएलवी शंकर महतो, कौशल्या देवी, बंशीधर घटवार, राजकुमार महतो, पंकज कुमार महतो, सुनील कुमार महतो, ब्रजेश कुमार महतो सहित सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे। पीएलवी सदस्यों ने ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि "प्रोजेक्ट तृप्ति" का उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्ग गरीब, असहाय और आदिम जनजाति समुदायतक सहायता पहुंचाना और भूख एवं कुपोषण जैसी समस्याओं को कम करना है।
कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल श्रम, नशा उन्मूलन, डायन-बिसाही जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता फैलाई गई।

### रूडसेट संस्थान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ, कौशल रोजगार का मिलेगा मौका

**सिल्ली।** रूडसेट संस्थान सिल्ली में श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट और केनरा बैंक द्वारा संचालित 30 दिवसीय एवं 10 दिवसीय फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी तथा वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।
कार्यक्रम का उद्घाटन नेहा तिर्की ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और वाणिज्यिक बागवानी जैसे कौशल आज के समय में स्वरोजगार के मजबूत माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि 30 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को कैमरा संचालन, वीडियो शूटिंग, एडिटिंग, लाइटिंग, फ्रेमिंग तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्य करने की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। वहीं वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण के तहत उन्नत खेती तकनीक, नर्सरी प्रबंधन, फल-फूल एवं सब्जियों की व्यावसायिक खेती, बाजार प्रबंधन और आयवर्धन के उपायों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के कई युवक-युवतियां भाग ले रहे हैं, जिन्होंने इसे अपने भविष्य के लिए लाभकारी बताया और अधिकतम सीख प्राप्त करने का संकल्प लिया। संस्थान की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी 30 दिनों तक नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्थान के वरिष्ठ संकाय सदस्य अनिल कुमार, रमेश कुम्हार एवं सुनील मुंडा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**अच्छी पहल** — समाहरणालय अवस्थित कार्यालयों का डीसी ने किया औचक निरीक्षण

# अनुकंपा पर नियुक्त कर्मियों को प्रशिक्षण देने पर जोर

- **डीसी ने कार्यरत कर्मियों के टेबल पर स्पष्ट रूप से नेम प्लेट प्रदर्शित करने तथा प्रत्येक कर्मी के लिए पहचान पत्र धारण करने की भी जांच की**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** शुक्रवार शाम 04:35 बजे उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाहरणालय स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलग-अलग कार्यालयों में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। अनुपस्थित पाए गए कर्मियों के संबंध में यह भी सत्यापित किया गया कि उनके द्वारा अवकाश के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है अथवा नहीं। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि कार्यालयों में अनुशासन एवं समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करना प्रशासनिक कार्यसंस्कृति की प्राथमिक आवश्यकता है।
निरीक्षण के दौरान सभी कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों के टेबल पर स्पष्ट रूप से नेम प्लेट प्रदर्शित करने तथा प्रत्येक कर्मी के लिए पहचान पत्र धारण करने की भी जांच की। पंचायती राज कार्यालय में एक लिपिक के पहचान पत्र धारण नहीं करने पर उन्होंने शोकॉज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को कार्यालय में आने पर संबंधित कर्मी की पहचान में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

**अनुकंपा पर नियुक्त कर्मियों को कार्य प्रशिक्षण देने पर जोर**

विभिन्न कार्यालयों में अनुकंपा के आधार पर पदस्थापित कर्मियों को दिये गये कार्यों की भी उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा जानकारी ली गयी। उन्होंने संबंधित कार्यालय प्रधानों से जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि ऐसे कर्मियों को कार्यालय के कार्यों की समुचित जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जाये, ताकि वे दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढंग से कर सकें। अग्निशामक यंत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिला नजारत उपसमाहर्त्ता को निर्देश दिया कि सभी तल्लों में अग्निशामक यंत्रों का अधिष्ठापन सुनिश्चित किया जाये तथा यह भी देखा जाये कि सभी यंत्र पूरी तरह फंक्शनल हों। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी।

**समाहरणालय परिसर की सुरक्षा और जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा**

मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा समाहरणालय भवन की छत का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल निकासी व्यवस्था को सुचारु रखने का निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए पानी जमा होने की स्थिति नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने चौकीदारों को 24 घंटे समाहरणालय परिसर की निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। निरीक्षण के दौरान मंजूनाथ भजन्त्री की नजर तीसरे तल्ले में खड़े एक व्यक्ति पर पड़ी। पूछताछ करने पर उसने बताया कि निर्मल आवास परिसर में रहने वाले कुष्ठ पीड़ित समाज के लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित पदाधिकारी को वहां बोरिंग कराने का निर्देश दिया।
समाहरणालय में अन्य व्यवस्था का जायजा लेते हुए भी उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इस दौरान अपर जिला दण्डाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने सहकारिता विभाग की जिला स्तरीय समितियों की बैठक की

# अस्वीकृत आवेदनों के मामलों में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश

**● डीसी ने कहा- किसानों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराया जाए**

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में सहकारिता विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति, जिला सहकारिता विकास समिति एवं सिद्धू कानू कृषि एवं वन उपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड के निर्देशक परिषद की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2025 से संबंधित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों के सत्यापन उपरांत स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में कुल 7392 आवेदनों में से 7044 आवेदनों को स्वीकृत करने पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसका क्षेत्रफल 3741.99 हेक्टेयर है। वहीं विभिन्न तकनीकी एवं दस्तावेजीय त्रुटियों के कारण 348 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्वीकृत एवं संशोधित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा अस्वीकृत आवेदनों के मामलों में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराया जाए तथा सभी प्रक्रियाओं में निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कृषि ऋण वितरण, उर्वरक उपलब्धता, पैक्स संचालन, धान अधिप्राप्ति, सदस्यता विस्तार एवं सहकारिता आधारित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने हेतु समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सहकारी समितियों के नियमित संचालन, वित्तीय अनुशासन एवं लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी समितियां पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें ताकि आमजनों का विश्वास सहकारिता व्यवस्था पर और मजबूत हो। जिला सहकारिता विकास समिति की बैठक में उपायुक्त ने जिले में सहकारिता गतिविधियों के विस्तार, किसानों की सहभागिता बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया।

## भुरकुंडा की तीन पंचायतों में जल संकट गहराया, विधायक ने समाधान के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** रीवर साइड भुरकुंडा क्षेत्र अंतर्गत बुधबाजार चीप हाउस, दोतल्ला एवं इमलीगाछ पंचायतों में पिछले लगभग दस दिनों से जलापूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पतरातु डैम से होने वाली जलापूर्ति बिजली कटौती और लगातार आंधी-बारिश के चलते प्रभावित हो गई है। जिससे सीसीएल द्वारा संचालित पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। क्षेत्र में उत्पन्न गंभीर पेयजल संकट को देखते हुए बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने जिला उपायुक्त ऋतुराज से दूरभाष पर वार्ता कर तत्काल समाधान की मांग की। विधायक ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच जल संकट से आमजन काफी परेशान हैं। इसलिए प्रशासन और संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए। इस संबंध में जिला उपायुक्त ने बरका-सयाल सीसीएल के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह एवं विद्युत अधीक्षण अभियंता साकल हेम्ब्रम से वार्ता कर समस्या के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। विधायक ने विद्युत विभाग को क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा सीसीएल प्रबंधन को क्षतिग्रस्त एवं लिकेज पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत कराने को कहा। इसके अलावा विधायक ने बरका-सयाल सीसीएल के एसओसी सिविल विभाग को निर्देश दिया कि नियमित जलापूर्ति बहाल होने तक प्रभावित पंचायतों में टैंकरों के माध्यम से पर्याप्त एवं नियमित पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। जिला उपायुक्त ऋतुराज ने विधायक को आश्वस्त किया कि प्रशासन इस समस्या को गंभीरता से ले रहा है तथा जल्द से जल्द जलापूर्ति बहाल कर पंचायतवासियों को राहत पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है।

## दृष्टिपात

### बिजली की आंख मिचौली से लोग बेहाल उमस भरी गर्मी बनी आफत



**बरकट्ठा।** बिजली विभाग की मनमानी तरीके से बिजली कटौती और इस उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल हैं। बिजली कटौती से बिजली विभाग के प्रति लोंगो में भारी रोष व्याप्त है। उपभोक्ताओं का गुस्सा उबाल पर है जो कभी भी फुट सकता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली बिल विलंब होने पर तुरंत कनेक्शन काट दिये जाने के साथ जुर्माना भी लगाया जाता है। इधर बिजली कटौती पर विभाग की चुपी और मनमानी रवैया चल रहा है। इस रवैये के खिलाफ अब सड़क पर ही आंदोलन के लिए लोग मूड बनाने लगे हैं। बताया जा रहा है कि दो दिनों से लगातार बिजली कटौती कर महज सात घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। मालूम हो कि बिजली कटौती से लोंगो के इन्वर्टर भी फेल हो चुके हैं। बिजली कटौती से सबसे बड़ी मार ठंडा पेय पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों को झेलना पड़ रहा है। लोग चर्चा करने लगे हैं कि सामुहिक तौर पर क्लस्टर वाइज बनाकर सोलर सिस्टम आपसी आर्थिक सहयोग से कर बिजली विभाग को बाय बाय करना होगा। सोलर एनर्जी को विकसित करने को लेकर उपभोक्ता इसकी तैयारी को लेकर मन बना रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल



**रामगढ़।** फोरलेन मार्ग अंतर्गत चुट्टूपालू घाटी में शुक्रवार को सड़क दुघर्टना में वाहन चालक की मौत हो गई । वहीं, खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया । बताया जाता है कि मछली लदा ट्रक एपी16 टीई 6607 रांची से रामगढ़ की ओर आ रहा था। उसी दौरान गंड़के मोड़ के समीप ट्रक ने किसी अज्ञात वाहन के पीछे जबरदस्त टक्कर मार दिया । दुर्घटना में ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि ट्रक पर लदी मछलियां आगे की तरफ से सड़क पर जा गिरी। दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन का चालक वाहन लेकर भाग निकला। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक और खलासी को बाहर निकाला गया और सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया।

### भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ, लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा स्थित दुर्गा मंदिर के समीप गुप्ता परिवार द्वारा नवनिर्मित राधाकृष्ण मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के समापन के अवसर पर आयोजित विशाल भंडारा में अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग झारखंड, पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव सपरिवार समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान श्री यादव व अन्य लोगों ने भगवान राधाकृष्ण की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महायज्ञ की पूर्णाहूति के बाद आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।वहीं भक्ति और श्रद्धा के इस संगम ने पूरे बरकट्ठा क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया ।

### असामाजिक तत्वों ने विद्यालय में की तोड़फोड़, विद्युत उपकरण व गमले को पहुंचाया नुकसान



**बरकट्ठा।** गंगपाचो गांव स्थित पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय में असमाजिक तत्वों के द्वारा तोड़-फोड़ करने का मामला सामने आया है। इस बाबत प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश प्रसाद ने बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत किया है। जिसमें बताया है कि 14 मई की रात असमाजिक तत्वों के द्वारा विद्यालय की चारदीवारी फांद अंदर प्रवेश कर तोड़-फोड़ किया गया। बताया की शुक्रवार 15 मई की सुबह विद्यालय पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। विद्यालय परिसर में रखें दो दर्जन से अधिक पेड़-पौधे के गमला को तोड़ दिया गया है। साथ ही विद्यालय वर्ग कक्ष में लगे बिजली के बल्ब, स्विच बोर्ड को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। तोड़-फोड़ की घटना में हजारों रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है और छात्रों के बीच असुरक्षा का माहौल है।

### डेली मीटिंग के तहत सभी थाना और ओपी में बैठक करने का दिया गया निर्देश




**रामगढ़ ।** शुक्रवार को सभी थाना, ओपी प्रभारी द्वारा नई पहल डेली मीटिंग के तहत थाना, ओपी में प्रतिनियुक्ति सभी पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ बैठक की गई। बैठक में पिछले दिन दिये गये टास्क की समीक्षा की गई तथा टास्क ऑफ द डे का निर्धारण किया गया ताकि विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण, कांड के अनुसंधान एवं उद्भेदन में तेजी लाया जा सके। क्षेत्र में हो रही लूट, चोरी, छिनतई आदि घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस मामले में हर पुलिस कर्मियों को सतर्क होकर काम करने की जरूरत है ताकि पुलिस की ओर लोगों का विश्वास जम सके और उन्हें सहयोग कर सके। एसपी के निर्देश पर हर थाना और ओपी में क्राइम मीटिंग करने अनिवार्य है। जिस तरह से पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास पूरी तरह से जम नहीं रहा है जिसे लेकर हमलोगों को जनता के प्रति विश्वास उजागर करना है। अगर पुलिस प्रशासन हर तरफ से सतर्क रहेगी तो लोग भी सुरक्षित रहेंगे और चैन की सांसद लेंगे क्योंकि लूट कांड की घटना पर अंकुश् लग सके और क्राइम का ग्राफ हम हो सके।

## श्री अग्रसेन स्कूल में समर कैंप में बच्चों ने की मौज-मस्ती



**भुरकुंडा।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल समर कैंप फन फूड मस्ती का समापन शुक्रवार को हुआ। बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई गई। मेडिटेशन, योग, पेपर क्राफ्ट, लीफ क्राफ्ट, पेंटिग, म्यूज़िकल चेयर, चम्मच दौड़, स्टोरी टेलिंग, पपेट शो क्विज आदि एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों में उत्साह का संचार किया गया। जुम्बा और डांस में बच्चों ने भरपूर मस्ती की।बच्चों में पर्यावरण के प्रति समझदारी विकसित करने के लिए समर कैंप के दैरान क्यारी सजावट और पौधरोपण की एक्टिविटी कराई गई। साथ ही खेल-खेल में बच्चों को कहानी और कविता भी याद कराई गई। स्कूल के प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि समर कैंप बच्चों के मन से पढ़ाई के डर को दूर करता है। उन्हें नई गतिविधियां सीखने को मिलती है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में दूसरों की मदद करने का भाव जागृत होता है। समर कैंप बच्चों के मानसिक, संवेदनात्मक विकास के जरूरी होता है। साथ ही बच्चों में अच्छे गुणों और सही संस्कार का बीज बोने का यही सही वक्त होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में करुणा राजगढ़िया, सोनम खातून, प्रीति कुमारी, सलोनी राणा सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायल ग्राम गयपहाड़ी निवासी सुरेश प्रसाद (36 वर्ष) की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक मुन्नी महतो के पुत्र थे। जानकारी के अनुसार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सुरेश प्रसाद को बरकट्ठा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी अस्पताल पहुंचीं और शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

### मईयां सम्मान सत्यापन शिविर में उमड़ी महिलाओं की भीड़,

## पंचायत सचिवालयों में दिनभर लगी रही कतारें

**● सूचीबद्ध लाभुकों का ही हो रहा सत्यापन, नई आवेदिकाएं भी पहुंचीं पंजीकरण की उम्मीद लेकर**

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** प्रखंड के सभी 20 पंचायतों में शुक्रवार से मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए तीन दिवसीय भौतिक सत्यापन शिविर की शुरुआत हुई। पहले ही दिन पंचायत सचिवालयों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही लाभुक आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी समेत आवश्यक दस्तावेज लेकर सत्यापन के लिए पहुंचने लगीं । कोनरा, बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, करियातपुर, गौरियाकरमा सहित कई जगह लंबी कतारें देखने को मिलीं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पंचायत सचिवालयों में सत्यापन हेतु चयनित लाभुकों की सूची चस्पा की गई थी। प्रखंड कार्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि केवल सूचीबद्ध लाभुकों का ही भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके बावजूद कई महिलाएं ऐसी भी पहुंचीं जिनका नाम सूची में शामिल नहीं था। वे जानकारी लेने और नाम जुड़वाने के लिए पंचायत सचिवालयों का चक्कर लगाती नजर आईं। इधर, कई नई महिलाएं भी योजना में पंजीकरण की उम्मीद लेकर सचिवालय पहुंचीं, लेकिन निर्धारित प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। लगभग सभी पंचायतों में यही स्थिति बनी रही। प्रशासन ने लाभुकों से निर्धारित तिथि और सूची के अनुसार ही शिविर में पहुंचने की अपील की है।

### विस्थापितों ने प्रबंधक को सौंपा सात सूत्री मांग-पत्र

## एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी से प्रभावित विस्थापित एवं ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति ने शुक्रवार को भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन एवं बीएलए आउटसोर्सिंग कंपनी को सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। समिति ने जनहित एवं उद्योगहित में मांगों पर अविलंब कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो उग्र जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। समिति ने मांग-पत्र में कहा है कि संगम खुली खदान परियोजना से उत्पादन होने वाले 75 प्रतिशत कोयले का आवंटन रोड सेल में किया जाए, ताकि स्थानीय ग्रामीणों एवं बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। समिति ने आरोप लगाया कि भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल पिछले लगभग चार वर्षों से बंद है, जिससे सैकड़ों ग्रामीण रोजगार से वंचित होकर पलायन को मजबूर हैं। इसलिए रोड सेल को अविलंब चालू करने की मांग की गई है। मांग-पत्र में देवरिया, कुरसे, दुंदुवा और बलकुदरा राजस्व ग्राम के विस्थापित एवं प्रभावित रैयत परिवारों को चिन्हित कर नौकरी एवं मुआवजा देने की मांग की गई है। साथ ही संगम खुली खदान में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी बी.एल.ए. में स्थानीय ग्रामीणों और बेरोजगारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही गई है। समिति ने प्रभावित गांवों में सीसीएल प्रबंधन द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, निःशुल्क बिजली एवं पेयजल सुविधा देने की मांग भी उठाई है। इसके अलावा डी.ए.वी. विद्यालयों में प्रभावित गांवों के छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर नामांकन एवं रियायती दर पर शिक्षा उपलब्ध कराने तथा गरीब विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था करने की मांग की गई है। समिति ने यह भी मांग की है कि प्रभावित ग्रामीणों को वैकल्पिक रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएं तथा कोलियरी क्षेत्र की खाली पड़ी भूमि एवं कंपनी आवासों का आवंटन स्थानीय रैयतों और ग्रामीणों को किया जाए।

## सीबीएसई 12वीं में आइलेक्स की छात्रा खुशी 97% अंकों के साथ स्कूल टॉपर


स्वाति

**बरही।** आइलेक्स पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी ने 97% अंकों के साथ विद्यालय बनी है । वहीं स्वाति कुमारी 88 और बिट्टू केशरी ने 85 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा । शेष 19 विद्यार्थियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किए। विद्यालय के निदेशक डॉ. शैलेश कुमार एवं सह निदेशक डॉ. सुषमा भारती ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। दोनों ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।

### पुलिस ने अभियान के तहत की पैदल गश्ती

## असामाजिक तत्वों पर कसेगा शिकंजा



नवीन मेल संवाददाता

**भुरकुंडा।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रहरी अभियान के तहत शुक्रवार को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में पुलिस ने पैदल गश्ती अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एसडीपीओ राघवेन्द्र शर्मा कर रहे थे। पुलिस टीम ने भुरकुंडा बाजार, जवाहर नगर, सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सीसीएल सौंदा, सयाल, सेंट्रल सौंदा, रीवर साइड तथा पटेलनगर सहित विभिन्न चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्ती के दौरान लोगों से बातचीत कर सुरक्षा संबंधी जानकारी भी ली गई। एसडीपीओ राघवेन्द्र शर्मा ने बताया कि एसपी रामगढ़ मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर क्षेत्र में प्रहरी अभियान सप्ताह में दो बार चलाया जाएगा। इसके तहत क्षेत्र के चौक-चौराहों, गलियों, मुख्य मार्गों तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य अड्डेबाजी, छेड़खानी, गुंडागर्दी एवं नशेड़ियों पर प्रभावी कार्रवाई करना है। साथ ही इस पहल से अपराध नियंत्रण के साथ आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत होगा। अभियान में इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेन्द्र कुमार सहित सशस्त्र बल के शामिल थे।

**लाभ से वंचित** छत गिरी, व्यवस्था नहीं जागी : घायल महिला ने फिर खोल दी 'गरीब कल्याण' की पोल

# आवास योजना फाइलों में मजबूत, एस्बेस्टस और जर्जर दीवारों का सहारा

**● बीडीओ जयपाल महतो ने पंचायत सचिव को जांच के लिए आदेश दिए हैं, जांच के बाद उसपर कार्रवाई करने की बात कही**

नवीन मेल संवाददाता

**बरही ।** सरकारें गरीबों को "पक्का मकान" देने के दावे करती हैं, योजनाओं के पोस्टर चमकते हैं, भाषणों में विकास दौड़ता है, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी टपकती छतों और गिरती दीवारों के नीचे कराह रही है। गुरुवार रात्रि आई तेज आंधी ने एक बार फिर सरकारी आवास योजनाओं की चमकदार तस्वीर पर वास्तविकता का मलबा गिरा दिया। विजैया पंचायत के खुटवाटांड निवासी जुम्मन अंसारी की पत्नी सगीरा खातून अपने बच्चों के साथ एस्बेस्टस वाले जर्जर घर में सो रही थीं। तभी तेज हवा चली और सरकार की "गरीब कल्याण" वाली व्यवस्था की तरह घर का एस्बेस्टस भी उड़ गया। छत का हिस्सा सीधे महिला पर आ गिरा। कुछ ईंटें भी टूटीं। फर्क सिर्फ इतना रहा कि इस बार मौत नहीं आई, केवल गंभीर चोट देकर चली गई। बच्चे का बच जाना शायद सरकारी उपलब्धि में नहीं गिना जाएगा।





घटना की सूचना पर अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के विस अध्यक्ष मो. कयूम अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि मो. मंसूर सहित स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। समाजसेवियों ने तत्काल आर्थिक सहयोग कर घायल महिला को अस्पताल भेजा। प्रशासन बाद में "जानकारी लेने" की प्रक्रिया में सक्रिय हुआ। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि करीब तीन वर्ष पूर्व महिला की मां के नाम पर अंबेडकर आवास मिला था, जिसमें तीन भाई किसी तरह रह रहे हैं। स्वयं सगीरा खातून का नाम भी आवास सूची में है, लेकिन सूची से घर तक की दूरी शायद सरकारी फाइलों से भी लंबी है। पंचायत में सौ से अधिक परिवार अब भी जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं।

विडंबना देखिए, घटना के घंटों बाद तक संबंधित अधिकारियों को औपचारिक सूचना तक नहीं दी गई। शायद व्यवस्था को गरीब की चीख से ज्यादा आवेदन संख्या और पोर्टल अपडेट की चिंता रहती है। हालांकि बाद में सूचना मिलने पर बरही बीडीओ जयपाल महतो ने पंचायत सचिव को जांच के लिए भेजने की बात कही। ऐसे समय में यह हादसा परिवार के लिए दोहरी मार बनकर सामने आया है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से शीघ्र आपदा राहत कोष से मुआवजा उपलब्ध कराने तथा आवास योजना के तहत तत्काल पक्का मकान स्वीकृत करने की मांग की है।

सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि आखिर सरकारी आवास योजनाएं किनके लिए हैं? क्या गरीबों का नंबर सिर्फ सर्वे सूची, प्रतीक्षा सूची और चुनावी घोषणा तक सीमित रहेगा? क्या "अबुआ आवास" और "इंदिरा आवास" केवल उन लोगों तक पहुंचेंगे, जिनकी पहुंच पहले से मजबूत है? गरीब आज भी छत के नीचे नहीं, बल्कि उम्मीद और उपेक्षा के बीच रह रहा है।

राजनीति का गणित भी बड़ा विचित्र है। चुनाव के समय यही गरीब "परिवार" कहलाते हैं, लेकिन हादसे के बाद वही लोग "प्रक्रिया में लंबित" हो जाते हैं। आवास, पेंशन और राशन के नाम पर वर्षों से वोट बटोरे जाते रहे, लेकिन गरीब अब भी टूटी दीवारों के सहारे जिंदगी काट रहा है।

### 22 जून 2025 को भी गई थी दो जानें

अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो. कयूम अंसारी ने बताया कि 22 जून 2025 को रसोइया धमना पंचायत के वार्ड संख्या 9 में जर्जर मकान की छत गिरने से हदीस अंसारी (52) और उनकी पत्नी जुमेरा खातून (48) की मौत हो गई थी।

## बाल संप्रेक्षण गृह का एसपी ने किया निरीक्षण, दिए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सिमडेगा द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से अधिसूचित सुरक्षा स्थल (बाल संप्रेक्षण गृह), सिमडेगा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बाल संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों को सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।साथ ही पुलिस अधीक्षक के द्वारा बच्चों के साथ बॉली-बॉल खेलकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस दौरान बच्चों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को बच्चों की सुरक्षा, देखभाल एवं आवश्यक सुविधाओं को बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर वरीय पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, सिमडेगा, सार्जेन्ट मेंजर, पुलिस निरीक्षक सिमडेगा अंचल एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री की अपील का असर

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव सिन्हा पैदल पहुंचे न्यायालय

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत एवं ऊर्जा संरक्षण की गई अपील का असर अब न्यायिक महकमों में भी दिखाई देने लगा है। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा शुक्रवार को अपने आवास से पैदल चलकर न्यायालय पहुंचे। बताया गया कि उन्होंने ईंधन बचत,पर्यावरण संरक्षण तथा आम लोगों के बीच सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से यह पहल की। न्यायालय पहुंचने के दौरान उन्होंने रास्ते में लोगों से भी संवाद किया और कहा कि छोटी-छोटी पहल से बड़े बदलाव संभव हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में वैश्विक परिस्थितियों और बढ़ती ईंधन कीमतों के बीच देशवासियों से पेट्रोल-डीजल का कम से कम उपयोग करने तथा अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की थी। इसके बाद देश के कई हिस्सों में अधिकारी,जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक पदाधिकारी पैदल या साइकिल से कार्यालय पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के इस कदम को न्यायपालिका की सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता से जोड़कर देखा जा रहा है। न्यायालय परिसर में मौजूद अधिवक्ताओं एवं कर्मियों ने भी उनकी पहल की प्रशंसा करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समाज के जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करें,तो आम जनता में भी जागरूकता तेजी से बढ़ती है। राजीव कुमार सिन्हा का यह प्रयास न केवल ईंधन बचत का संदेश देता है,बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी लोगों को प्रेरित करता है।

### कोलेबिरा में कांग्रेस पार्टी की मासिक बैठक आयोजित

## संगठन मजबूती पर दिया गया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुंडा पहाड़ा भवन में कांग्रेस पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूषण बाड़ा एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आयोजित हुई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कोलेबिरा कांग्रेस प्रखंड सह पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी ने की।बैठक में संगठन की मजबूती,बूथ से लेकर पंचायत और प्रखंड स्तर तक कांग्रेस संगठन को सक्रिय करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।जिला पदाधिकारियों ने सभी बूथों में बीएलए-2 को सक्रिय करने, बूथ कमेटी एवं पंचायत कमेटी को मजबूत बनाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की छोटी-बड़ी जनसमस्याओं के समाधान एवं सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। हर महीने पंचायत, मंडल एवं प्रखंड स्तर पर बैठक आयोजित कर समस्याओं के समाधान का निर्देश भी दिया गया।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों और विचारधारा से जोड़ने का कार्य करें।वहीं अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कार्यकर्ताओं से अभी से सक्रिय होकर क्षेत्र में पार्टी की विचारधारा को फैलाने का आह्वान किया।

### इलाज के अभाव में 17 वर्षों से बेड पर पड़ा है वृद्ध बोथा बुढ़

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत जमतई पंचायत के केवंगुटु बांसकोना निवासी लगभग 55 वर्षीय बोथा बुढ़ पिछले 17 वर्षों से बीमारी के कारण खाट पर पड़े हुए हैं।आर्थिक तंगी और समुचित इलाज के अभाव में उनका जीवन बेहद कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा है।बोथा बुढ़ ने बताया कि वर्ष 2009 में वे सिमडेगा के जोकबहार बाजार गए हुए थे और अचानक से गिर गए उसी दौरान अचानक उनके पैर में तेज दर्द शुरू हुआ।धीरे-धीरे स्थिति ऐसी हो गई कि वह चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हो गए,तब से वह बिस्तर पर ही पड़े हैं। उनकी पत्नी पूनम बुढ़ ने बताया कि पति के इलाज के लिए राउरकेला और रांची के कई अस्पतालों में इलाज कराया गया। इलाज के दौरान खेत सहित अन्य संपत्ति बेचकर करीब तीन से चार लाख रुपये खर्च किए गए।

### सिमडेगा में झामुमो का विरोध प्रदर्शन

## नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय मंत्री का फूंका पुतला

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रदेश कमेटी एवं महासचिव विनोद पांडेय के निर्देशानुसार शुक्रवार को सिमडेगा जिला कमेटी द्वारा NEET 2026 परीक्षा में पेपर लीक और भारी गड़बड़ी के विरोध में केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय एवं केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने किया।इस दौरान बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं तथा विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और एन.टी.ए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि नीट यूजी 2026 परीक्षा में हुई गड़बड़ी और पेपर लीक ने लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखना केंद्र सरकार और एन.टी.ए की जिम्मेदारी है, लेकिन लगातार हो रही लापरवाही से छात्रों और अभिभावकों का भरोसा टूट रहा है।वहीं, झामुमो जिला सचिव सफिक खान ने कहा कि 3 मई 2026 को आयोजित हुई नीज 2026 परीक्षा को पेपर लीक और भारी अनियमितताओं के बाद एन.टी.ए द्वारा रद्द किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।12 मई 2026 को परीक्षा रद्द करने की घोषणा ने यह साबित कर दिया कि परीक्षा संचालन में गंभीर लापरवाही हुई है।

### कुरडेग में कार-बाइक में सीधी टक्कर, बाइक चालक घायल

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के डाक बंगला के पास शुक्रवार को कार एवं बाकी की सीधी टक्कर में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान गुलाब यादव 35 वर्ष बनगांव बरपानी के रूप में हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार गुलाब यादव कुरडेग सप्ताहिक बाजार आया था । घटना की सुचना मिलते ही कुरडेग मुखिया उर्मीला कुजूर , वार्ड पार्षद अयुब अंसारी ने घायल व्यक्ति को इलाज के लिए कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र भेजा जहां डॉ अभिनव ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया ।

## वनदुर्गा समिति का हुआ पुनर्गठन, ललन सिंह सर्वसम्मति से बनाए गए अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** सिमडेगा जिले के बोलबा प्रखण्ड अंतर्गत प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल वनदुर्गा पूजा समिति का सर्वसम्मति से पुनर्गठन हुआ।जिसमें ललन सिंह को अध्यक्ष बनाया गया । इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष जहुरण सिंह के द्वारा अपने अध्यक्ष पद से व्यक्तिगत असमर्थतता के कारण इस्तीफा दिया गया था । इस समिति द्वारा विचार विमर्श करने के बाद समिति का पुनर्गठन किया गया । इस मौके पर चुनाव पर्यवेक्षक प्रणव कुमार को जिम्मेवारी दी गई एवं प्रणव कुमार के पर्यवेक्षण में चुनाव किया गया । जिसमें अध्यक्ष के पद पर ललन सिंह, उपाध्यक्ष के पद पर कैलाश सिंह, नितेश बड़ाइक, राजेश तेली को चुना गया जबकि सचिव के पद पर जगरनाथ सिंह, उप सचिव गोवेर्धन सिंह को चुना गया । इस मौके पर गत बैठक की संपुष्टि की गई इसके बाद आय-व्यय का हिसाब करके समिति द्वारा नए अध्यक्ष ललन सिंह को पदभार के साथ, सभी प्रकार के पंजी एवं चाभी सौंपा गया ।

## कोलेबिरा में तीन दिवसीय टीएनए प्रशिक्षण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखण्ड संसाधन केंद्र कोलेबिरा में आयोजित तीन दिवसीय टीएनए (टीचर नीड असेसमेंट) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हो गया।कार्यक्रम में निर्धारित 272 शिक्षकों के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 269 शिक्षकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों का टीचर नीड असेसमेंट किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षकों के ज्ञान, कौशल, शिक्षण विधियों एवं उनके प्रदर्शन में सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई। साथ ही शिक्षकों की क्षमता वृद्धि एवं शिक्षण गुणवत्ता को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि छात्रों के सीखने के परिणामों में सकारात्मक सुधार लाया जा सके।प्रशिक्षण में बताया गया कि टीएनए प्रक्रिया के तहत सर्वेक्षण, प्रशिक्षण एवं स्व-मूल्यांकन के माध्यम से आवश्यक जानकारियां एकत्रित की जाती हैं। इससे विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलती है। इस अवसर पर विशेष शिक्षक जय प्रकाश सिंह, प्रखण्ड साधन सेवी समीरा बा एवं रेनू तिग्गा, शिक्षक सुमित कुमार महतो, बालचन्द्र महतो सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों की समस्याओं के समाधान के लिए वार्षिक योजना बीडीओ कार्यालय में जमा

**नवीन मेल संवाददाता**



**जलडेगा।** लाइफ एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सपोर्ट (लीड्स) संस्था द्वारा रूरल एंपावरमेंट फॉर इंटाइटलमेंट रियलाइजेशन (रियर) परियोजना के तहत जलडेगा प्रखंड के 25 लक्षित गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण को लेकर पहल की गई है। संस्था की ओर से वर्ष 2026-27 के लिए तैयार आंगनबाड़ी वार्षिक योजना प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार को सौंपा गया। संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि लक्षित आंगनबाड़ी केंद्रों में माता समिति सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय के साथ बैठक कर वार्षिक योजना तैयार की गई है।

योजना में आंगनबाड़ी केंद्रों की मूलभूत समस्याएं, बच्चों एवं महिलाओं के लिए आवश्यक सुविधाएं, भवन मरम्मति, पेयजल, शौचालय, पोषण एवं शिक्षा से जुड़ी आवश्यकताओं को शामिल किया गया है।बीडीओ सह सीडीपीओ डॉ. प्रवीण कुमार ने संस्था द्वारा इस तरह की पहल की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि वार्षिक योजना के अनुसार सभी समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक पहल की जाएगी तथा आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।इस दौरान महिला पर्यवेक्षिका जुली किरण तीडू, पुष्पा कुमारी, लीड्स संस्था की जूही कुमारी, कलिंद्र प्रधान एवं ललिता कंडुलना उपस्थित थे।

## बानो अनुमंडल बनाओ अभियान को लेकर बैठक पंचायतों में बैठक का किया तिथि निर्धारण

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड के पंचायत भवन बानो सभागार में अनुमंडल बनाओ मंच के अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना की अध्यक्षता में ग्राम सभा अध्यक्षों एवं मुखियाओं के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।बैठक में पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों की तिथि एवं समय निर्धारण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कई पंचायतों से बैठक की तिथि प्राप्त हो गई, जबकि कुछ पंचायतों के मुखियाओं ने अपने पंचायत क्षेत्र में सलाह-मशविरा करने के बाद समय एवं तिथि की जानकारी देने की बात कही।बैठक में यह तय किया गया कि संबंधित पंचायतों से समय मिलने के बाद मंच के पदाधिकारी निर्धारित तिथि एवं समय पर पंचायतों में पहुंचकर ग्राम सभा अध्यक्ष, वार्ड सदस्यों, मुखिया तथा पंचायत के गणमान्य लोगों के साथ बैठक करेंगे। पंचायत स्तर पर जनहित एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।बैठक का माहौल सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण रहा।बैठक में मुख्य रूप से बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक,उकौली मुखिया कृपा हेमरोम,सोय मुखिया सोमवारी कैथवार,कोनसोदे मुखिया सीता कुमारी,बिंतुका मुखिया प्रिति बुढ़,भाजपा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह,समाजसेवी चुड़ामनी यादव,विल्कन बगरैला सहित कई गणमान्य व्यक्ति और आम ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा जिला कार्यालय में प्रशिक्षण महा अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सिमडेगा में जिला अध्यक्ष दीपक पुरी की अगुवाई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 29 एवं 30 मई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं सफल संचालन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक पुरी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार एवं अंत्योदय की भावना भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली की पहचान है। संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति, राष्ट्रहित के विषयों एवं सेवा और समर्पण की भावना से अवगत कराया जाएगा।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 29 एवं 30 मई को आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। प्रशिक्षण सत्र में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विशेष चर्चा की जाएगी।बैठक के दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय की गईं। प्रशिक्षण स्थल की व्यवस्था, कार्यकर्ताओं के आवासन, भोजन, पंजीकरण एवं अनुशासन व्यवस्था को लेकर अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्रदान करेगा तथा कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को और अधिक प्रबल करेगा। जिला अध्यक्ष दीपक पुरी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।बैठक में जिला महामंत्री रवि गुप्ता, सोनी पैकरा, कृष्णा ठाकुर, उपेंद्र श्रीवास्तव, शिखा अग्रवाल, प्रतिमा देवी, रविंद्र कुमार शर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे हैं।

## दृष्टिपात

### नो प्रोफिट-नो लॉस की तर्ज पर पुलिस लाइन में नवनिर्मित कैंटीन का एसपी ने किया उद्घाटन



**सिमडेगा।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे के कर-कमलों द्वारा पुलिस केन्द्र सिमडेगा परिसर में नवनिर्मित कैन्टीन व्यवस्था का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की उपस्थिति में फीता काटकर कैन्टीन का शुभारंभ किया गया।उद्घाटन के अवसर पर एसपी ने कहा कि, चूंकि पुलिस लाईन शहर से काफी बाहर है इसलिए पुलिस कर्मियों की सुविधा एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए "नो प्रोफिट- नो लोस" के तर्ज पर अत्यंत किफायती दरों पर इस नई कैन्टीन व्यवस्था की शुरुआत की गई है। इससे पुलिस केन्द्र में कार्यरत पदाधिकारियों एवं जवानों को किफायती मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण एवं आवश्यक खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं सुलभ रूप से उपलब्ध हो सकेंगी।

### मोटरसाइकिल एवं हाइवा की टक्कर में एक घायल, रिम्स रेफर



**बानो।** प्रखण्ड के पाड़ो नौ मील के समीप मोटरसाइकिल को एक हाइवा ने टक्कर मार दी।जिससे मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार मकबूल मियां मोटरसाइकिल से बानो से गाँव लताकेल जा रहा था तभी बांकी नदी के पास की मोड़ पर सामने से आ रही हाइवा से टक्कर हो गई। टक्कर लगने पर मकबूल मियां मोटरसाइकिल सहित गिर पड़ा । जानकारी मिलने पर ग्रामीणों के द्वारा उसे तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया।जहां डॉ जावेद की उपस्थिति में प्राथमिक उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया।डॉ०जावेद ने बताया कि हाथ ,पैर व माथे पर चोट लगी हैं । बेहतर इलाज के लिये रेफर कर दिया गया है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर हाल चाल जानने के लिए काफी लोग अस्पताल पहुंचे।

### अवैध बालू परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त



**कोलेबिरा।** अवैध बालू उत्खनन/परिवहन के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाते हुए जिला खनन पदाधिकारी अंचलाधिकारी,कोलेबिरा थाना एवं विशेष छापामारी दल के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर कोलेबिरा चेक पोस्ट एवं ब्लॉक के पास से दो ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन करते हुए पकड़कर जप्त किया गया तथा जप्त दोनों ट्रैक्टरों को कोलेबिरा थाना लाया गया मामले पर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### निमतुर में हनुमान मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर, जल्द होगी छत की ढलाई



**बानो।** प्रखंड अंतर्गत पबुड़ा पंचायत क्षेत्र के ग्राम निमतुर में हनुमान मंदिर निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है।मंदिर की छत की ढलाई जल्द किए जाने को लेकर गांव में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता रामकिशोर सिंह ने की।बैठक में ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति एवं आगामी कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने कहा कि सभी के सहयोग और गांववासियों के श्रमदान से मंदिर निर्माण कार्य लगातार आगे बढ़ रहा है।लोगों में मंदिर निर्माण को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के लिए गांव के लोग मिल-जुलकर सहयोग करेंगे। ग्रामीणों ने आर्थिक सहयोग के साथ-साथ श्रमदान जारी रखने की भी बात कही।इस अवसर पर रामकिशोर सिंह, चितु सिंह, फगुआ सिंह, चैतन्य सिंह, दशरथ सिंह, सावित्री देवी, मालावती देवी, कौशल्या देवी एवं रोपनी देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोलबा थाना को मिले नए थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने संभाला पदभार

**बोलबा।** बोलबा थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में शशि शंकर सिंह ने पदभार ग्रहण किया। वहीं निवर्तमान थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू कोलेबिरा थाना में जेएसआई के रूप में पदस्थापित किए गए।नए थाना प्रभारी के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर थाना परिसर में उनका बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।मौके पर थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### लरबा निवासी दयानिधि बिस्वाल की 12 वीं पुण्यतिथि पर परिवार को दी गई सहायता राशि

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत लरबा निवासी स्वर्गीय दयानिधि बिस्वाल (पिता- दामोदर बिस्वाल) की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उत्कलीय ब्राह्मण सेवा संघ जिला इकाई सिमडेगा की ओर से उनके आश्रित परिवार को 5000 की नगद सहायता राशि प्रदान की गई।इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्कलीय ब्राह्मण समाज द्वारा समाज के किसी भी सदस्य के निधन होने पर तथा कन्या विवाह के अवसर पर 5000 की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है, ताकि जरूरतमंद परिवारों को सहयोग मिल सके।कार्यक्रम में जिला इकाई सिमडेगा के अध्यक्ष आचार्य विद्याबंधु शास्त्री, केंद्रीय संरक्षक केशव चंद्र पाणिग्रही, अरक्षितानंद देवघरिया, प्रफुल्ल विश्वाल सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय दयानिधि बिस्वाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति योगदान को याद किया।

### दिशा समिति की बैठक में सांसद शामिल

# टीबी जागरूकता एवं आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन




**चाईबासा ।** जिला समाहरणालय सभागार में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आयुष्मान आरोग्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सांसद जोबा माझी का चेस्ट एक्स-रे किया गया। वहीं डीएसडब्ल्यू के द्वारा पांच टीबी मरीजों को गोद लेकर सांसद एवं विधायकों के हाथों पोषाहार टोकरी का वितरण किया गया। इस अवसर पर टीबी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बैठक में विधायक निरल पुरती, सुखराम उरांव, सोनाराम सिंकु, जगत माझी, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, चाईबासा नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश, चक्रधरपुर नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव, उपायुक्त मनीष कुमार, डीडीसी उत्कर्ष कुमार, सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ आलोक रंजन महतो सहित सभी प्रखंड प्रमुख एवं विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एक्वा वर्ल्ड में समर हॉलीडे की धूम आज से




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड मछली घर में गर्मी की छुट्टियों में सभी उम्र के लोगों के इंटरटेनमेंट और प्रतियोगिताओं का ख्याल रखा गया है।पूरी कार्यक्रम श्रृंखला का आयोजन एक्वा समूह के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव की देख रेख में हो रहा है।एक्वा वर्ल्ड के निर्देशक सत्य प्रकाश चंदेल और लोकेश कुमार ने बताया कि ये कार्यक्रम श्रृंखला 16 मई से 14 जून तक शाम 5.30 से आयोजित की जाएगी। सुपर मॉडल कॉन्टेस्ट का प्रिलिमनरी राउंड 22 मई, 29 मई को सेमीफाइनल और फिर 5 जून की ग्रैंड फिनाले होगा। यह पूरा आयोजन वसीम आलम के वैंमस मॉडलिंग ग्रुप के द्वारा कराया जा रहा है। इसी तरीके से विपुल नायक के दीपांजलि ग्रुप के द्वारा हर शनिवार डांस प्रतियोगिता का प्रिलिमनरी राउंड 16 मई, 23 मई को पहला सेमीफाइनल, 30 मई को दूसरा सेमीफाइनल और 6 जून को ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संयोजन देवजीत नाहा करेंगे। इसके अतिरिक्त हर रविवार को द ग्रेट इंडियन म्यूजिकल मूवी सीरीज के अंतर्गत मूवी के थीम पर डांस कंपटीशन, डायलॉग कंपटीशन और म्यूजिकल क्विज का आयोजन होगा। 17 मई को शोले, 24 माई को डीडीएलजे, 31 मई को हम आपके है कौन, 7 जून को दिल तो पागल है, 14 जून को धुरंधर मूवी की बारी होगी।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ श्री शतचंडी सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** कोनरा स्थित प्राचीन भगवती मंदिर परिसर में आयोजित 9 दिवसीय श्री शतचंडी सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हवन, पूर्णाहुति एवं महाभंडारे के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। यज्ञाचार्य यदुनंदन मिश्रा के सानिध्य में 7 मई से प्रारंभ हुए इस महायज्ञ के दौरान पूरा क्षेत्र नौ दिनों तक भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। महायज्ञ के दौरान मां भगवती के नौ पिंडी को विधिवत नए मंदिर भवन में प्रतिष्ठापित किया गया। इसके साथ ही बजरंगबली, भगवान भोलेनाथ, माता पार्वती, भगवान गणेश एवं भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाओं की भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रतिदिन पूजा-अर्चना, प्रवचन, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।
समापन अवसर पर आयोजित हवन एवं पूर्णाहुति में श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। इसके बाद आयोजित महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा मंदिर परिसर गूंजायमान रहा। महायज्ञ के दौरान शिवचर्चा, गीत संगीत, कीर्तन-भजन तथा दो दिवसीय माता जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। अंतिम जागरण कार्यक्रम को सफल बनाने में माता भक्त अमृत पासवान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नशा मुक्ति पर वाईबीएन विवि में जागरूकता रैली निकाली गई




**रांची।** रांची स्थित वाईबीएन विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर से राजा उलातु चौक तक "नशा मुक्त भारत अभियान" के तहत शपथ ग्रहण एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना था। रैली में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।
इस अवसर पर एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ कौशल किशोर ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं जागरूक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर यूनिट-2 उत्सव चक्रवर्ती एवं सुप्रियो बजारी भी उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने रैली का नेतृत्व करते हुए विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। रैली के दौरान "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" तथा "स्वस्थ युवा, सशक्त भारत" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### खदान में आउटसोर्सिंग पेच का किया गया उद्घाटन

# तीन माह में शुरू हो सकता है कोयले का उत्पादन, 50 लाख टन का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा परियोजना अंतर्गत संगम खुली खदान में आउटसोर्सिंग पेच के कार्य का विधिवत उद्घाटन शुक्रवार को एक्सावेशन क्षेत्र स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर किया गया। रैयत, विस्थापित, प्रभावित परिवारों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न सामाजिक-संगठनों की मौजूदगी में आउटसोर्सिंग कार्य की औपचारिक शुरुआत हुई। ज्ञात हो कि आउटसोर्सिंग ओबी कार्य की प्रारंभिक शुरुआत 7 मई को बीएलए प्राइवेट कंपनी एवं सीसीएल प्रबंधन द्वारा भूमि पूजन के साथ की गई थी। हालांकि टेंडर की निर्धारित तिथि 15 मई होने के कारण शुक्रवार को पुनः विधिवत पूजा-पाठ कर भुरकुंडा पेच का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रैयत विस्थापित मोर्चा के रंजीत बेसरा, बीरेंद्र मांझी, शनि बेसरा तथा नौजवान सेना प्रमुख विश्वरंजन सिन्हा सहित अन्य लोगों ने नारियल फोड़कर ओबी कार्य का शुभारंभ किया। लोगों ने बताया कि पूर्व में किया गया उद्घाटन केवल माइंस रोड निर्माण एवं साफ-सफाई कार्य के लिए था, जबकि शुक्रवार से वास्तविक आउटसोर्सिंग कार्य का विधिवत संचालन प्रारंभ हुआ है। बताया गया कि आगामी तीन माह के भीतर संगम खदान से कोयला उत्पादन शुरू होने की संभावना है। परियोजना के तहत अगले चार वर्षों में 50 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होने के साथ-साथ स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम में भुरकुंडा कोलियरी रोडसेल समिति, संयुक्त विस्थापित प्रभावित मोर्चा, भुरकुंडा रैयत विस्थापित मोर्चा, ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा, झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा, क्षेत्रीय कोयलांचल संघर्ष समिति, भुरकुंडा कोल माइंस वर्कर्स यूनियन एवं राष्ट्र सर्वोपरि वेलफेयर ट्रस्ट सहित कई संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। मौके पर झामुमो के हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया, भुरकुंडा, ए. भंडारी, राजेश सिंह, अजय सिंह, अविनाश चंद्रा, पप्पू सिंह, बीएलए प्रोजेक्ट मैनेजर सुरेंद्र कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सीएम उत्कृष्ट विद्यालय का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** सीएम उत्कृष्ट विद्यालय (जिला स्कूल) का शुक्रवार को उपायुक्त हेमन्त सती ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने 12वीं की परीक्षा में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्राचार्या निकिता कुमारी से मुलाकात की तथा शिक्षण व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता की जानकारी ली। इस पर प्राचार्या ने बताया कि कक्षा 6 से 12 तक कुल 520 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं तथा सभी विषयों के लिए कुल 28 शिक्षक कार्यरत हैं। उपायुक्त ने कहा कि विद्यार्थियों के कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि विद्यालय का शैक्षणिक प्रदर्शन बेहतर हो सके। उन्होंने बच्चों की उपस्थिति की भी समीक्षा की तथा विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों से उनके भविष्य के लक्ष्य के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ प्रेरित करने पर भी जोर दिया।उन्होंने कहा कि किसी भी विषय की गहराई से समझ विकसित करें।

# बीआईटी में हरित ऊर्जा और डिजिटल तकनीक पर एफडीपी 18 से



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा के इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 18 से 22 मई 2026 तक "सस्टेनेबल हरित ऊर्जा सिस्टम्स के लिए उभरती नियंत्रण एवं डिजिटल प्रौद्योगिकियां" विषय पर पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के विशेषज्ञ, शोधकर्ता एवं उद्योग जगत से जुड़े वक्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य हरित ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा रिन्यूएबल ऊर्जा तकनीकों के क्षेत्र में शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं को आधुनिक तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराना है।
कार्यक्रम में विद्युत वाहन प्रणाली, स्मार्ट ग्रिड टेक्नोलॉजी, ऊर्जा प्रबंधन में एआई तथा रिन्यूएबल ऊर्जा स्त्रोतों से जुड़े विषयों पर तकनीकी व्याख्यान, सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण और व्यावहारिक सत्र आयोजित होंगे। आयोजन को गेल, झारखंड रिन्यूएबल ऊर्जा विकास अभिकरण, OPAL-RT एवं अन्य तकनीकी संस्थानों का सहयोग प्राप्त है। संस्थान के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम के अध्यक्ष विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु कुमार मिश्रा हैं, जबकि समन्वयक डॉ. गौरी शंकर गुप्ता कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र में संदीप कुमार कर मुख्य वक्ता होंगे, जबकि समापन सत्र को सुशांत गौरव संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में इटली, चीन, अमेरिका और भारत के विशेषज्ञ भाग लेंगे। ईटीएच ज्यूरिख, यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनोइस, सिंगापुर एवं इंटेल से भी प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। अब तक 19 राज्यों सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से 120 से अधिक प्रतिभागी कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम पूर्वी भारत में हरित ऊर्जा एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी शिक्षा को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# डाक महामेला की तैयारी को लेकर डाकघर में लगी डाक चौपाल

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** डाक महामेला की तैयारी को लेकर कपका और खैरा डाकघर में डाक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कपका शाखा डाकघर, बरकट्ठा में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के संबंध में जन-जागरूकता अभियान के तहत डाक चौपाल आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा डाकपाल कपका रेवालाल राणा ने की। वहीं खैरा शाखा डाकघर में भी शाखा डाकपाल उमेश प्रसाद की अध्यक्षता में डाक चौपाल आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही सब डिवीजन के मेल ओवरसियर रंजन कुमार गुप्ता उपस्थित हुए। डाक चौपाल में उन्होंने लोगों को डाकघर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी तथा अधिक से अधिक लोगों को डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण डाक जीवन बीमा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन बीमा के लाभ से वंचित आमजन के लिए भारत सरकार की एक सुरक्षित, लाभकारी एवं महत्वाकांक्षी योजना है। इसके अंतर्गत कम प्रीमियम में अधिक बोनस, विश्वसनीय सेवा तथा मोबाइल और यूपीआई के माध्यम से घर बैठे भुगतान जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। कर्मचारी, ग्रामीण एवं आमजन इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डाकघर का विशाल नेटवर्क गांव-गांव तक फैला हुआ है। डाक विभाग का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि लोग गलत जगह अपनी गाढ़ी कमाई निवेश करने से बचें और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकें। इस दौरान बचत खाता, आवर्ती जमा (आरडी) तथा सुकन्या समृद्धि खाता जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।
और लोगों को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कपका डाकघर में मुकेश राणा, रघुबीर महतो, घनश्याम महतो, भखलाल ठाकुर, मीना देवी, चंचला कुमारी, गीता देवी एवं कविता देवी उपस्थित थे। वहीं खैरा डाकघर में जगदीश सिंह, पोखराज सिंह, माला देवी, रेशमा देवी, सावित्री देवी, सोमर सिंह सहित कई ग्रामीण एवं डाककर्मी मौजूद रहे।

## प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ ने राज्यस्तरीय बैठक की उठाई मांग

**हजारीबाग।** झारखंड प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ ने सीएससी अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को ईमेल भेजकर राज्य के सभी 24 जिलों के प्रज्ञा केंद्र संचालकों की समस्याओं पर राज्यस्तरीय बैठक आयोजित कराने की मांग की है। संघ ने कहा कि विभिन्न जिलों में कार्यरत ऑपरेटर्स लंबे समय से कई व्यावहारिक और प्रशासनिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनके समाधान के लिए व्यापक चर्चा आवश्यक है। संघ द्वारा भेजे गए ईमेल में पंचायत सचिवालयों में इंटरनेट सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। साथ ही कहा गया कि वर्ष 2012 के बाद से प्रज्ञा केंद्रों के रेट चार्ट में कोई संशोधन नहीं किया गया है, जबकि नियमों के अनुसार समय-समय पर शुल्क सूची को अपडेट किया जाना चाहिए। संघ ने आरोप लगाया कि एक ही पंचायत क्षेत्र में कई सीएससी आईडी जारी किए जाने से संचालकों की आय प्रभावित हो रही है।

# सुमन शाहदेव ने 12 वीं में 97.2 प्रतिशत अंक लाकर किया गौरवांवित



**रांची।** सीबीएसई की 12 वीं की परीक्षा में टेंडर हर्ट स्कूल की विद्यार्थी एवं बालसिरिंग निवासी लाल बालेश्वर नाथ शाहदेव की पोती सुमन शाहदेव ने 97.2 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता पिता, समाज,गांव और स्कूल का नाम रोशन की है। उसकी सफलता से पूरा गांव और नागवंशी राजपरिवार के सदस्य गौरव महसूस कर रहे हैं। सुमन को इतिहास में 98% फाइन आर्ट्स में 100% संस्कृत में 97% और साइकोलॉजी में 93 % अंक मिला है। आज रांची जिला क्षत्रिय समाज के अगुवा सह कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश लाल नाथ शाहदेव,लाल आशीष नाथ शाहदेव,लाल सूरज नाथ शाहदेव सुमन शाहदेव के घर जाकर उसे गुलदस्ता और उपहार देकर सम्मानित किए। सुमन शाहदेव के पिता देवकुमार शाहदेव माता प्रतिमा शाहदेव का देहांत कुछ वर्ष पहले ही हो चुका था। माता पिता के देहात होने के बाद सुमन के सामने दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा था।इतनी दुःख सहने के बाउजूद भी सुमन शाहदेव कभी टूटी नहीं और दुख के पहाड़ के सामने कभी झुकी नहीं और अपनी करियर को लेकर दृढ़ निश्चयी रही।
सुमन ने बताया कि माता पिता के देहांत के बाद उनका देखभाल उन्ही की घर मे पली बढ़ी पुरुलिया जिला नवागढ़ की टुनि दास ने एक मां बनकर की। सुमन को घर का कोई काम करने नहीं देती थी। सुमन का काम सिर्फ पढ़ना था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/ HAZARIBAG/ 03/ 2026-27 ,PR संख्या– 379084 (Building) 26-27-D द्वारा प्रकाशित निविदा **ग्रुप सं0–01 कार्य का नाम– Proposed Contruction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Dari , Hazaribagh, Jharkhand** जिसकी वेबसाईट पर निविदा की प्रकाशन की तिथि:– 16.05.2026 है तथा बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि–23-05-2026 एवं निविदा खोलने की तिथि :–25-05-2026 निर्धारित की जाती है।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 379931 Building(26-27).D


# सीसीएल में संविदा कार्य पर एसओपी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय में 15 मई 2026 को सतर्कता विभाग के तत्वावधान में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा उत्खनन विभाग में संविदा कार्य से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉन्ट्रैक्ट कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन को मजबूत करना था। प्रशिक्षण सत्र में उत्खनन विभाग से संबंधित SOP के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें कार्य निष्पादन की प्रक्रिया, चुनौतियां और अनुपालन मानक शामिल रहे। कार्यक्रम में सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, महाप्रबंधक (उत्खनन विभाग) प्रवीण कुमार तथा महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास विभाग) मो. फैयाजुल हक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने से हुई, जिसके बाद औपचारिक उद्घाटन किया गया।
मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि तैयार की गई एसओपी अधिकारियों के व्यावहारिक अनुभवों और कार्य निष्पादन के दौरान आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों से निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे कार्य प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही और अधिक मजबूत होगी।
इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों और मुख्यालय से आए परियोजना अभियंता (उत्खनन), फोरमैन सहित कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम को संचालन विभागीय समन्वय के तहत सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

## जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर नगर भवन में ब्रीफिंग कार्यशाला आयोजित

**बरही।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को नगर भवन बरही में सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के लिए ब्रीफिंग कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में चार्ज पदाधिकारी सह बीडीओ जयपाल महतो, सहायक चार्ज पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार दास तथा मास्टर ट्रेनर अयोध्या प्रजापति, राजेंद्र आर्या, डॉ. सुनील यादव, मथुरा प्रसाद, तुलसी कुमार दास एवं हिमांशु कुमार ने जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों द्वारा प्रगणकों को जनगणना के प्रथम चरण में घरों की गणना, परिवार संबंधी जानकारी संकलन, फॉर्म भरने की प्रक्रिया, डाटा की शुद्धता एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जनगणना कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं सरकारी दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।


**भारत का सर्वोच्च न्यायालय**

**समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026**

न्याय को सरल एवं सुलभ तरीक से घर–घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ किया जा रहा है जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी।

विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 तथा 23 अगस्त को होगा जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जायेगा। विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/ उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल 2026 को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरु हो जायेगा।

इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है।

सभी सम्बंधित पक्षों को आमंत्रण

अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी सम्बंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाता है। 21 अप्रैल 2026 से आरम्भ हो रहे समाधान समारोह में आपसी सहमति एवं वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया जायेगा। इन सुलह–बैठकों का आयोजन राज्य/जिला/तालुका/उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकार/समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा/अथवा सचिव विधिक सेवा प्राधिकार/समिति पक्षकारों की मदद करेंगे। पक्षकार इन सुलह–प्रयास हेतु बैठकों/वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी रूप से शामिल हो सकते हैं।

अपने मामले (जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है) को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) में कैसे शामिल करें।

इस वास्ते गूगल फॉर्म तैयार किया गया है। इस गूगल फॉर्म को भरना अत्यंत सरल है। इसे भरकर अपने मामले को समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 में शामिल किया जा सकता है। यह गूगल फॉर्म माननीय सर्वोच्च न्यायालय के वेबसाइट https://www-sci-gov-in पर उपलब्ध है।

गूगल फॉर्म लिंक –
**https://forms-gle/pRWbif6wAPrcgMsZ8**
गूगल फॉर्म भरने की अंतिम तिथि : 31 मई, 2026
हर प्रकार की सहायता / जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
**समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) हेतु बनाय गये वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम)**
**इंचार्ज का सम्पर्क नं–** 011–23115652; 011–23116464
**सी.आर. पी निदेशक का सम्पर्क नं० –** 011–23115652, 011–23116465
**वन स्टॉप सेन्टर (कक्ष संख्या 806 एवं 808, बी ब्लॉक, अतिरिक्त भवन परिसर, सर्वोच्च न्यायालय) लैण्डलाइन नं०**–011–23116464
इमेल – speciallokadalat2026@sci-nic-in
माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जनहित में जारी

आदेशानुसार : सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

PR 379905 Law(26-27)#D

# राष्ट्रीय नवीन मेल

## वाशिंगटन बीजिंग रिश्तों में गर्माहट और भारत

इंडिया




सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

दो देशों के बीच औपचारिक मुलाक़ात के मायने होते हैं और ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच चीन और अमेरिका जैसी महाशक्तियों की अनौपचारिक या अचानक मुलाक़ात के गहरे मायने होते हैं। अमेरिका रवाना होने से पहले चीनी राष्ट्रपति से ट्रंप की द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा भी इसी संदर्भ में देखी जा सकती है ।बीजिंग स्थित झोंगनानहाई नेतृत्व परिसर में निजी मुलाकात ट्रंप की चीन यात्रा समाप्त होने से ठीक पहले हुई। इससे एक दिन पहले दोनों नेताओं के बीच औपचारिक वार्ता भी हुई थी। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, झोंगनानहाई पहुंचने पर शी जिनपिंग ने ट्रंप का गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी शैली में दोनों नेता परिसर के उद्यान में साथ-साथ टहलते और बातचीत करते नजर आए। इस दौरान वे पेड़ों और फूलों को भी निहारते रहे। शी ने कहा कि दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर संवाद और समन्वय मजबूत करने पर भी सहमति जताई है। शी के मुताबिक, यह यात्रा आपसी समझ और भरोसे को मजबूत करने के साथ-साथ दोनों देशों के लोगों के हित में भी है ।चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया की अपेक्षा है कि चीन और अमेरिका आपसी सम्मान के आधार पर शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और सहयोग का रास्ता अपनाएं। उन्होंने कहा कि जहां ट्रंप “अमेरिका को फिर महान” बनाने की बात कर रहे हैं, वहीं वह चीनी जनता के राष्ट्रीय पुनरुत्थान के लिए काम कर रहे हैं ।ईरान युद्ध की पृष्ठभूमि में जब विभिन्न अर्थव्यवस्थाएं अनिश्चितताओं से घिरी हैं और महाशक्तियों समेत विभिन्न देश एक किस्म के अविश्वास के दौर से गुजर रहे हैं, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बीजिंग यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से तो महत्वपूर्ण है ही, वैश्विक भू-राजनीति की दृष्टि से भी इसके संदेश अहम हैं ।इस यात्रा का महत्व इससे भी समझा जा सकता है कि पिछले तकरीबन एक दशक में यह पहली बार है, जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर रहते हुए चीन पहुंचा हो। कई बार टलने के बाद अब अगर दो बड़े वैश्विक नेता वार्ता के लिए तैयार हुए हैं, तो इसका अर्थ ही है कि वे आश्वस्त हैं कि रणनीतिक प्रतिस्पर्धा को खतरनाक टकराव में बदलने से रोकने के लिए सीधी बातचीत जरूरी है। हालांकि यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि ट्रंप की यात्रा से दोनों देशों के बीच गहरे मतभेद आसानी से खत्म हो जाएंगे ।ताइवान का मुद्दा संवेदनशील है, जिसे सैन्य समर्थन देने के मामले में चीन अमेरिका से, वहीं हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी सक्रियता के मद्देनजर अमेरिका चीन से अधिक संयम बरतने की मांग कर सकता है। इसके अतिरिक्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर तकनीक और साइबर सुरक्षा के क्षेत्रों में भी दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा लगातार तेज हो रही है। अमेरिका की यह आशंका पूरी तरह निराधार भी नहीं है कि चीन तकनीकी और सैन्य रूप से उसकी बराबरी करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है ।उल्लेखनीय है कि अमेरिका और चीन के संबंध ही वर्तमान युग में वैश्विक भू-राजनीति की दिशा तय कर सकते हैं। शायद इसीलिए दुनिया के विभिन्न देशों की निगाहें इस बैठक पर टिकी हैं और इसके निष्कर्षों में ही उन्हें अपने लिए रणनीतिक जमीन ढूंढनी होगी। जहां तक नई दिल्ली की बात है, तो पिछले कुछ दशकों में अमेरिका ने उसे चीन के खिलाफ एक संतुलनकारी ताकत के रूप में देखा है, जिसका रणनीतिक फायदा भारत को मिला है। लेकिन अब अगर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच रिश्तों में गर्माहट बढ़ती है, तो यह समीकरण बदल सकता है ।अगर चीन पर अमेरिकी दबाव कम होता है, तो वह दक्षिण एशिया में अपनी पैठ को और गहरा करने की कोशिश कर सकता है। हालांकि ये सब अटकलें ही हैं। दरअसल, ट्रंप और शी जिनपिंग की बैठक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और इसकी पारंपरिक अवधारणाओं में आ रहे बदलावों को रेखांकित करती है। भारत के लिए जरूरी है कि वह इस बैठक के नतीजों का विश्लेषण करे, खुद को बदलती वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप ढाले और अपने हितों को प्राथमिकता देते हुए किसी एक राष्ट्र पर अत्यधिक निर्भरता के बगैर नीतियां बनाए। एक चीनी अधिकारी के अनुसार दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना जरूरी है। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के युद्ध की वजह से यह समुद्री रास्ता लंबे समय से बंद है। शी जिनपिंग ने इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का टैक्स या टोल लगाने का विरोध किया है। अधिकारी के अनुसार, शी जिनपिंग ने अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने की रुचि दिखाई है। चीन चाहता है कि भविष्य में खाड़ी देशों के तेल पर उसकी निर्भरता कम हो जाए। इस मुलाक़ात को एक नए अंतरराष्ट्रीय समीकरण और वैश्विक शांति की पहल के रूप में भी देखा जाना चाहिए क्योंकि जब दो महाशक्तियां विमर्श करने को विवश होती हैं तो इसे समाधान कहा जाता है।

**विचार प्रवाह**
हम भावनाओं को अत्यधिक महत्त्व देते हैं, यहां तक कि हम यह भी मानते हैं कि उचित प्रकार की भावना अत्यंत आनंददायी होती है। इससे क्या फर्क पड़ता है कि आपको कैसा लगता है? अपने प्रारब्ध को भोगें जब तक कि यह प्रभु की इच्छा है कि आप ऐसा करें। उचित कार्य करें और यथासमय शांति एवं आनंद की सही भावना का उदय होगा। - श्री ज्ञानमाता

# विपक्ष को मुसलमानों से लगातार मिल रही मात

आज की बात



ओमप्रकाश अश्क

> भाजपा में बदलाव की पूरी जानकारी तो सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन लगातार राज्यों में भाजपा की जीत यह संकेत करती है कि पैटर्न बदलने के सकारात्मक नतीजों से भाजपा उत्साहित है

लोकसभा चुनाव 2024 में झटका खाने के बाद भाजपा ने अपनी रणनीतियों में बड़ा बदलाव किया है। अब भाजपा का थ्री लेयर नेतृत्व है। एक संरक्षक मंडल का नेतृत्व है तो दूसरा नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिह वाला। तीसरा और प्रभावी नेतृत्व नितिन नवीन, जेपी नड्डा, देवेंद्र फणनवीस, हिमंता विस्व सरमा, सम्राट चौधरी और शुभेंदु अधकारी का बन या है। यह दूसरे दलों से भाजपा को अलग करता है। भाजपा में बदलाव की पूरी जानकारी तो सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन लगातार राज्यों में भाजपा की जीत यह संकेत करती है कि पैटर्न बदलने के सकारात्मक नतीजों से भाजपा उत्साहित है। हरियाणा, दिल्ली, बिहार, असम और बंगाल जैसे राज्यों में भाजपा बड़ी ताकत बन कर उभरी है। उसकी ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बंगाल में 15 साल का ममता राज छीना तो महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी अपना सीएम बनाने में आखिरकार सफलता पा ली। विपक्षी दलों का महागठबंधन बनाए राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव की उम्मीदों पर तो ऐसा पानी फिरा कि राजनीति से उनका मन ही उचट गया लगता है। ऐसा क्यों है कि भाजपा लगातार बढ़ती जा रही है और विपक्षी पार्टियां अपना अस्तित्व बचाने के लिए जूझ रही हैं।

### भाजपा की बहुसंख्यक राजनीति

2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत न मिलने के बावजूद, उसके बाद के राज्य चुनावों में पार्टी ने अपनी रणनीति में बदलाव किया और उल्लेखनीय सफलता हासिल की। हरियाणा, दिल्ली, बिहार, असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भाजपा या एनडीए की जीत ने यह संकेत दिया कि विपक्षी दलों की कुछ पुरानी रणनीतियां अब कम प्रभावी हो रही हैं। बंगाल में 15 वर्षीय ममता बनर्जी के तृणमूल कांग्रेस शासन को समाप्त कर भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की, जबकि बिहार में महागठबंधन की उम्मीदों पर पानी फिर गया। राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव को भी व्यक्तिगत और राजनीतिक झटका लगा, जिससे विपक्षी खेमे में निराशा छाई हुई है। यह सब इसलिए हुआ कि भाजपा ने बहुसंख्यक की राजनीति करने का जहां दृढ़ निश्चय किया है, वहीं विपक्ष अब भी अल्पसंख्यकों के जरिए सफलता की उम्मीद पाले हुए है।

### विपक्ष मुस्लिम मोह में पागल

विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस और क्षेत्रीय पार्टियां, लंबे समय से मुस्लिम वोट बैंक पर निर्भर रही हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं ने बड़े पैमाने पर इंडिया गठबंधन का साथ दिया, जिससे कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों की सीटें बढ़ीं। हालांकि, विपक्ष ने मुस्लिम समुदाय को आश्वासन देने की रणनीति पर अत्यधिक जोर दिया, जिससे बहुसंख्यक समुदाय से दूरी बढ़ी। राज्यों के हालिया चुनावों में विपक्ष का यह पैटर्न जारी रहा। बंगाल और बिहार जैसे राज्यों में विपक्ष ने अल्पसंख्यक समुदाय



की भावनाओं को प्राथमिकता दी। लेकिन भाजपा ने विकास, सुरक्षा, सांस्कृतिक जैसे फौरी और स्थानीय मुद्दों के अलावा हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद पर फोकस किया। परिणामस्वरूप विपक्ष को लगातार झटके लगे। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस मुस्लिम-बहुल क्षेत्रों में मजबूत रही, लेकिन दक्षिण बंगाल और अन्य हिस्सों में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण भाजपा के पक्ष में गया। इसी तरह बिहार में तेजस्वी यादव के महागठबंधन को 2025 विधानसभा चुनावों में भारी हार का सामना करना पड़ा, जहां एनडीए ने भारी बहुमत हासिल किया। विपक्ष का यह मुस्लिम मोह ऐतिहासिक है। कई मौकों पर अल्पसंख्यक अपील ने उन्हें बहुसंख्यक वर्ग से अलग-थलग कर दिया। नतीजा यह कि मुस्लिम वोटों पर निर्भरता बढ़ने के बावजूद चुनावी प्रदर्शन कमजोर रहा।

### भाजपा का बड़ा हथियार राष्ट्रवाद

भाजपा ने राष्ट्रवाद को अपना प्रमुख हथियार बनाया। 2024 के बाद पार्टी ने संगठनात्मक बदलाव किए, उम्मीदवार चयन को सख्त बनाया और विकास के साथ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को जोड़ा। असम, बंगाल और अन्य राज्यों में भाजपा ने अवैध घुसपैठ, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय एकता जैसे मुद्दों पर जोर दिया। असम में हिमंता बिस्वा सरमा की नेतृत्व वाली सरकार ने सीमा सुरक्षा और स्थानीय हितों की रक्षा को प्राथमिकता दी। बंगाल में भाजपा ने ममता शासन में मुस्लिम तुष्टीकरण और गुंडागर्दी के खिलाफ अभियान चलाया। हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण भाजपा की जीत का आधार बना। दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसी जीतों ने भी दिखाया कि भाजपा का राष्ट्रवादी एजेंडा– विकास, सुरक्षा और गर्व– व्यापक समर्थन हासिल कर रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में झटके के बाद पार्टी ने पैटर्न बदला। अधिक लोकल मुद्दों पर फोकस, बेहतर गठबंधन और ग्रासरूट संगठन के परिणाम सकारात्मक रहे। राष्ट्रवाद ने भाजपा को क्षेत्रीय बाधाओं को पार करने में मदद की। बंगाल में पहली बार सत्ता हासिल कर पार्टी ने अपना विस्तार साबित किया। जान-समझ कर कांग्रेस या यों कहें कि पूरे विपक्ष ने राह नहीं बदली। कांग्रेस बार-बार अपनी रणनीति पर सवाल उठने के बावजूद मुस्लिम अपील वाली छवि से मुक्त नहीं हो पाई। 2014 की हार के बाद एके। एंटोनी समिति ने रिपोर्ट दी थी कि अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की छवि ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। फिर भी, कांग्रेस ने राह नहीं बदली। 2024 में कांग्रेस ने 99 सीटें जीतीं, मुख्य रूप से मुस्लिम वोटों के सहारे। लेकिन समग्र राष्ट्रीय प्रभाव सीमित रहा। राज्य चुनावों में भी पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा। बिहार और बंगाल जैसे राज्यों में गठबंधन सहयोगी मुख्य भूमिका में थे, लेकिन कांग्रेस की स्वतंत्र पहचान अल्पसंख्यक-केंद्रित बनी रही। आलोचक कहते हैं कि जान-बूझकर यह रणनीति अपनाई जा रही है, जो लंबे समय में पार्टी को बहुसंख्यक वर्ग से दूर कर रही है।

### शाहबानो मामले में कांग्रेस का रुख

1985 का शाहबानो मामला कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति का क्लासिक उदाहरण माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो को गुजारा भत्ता देने का फैसला दिया, लेकिन राजीव गांधी सरकार ने मुस्लिम महिलाओं (तलाक पर अधिकार संरक्षण) अधिनियम 1986 लाकर फैसले को पलट दिया। इससे महिला अधिकारों पर सवाल उठे और पार्टी पर अल्पसंख्यक वोट बैंक बचाने का आरोप लगा। यह घटना आज भी कांग्रेस की आलोचना का विषय है। भाजपा इसे बार-बार उठाती है कि कांग्रेस ने संवैधानिक मूल्यों से ऊपर वोट बैंक को रखा। ट्रिपल तलाक जैसे मुद्दों पर भी कांग्रेस का रुख इसी पैटर्न का हिस्सा रहा। इसने पार्टी की सेकुलर छवि को तुष्टीकरण के रूप में स्थापित किया। इसका असर चुनावी राजनीति पर पड़ा।

### एंटोनी ने हार की असल वजह बताई

2014 की भारी हार के बाद कांग्रेस की जांच समिति के प्रमुख एके एंटोनी ने स्वीकार किया कि अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की छवि ने बहुसंख्यक समुदाय से पार्टी को अलग कर दिया। उन्होंने सलाह दी कि कांग्रेस को हिंदू और अल्पसंख्यक दोनों को साथ लेकर चलना चाहिए। फिर भी पार्टी ने इस सलाह पर ध्यान नहीं दिया। 2022-23 में भी एंटोनी ने यही बात दोहराई कि फासीवाद के विरोध के नाम पर बहुसंख्यक समुदाय को साथ लेना जरूरी है। कांग्रेस की निरंतर हार या सीमित सफलता का एक कारण यही माना जाता है कि वह बहुसंख्यक भारत की आकांक्षाओं को पूरी तरह समझने और प्रतिबिंबित करने में असफल रही। यही वजह रही कि 2024 के बाद भाजपा की राज्य स्तर पर सफलताएं अधिक दिख रही हैं। बंगाल में ममता का अंत और बिहार में तेजस्वी को झटका यह दर्शाती हैं कि मतदाता अब विकास, राष्ट्रवाद और समावेशी अपील को प्राथमिकता दे रहे हैं। विपक्ष अगर मुस्लिम मोह से ऊपर नहीं उठा तो आगे भी चुनौतियां न सिर्फ बनी रहेंगी, बल्कि इनके और गंभीर होने का खतरा बढ़ेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# आखिर कब रुकेगा नीट पेपर लीक का सिलसिला?

अलग बात



श्रीयम त्रिपाठी

देश में नीट परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं है, बल्कि लाखों परिवारों के सपनों, संघर्षों और उम्मीदों का नाम है। हर साल लाखों आंखें इस परीक्षा के परिणाम पर टिकी होती हैं। कोई मां अपने बेटे को डॉक्टर के रूप में देखना चाहती है, तो कोई पिता अपनी पूरी जिंदगी की कमाई बच्चे की पढ़ाई पर लगा देता है। लेकिन जब ऐसी परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं, तब सबसे ज्यादा चोट उन विद्यार्थियों के दिल पर लगती है जिन्होंने अपनी जिंदगी का सबसे महत्वपूर्ण समय केवल पढ़ाई में लगा दिया। नीट की तैयारी केवल किताबें पढ़ने तक सीमित नहीं होती। इसके पीछे एक ऐसा मानसिक और भावनात्मक संघर्ष होता है जिसे वही विद्यार्थी समझ सकता है जो इस दौर से गुजर रहा हो। देश के अलग-अलग राज्यों से हजारों बच्चे अपने घर और परिवार छोड़कर कोटा जैसे शहरों में जाते हैं। वहां छोटे-छोटे कमरों में रहकर दिन-रात पढ़ाई करते हैं। परिवार से दूर रहना, मां के हाथ का खाना छोड़ना, त्योहारों में घर न जा पाना, दोस्तों से दूरी बना लेना। यह सब एक सपने के लिए किया जाता है। कई विद्यार्थी ऐसे परिवारों से आते हैं जहां आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत नहीं होती। किसी किसान का बेटा खेत बेचकर कोचिंग करता है, कोई मजदूर अपनी दिनभर की कमाई बच्चे की फीस में लगा देता है। माता-पिता खुद पुराने कपड़े पहन लेते हैं लेकिन बच्चे की किताबें नई दिलाते हैं। कई परिवार कर्ज तक ले लेते हैं ताकि उनका बच्चा डॉक्टर बन सके। आज नीट की तैयारी एक सामान्य परिवार के लिए बहुत महंगी हो चुकी है। लाखों रुपये कोचिंग, हॉस्टल, किताबें, टेस्ट सीरीज, यात्रा और फॉर्म फीस में खर्च हो जाते हैं। लेकिन इन सबसे बड़ा खर्च होता है मानसिक शांति का। विद्यार्थी हर दिन इस डर में जीता है कि अगर चयन नहीं हुआ तो परिवार की उम्मीदें टूट जाएंगी। यही कारण है कि तैयारी का दबाव कई बार इतना बढ़ जाता है कि बच्चे मानसिक रूप से टूटने लगते हैं। खासकर कोटा जैसे शहरों से हर साल विद्यार्थियों के अवसाद, आत्महत्या और आत्मदाह जैसी दर्दनाक खबरें सामने आती हैं। कुछ बच्चे अपने कमरे में अकेले रोते हैं, कुछ डिप्रेशन में चले जाते हैं, तो कुछ जिंदगी से हार मान लेते हैं। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि उस असहनीय दबाव का परिणाम है जो समाज और प्रतियोगिता मिलकर विद्यार्थियों पर डालते हैं। एक छात्र जब सुबह चार बजे उठकर पढ़ाई करता है, अपनी नींद, अपनी खुशी, अपना बचपन तक दांव पर लगा देता है, तब उसके मन में सिर्फ एक विश्वास होता है “मेरी मेहनत एक दिन रंग लाएगी।” लेकिन जब परीक्षा के बाद यह सुनने को मिले कि पेपर पहले ही लीक हो चुका था, तब उसकी पूरी दुनिया हिल जाती है। उसे लगता है कि उसकी ईमानदारी हार गई और पैसे तथा पहुंच वाले लोग जीत गए। पेपर लीक केवल एक अपराध नहीं है, यह उन लाखों विद्यार्थियों की भावनाओं की हत्या है जिन्होंने अपनी जिंदगी के सबसे महत्वपूर्ण साल इस परीक्षा को दिए। सोचिए उस बच्चे पर क्या गुजरती होगी जिसने महीनों परिवार से दूर रहकर पढ़ाई की, माता-पिता के पैसे बचाने के लिए खुद की जरूरतें कम कर दीं, हर दिन तनाव और डर के बीच तैयारी की, और फिर अंत में पता चले कि परीक्षा निष्पक्ष ही नहीं थी। सबसे दुखद बात यह है कि हर बार कुछ दिनों तक शोर होता है, जांच की बातें होती हैं, बयान दिए जाते हैं, लेकिन विद्यार्थियों के टूटे हुए मन को कोई नहीं देखता। किसी समाचार चैनल पर नंबरों की चर्चा होती है, लेकिन उस मां के आंसू दिखाई नहीं देते जिसने अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए गहने तक बेच दिए। किसी रिपोर्ट में पेपर लीक के आरोपी दिखाए जाते हैं, लेकिन वह विद्यार्थी नहीं दिखता जो परिणाम से पहले ही मानसिक रूप से टूट चुका होता है। यह भी एक बड़ा प्रश्न है कि जब देश इतने बड़े चुनाव सफलतापूर्वक करा सकता है, जहां करोड़ों लोग मतदान करते हैं और परिणाम बिना किसी बड़े विवाद के सामने आते हैं, तब एक परीक्षा का प्रश्नपत्र सुरक्षित क्यों नहीं रह पाता? हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के चुनाव परिणाम सामने आए। जनता ने जिसे चुना, वह जीत गया। इतने बड़े लोकतांत्रिक आयोजन में यदि गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखी जा सकती है, तो फिर विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी परीक्षा में इतनी लापरवाही क्यों? हालांकि केवल व्यवस्था को कोसना ही समाधान नहीं है। जरूरत इस बात की है कि सरकार, परीक्षा एजेंसियां और समाज मिलकर इस समस्या को गंभीरता से समझें। पेपर लीक करने वालों को ऐसी कठोर सजा मिलनी चाहिए कि भविष्य में कोई भी विद्यार्थी के सपनों के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से मजबूत और पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### “समर्पण, प्रेम, त्याग व त्यौहार”



आभा मुखर्जी

वट की छांव में बैठी , श्रद्धा का श्रृंगार लिए,
हाथों में विश्वास की डोरी, मन में अडिग प्यार लिए।
वो त्याग की मूरत, वो प्रेम का बहता पावन झरना है,
जिसे मौत से भी लड़कर, अपने सुहाग की रक्षा करना है।
अक्षत, रोली और चंदन से, वट वृक्ष को पूजा है,
उसके हृदय में पिया बिना, देव न कोई दूजा है।
कच्चे सूत के धागों में, उसने सात जन्मों को बांध लिया,
त्याग की उस अग्नि में तपकर, खुद को कुंदन मान लिया।
वह सावित्री की शक्ति है, वह निष्ठा का प्रमाण है,
उसके सतीत्व के आगे तो, यमराज को झुकना पड़ा।
न थकती है उपवासों से, न डगमगाते उसके कदम,
हर सांस में बसती दुआ, ‘जुग-जुग जिएं मेरा पिया’।
माथे की बिंदिया चमके ऐसे, जैसे नभ का तारा हो,
उसके तप से महक उठे, ये संसार सारा हो।
प्रेम, समर्पण और अटूट विश्वास की, एक जीती-जागती गाथा है।
कामना बस यही मन में
जब तक जीऊं, साथ रहूं,
संग तुम्हारे सात जन्मो का नाता है।

## राष्ट्रीय नवीन मेल धर्म-अध्यात्म

### वट सावित्री व्रत : अखंड सौभाग्य, समर्पण व नारी शक्ति का पावन पर्व



संजय सर्राफ

भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के अटूट प्रेम, समर्पण एवं अखंड सौभाग्य का प्रतीक माने जाने वाला वट सावित्री व्रत इस वर्ष 16 मई दिन शनिवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व मुख्य रूप से विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना हेतु रखा जाता है। भारतीय सनातन परंपरा में यह व्रत नारी के त्याग, तप, निष्ठा और अटूट विश्वास का अद्भुत उदाहरण माना जाता है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व वट वृक्ष एवं सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि पतिव्रता सावित्री ने अपने दृढ़ संकल्प, तपस्या और बुद्धिमत्ता से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त कर लिए थे। तभी से यह व्रत अखंड सौभाग्य और वैवाहिक सुख का प्रतीक बन गया। इस दिन महिलाएं प्रातः स्नान कर नए वस्त्र धारण करती हैं तथा वट वृक्ष की पूजा-अर्चना करती हैं। वट वृक्ष के तने में कच्चा सूत या धागा लपेटकर परिक्रमा की जाती है और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी जाती है। व्रती महिलाएं निर्जला अथवा फलाहार व्रत रखकर अपने परिवार की सुख-शांति एवं पति की लंबी आयु की कामना करती हैं ।वट वृक्ष को भारतीय संस्कृति में अत्यंत पवित्र एवं जीवनदायी माना गया है। इसकी विशालता, दीर्घायु और सदैव हरा-भरा रहने का गुण जीवन में स्थिरता, समृद्धि और निरंतरता का संदेश देता है। धार्मिक दृष्टि से वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना गया है। यही कारण है कि इसकी पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। वट सावित्री व्रत केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि भारतीय पारिवारिक मूल्यों, दांपत्य जीवन की मर्यादा और नारी शक्ति के सम्मान का भी प्रतीक है। यह पर्व महिलाओं को धैर्य, त्याग, आत्मविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है।

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से



# राज्यसभा चुनाव : झारखंड की रणभूमि में होगी रिश्तों की अग्निपरीक्षा?

देश की बात



केदारनाथ दास

पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों के बाद राज्यसभा चुनाव को लेकर अब झारखंड की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है। यह सही है कि अभी तक निर्वाचन आयोग ने झारखंड की इन सीटों के लिए आधिकारिक तारीखों का ऐलान नहीं किया है लेकिन चुनाव कार्यक्रम की घोषणा “किसी भी दिन” होने की चर्चा तेज हो चुकी है और विभिन्न राजनैतिक दलों ने अब इसकी तैयारी तेज कर दी है। ऐसे में, इस चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच राजनैतिक रस्साकस्सी, दबाव और भावनात्मक समीकरणों का दौर भी शुरू हो चुका है। बताते चलें कि झारखंड से राज्यसभा की दो सीटें खाली हो रही हैं। इनमें से एक सीट झामुमो संस्थापक दिवंगत शिबू सोरेन वाली है और दूसरी सीट भाजपा नेता दीपक प्रकाश की है। वर्तमान अंकगणित के अनुसार इनमें से एक सीट पर सत्तासीन झामुमो का दावा लगभग तय माना जा रहा है परन्तु दूसरी सीट पर संशय बना हुआ है। इस संशय का मतलब बहुत साफ है क्योंकि अभी से यह लड़ाई केवल दो सीटों की नहीं बल्कि सत्ता, परिवार, सम्मान और विश्वासघात की बनती नजर आ रही है।

बाहर से देखने पर यह एक सामान्य संसदीय चुनाव लग सकता है लेकिन अंदरखाने यह संघर्ष सीधे सोरेन परिवार की चौखट तक पहुँच चुका है। सत्ता के गलियारों में फुसफुसाहट है कि आने वाले दिनों में झारखंड की राजनीति में ऐसा दृश्य देखने को मिल सकता है जहाँ रिश्ते और राजनीति एक दूसरे के आमने-सामने खड़े होंगे। दिलचस्प तथ्य यह है कि जिस सीट पर झामुमो का दावा तय माना जा रहा है उसे लेकर दबाव की राजनीति सतह पर है और गठबंधन धर्म के आलोक में उसे कांग्रेस के लिए छोड़ने का दबाव बना हुआ है। ऐसा तब है जबकि झामुमो के लिए यह सीट केवल संसद की एक कुर्सी भर नहीं है बल्कि शिबू सोरेन की राजनीतिक विरासत का प्रतीक बनकर सामने है। यह विवाद अभी सतह पर तो नजर नहीं आ रहा है लेकिन अंदरखाने चल रहे खींचतान के कारण यह सीट कहीं न कहीं विस्फोट के मुहाने पर खड़ा दिखाई पड़ रहा है और यह मामला अंततः हेमंत सोरेन की सरकार के लिए एक मुसीबत बनता नजर आ रहा है। राज्यसभा की दूसरी सीट का मामला भी कम दिलचस्प नहीं है क्योंकि यहां विपक्ष के सामने बेहद सोची-समझी चाल चलने में माहिर भाजपा का हित जुड़ा हुआ है। कल्पना कीजिए कि यदि भाजपा सीता सोरेन को राज्यसभा उम्मीदवार बना देती है तो यह केवल प्रत्याशी घोषित कर देने का मामला नहीं होगा बल्कि हेमंत सोरेन के लिए एक भावनात्मक चक्रव्यूह बनकर सामने होगा। सीता सोरेन केवल भाजपा की नेता भर नहीं हैं। वे उसी शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं जिसने झारखंड आंदोलन की राजनीति को खून-पसीने से सींचा है। ऐसे में झामुमो आलाकमान के लिए सीधा और असहज सवाल यह होगा कि क्या हेमंत सोरेन अपने ही घर की बड़ी बहू को हराने के लिए विधायकों से वोट करवाएंगे? इस चुनाव में पेंच और भी हैं जबकि भाजपा यह अच्छी तरह से जानती है कि आदिवासी समाज में रिश्तों और सम्मान की बातों का कोई राजनैतिक सरोकार नहीं होता। ऐसे में यदि झामुमो सीता सोरेन का विरोध करता है तो पूरे आदिवासी क्षेत्र में यह नैरेटिव बनता चला जाएगा कि महज एक राज्यसभा सीट के लिए झामुमो ने अपने परिवार और शिबू सोरेन का ही अपमान कर दिया है। दूसरी ओर झामुमो यदि नरमी दिखाता है तो कांग्रेस यह आरोप लगाने से कहां चुकेगी कि गठबंधन धर्म के विरुद्ध जाकर हेमंत सोरेन ने भाजपा के साथ कोई न कोई “सेटिंग” जरूर कर ली है। मतलब साफ है कि यह चुनाव ऐसा जाल बनने जा रहा है जिसमें अभी से हर रास्ता झामुमो के राजनैतिक नुकसान की ओर जाता दिखाई पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में, सबसे ज्यादा बेचैनी कांग्रेस खेमे में है। कांग्रेस गठबंधन में है, सत्ता में भी है और खुल कर विरोध करने की स्थिति में भी नहीं है। इसका परिणाम सामने है क्योंकि सम्मानजनक हिस्सेदारी को लेकर वह लगातार हाशिए पर बनी हुई है और सिर्फ संख्या पूरी करने का माध्यम बनकर रह गई है। इन सबके बावजूद कांग्रेस की सबसे बड़ी मजबूरी यह है कि वह खुलकर टकराव भी नहीं कर सकती क्योंकि झारखंड उन गिने-चुने राज्यों में है जहाँ कांग्रेस अभी भी सत्ता का स्वाद चख रही है। लब्बोलुआब यह कि राज्यसभा चुनाव के कारण झारखंड की राजनीति अब उस मोड़ पर पहुँच चुकी है जहाँ हर दल की असली परीक्षा होने वाली है, जहाँ रिश्ते भी कटघरे में होंगे और गठबंधन की अग्निपरीक्षा भी होगी। बहरहाल नतीजा कुछ भी हो, अब झामुमो को यह तय करना है कि वह सत्ता बचाए या भावनात्मक छवि? कांग्रेस को तय करना है कि वह आत्मसम्मान बचाए या सरकार? भाजपा को तय करना है कि उसका दांव सहानुभूति बटोर पाएगा या नहीं?

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

प्रेम, कि वक्त बिसात ज्यों, मंसूबे ले बीस।
कहां गए वे लोग जो, दे देते थे सीस।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/00155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह ‘बादल’, सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नीट यूजी की अगले साल से होगी ऑनलाइन परीक्षा : धर्मेंद्र प्रधान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा 21 जून को कराई जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट यूजी पेपर रद्द होने के बाद सरकार ने नई परीक्षा तिथि घोषित कर दी है। उन्होंने बताया कि 21 जून को री-एग्जामिनेशन कराया जाएगा। धर्मेंद्र प्रधान ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अगले वर्ष से नीट यूजी परीक्षा पारंपरिक ओएमआर आधारित प्रणाली के बजाय कंप्यूटर आधारित परीक्षा मोड में आयोजित की जाएगी।

सरकार का मानना है कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा से पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अधिक प्रभावी नियंत्रण किया जा सकेगा। गौरतलब है कि नीट यूजी परीक्षा तीन मई को आयोजित की गई थी। पेपर लीक होने के बाद इसे रद्द कर दिया गया। अब यह परीक्षा दोबारा आयोजित करवाई जा रही है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि अभी तक की जांच में सामने आया है कि कुछ ऐसे प्रश्न परीक्षा में आए थे, जो पहले से प्रसारित गेस पेपर से मिलते-जुलते थे। इसी वजह से परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीति 'मालप्रैक्टिस के खिलाफ जीरो टॉलरेंस' की है। परीक्षा माफिया, एंटी-सोशल तत्व और तकनीक के जरिए फैलाए जा रहे भ्रम आज बड़ी चुनौती बन चुके हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचनाएं फैलाकर छात्रों को गुमराह करने की कोशिश की जाती है और खुलेआम यह दावा किया जाता है कि नीट जैसी परीक्षाओं को भी तोड़ा जा सकता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद कहा कि सरकार परीक्षा की निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं करेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोपों के बाद परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया गया और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि एनटीए को 7 मई को परीक्षा में गड़बड़ियों की जानकारी मिली थी, जिसके बाद 8 मई को मामला केंद्रीय एजेंसियों को भेजा गया। बाद में परीक्षा रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया।

### एनटीए भी सीबीआई जांच के घेरे में, 2024 में किए थे सुधार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एमबीबीएस जैसे महत्वपूर्ण कोर्स के लिए नीट परीक्षा आयोजित करवाने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) भी जांच के घेरे में है। सीबीआई एनटीए के अधिकारियों की भी जांच करेगी। 3 मई को आयोजित नीट परीक्षा पेपर लीक होने के कारण रद्द कर दी गई है। अब पेपर लीक को लेकर सीबीआई एनटीए की भूमिका की भी जांच करेगी। 21 जून को यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि 2024 के बाद एनटीए में सुधार किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद 2026 में फिर गड़बड़ी हुई। इसलिए अब एनटीए में और व्यापक सुधार किए जाएंगे। शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) इस मामले की तह तक जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह एनटीए के अंदर हो या बाहर। उन्होंने बताया कि परीक्षा में पारदर्शिता व सुचिता के लिए राधाकृष्णन समिति की सिफारिशों को लागू किया गया था।

## विधानसभा की कार्यवाही होगी लाइव स्ट्रीम : मुख्यमंत्री

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को विधानसभा में घोषणा की कि राज्य विधानसभा की कार्यवाही जल्द ही लाइव स्ट्रीम की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और जनता को अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों के कामकाज से सीधे जोड़ना है। विधानसभा में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अब से पश्चिम बंगाल विधानसभा के भीतर की कार्यवाही का लाइव प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य के लोग वास्तविक समय में सदन की गतिविधियां देख सकेंगे और यह समझ पाएंगे कि उनके चुने हुए विधायक किस तरह बहस और चर्चाओं में भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम शासन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उठाया जा रहा है। उनके अनुसार, जिन नागरिकों ने विधायकों को चुनकर सदन तक पहुंचाया है, उन्हें यह जानने का अधिकार है कि उनके प्रतिनिधि जनता के मुद्दों को किस तरह उठा रहे हैं और अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

# आरजी कर कांड में ममता की भूमिका की भी होगी जांच : शुभेंदु अधिकारी

- **आधिकारिक रूप से कोलकाता पुलिस या गृह विभाग की प्रवक्ता नहीं थीं, फिर भी सार्वजनिक रूप से लगातार बयान दे रही थीं**

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में अब पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भूमिका की भी जांच होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नवान्न में इसकी घोषणा करते हुए इस मामले में तीन आईपीएस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। वहीं, पीड़िता की मां व पानीहाटी से भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि आरजी कर कांड की फाइल दोबारा खोली जा रही है और उस समय जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों की भूमिका की विभागीय जांच होगी। जिन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है उनमें तत्कालीन कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन डीसी नॉर्थ अभिषेक गुप्ता और तत्कालीन डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखोपाध्याय शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह मंत्री का पद संभालने के बाद उन्होंने मुख्य सचिव और गृह सचिव से आरजी कर मामले तथा उसके बाद की परिस्थितियों को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट के आधार पर प्रारंभिक प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले को सही तरीके से हैंडल नहीं किया गया और प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर शुरुआती जांच तक कई स्तर पर गंभीर चूक हुई।

### आरजी कर मामले की फिर होगी जांच तीन आईपीएस अधिकारी निलंबित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए तीन आईपीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को नवान्न में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मामले की फाइल दोबारा खोली जाएगी और उस समय जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू होगी। निलंबित अधिकारियों में पूर्व कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, तत्कालीन पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल) इंदिरा मुखोपाध्याय और तत्कालीन पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ) अभिषेक गुप्ता शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अधिकारियों पर कर्तव्य में लापरवाही और मामले को सही ढंग से नहीं संभालने के आरोप हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि गृह मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने मुख्य सचिव और गृह सचिव से आरजी कर मामले और उससे जुड़ी घटनाओं पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। उन्होंने कहा कि जानकारी और तथ्यों की समीक्षा के बाद सरकार ने यह प्रशासनिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और शुरुआती कार्रवाई में गंभीर गड़बड़ियां हुई थीं।

## ईडी ने कोलकाता पुलिस के डीसीपी शांतनु सिन्हा को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कोलकाता पुलिस के डिप्टी कमिश्नर (डीसीपी) शांतनु सिन्हा विश्वास गुरुवार को करीब साढ़े 10 घंटे तक चली पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह मामला कथित रंगदारी और जमीन कब्जाने वाले रैकेट से जुड़ा है, जिसे कथित तौर पर वांछित अपराधी बिस्वजीत पोद्दार उर्फ "सोना पाप्पू" और कारोबारी जय कामदार चला रहे थे। शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। ईडी के एक अधिकारी ने शुक्रवार सुबह गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि शांतनु सिन्हा विश्वास जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार सुबह से ही कोलकाता के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ईडी कार्यालय में उनसे पूछताछ चल रही थी।पूछताछ के दौरान जानकारी छिपाने और जांच में सहयोग नहीं करने के आरोप में उन्हें रात करीब 10 बजे गिरफ्तार किया गया। ईडी ने इससे पहले भी उन्हें कई बार पूछताछ के लिए नोटिस भेजे थे। बिस्वास को 28 अप्रैल को भी पेश होने के लिए कहा गया था, जो पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले की तारीख थी, लेकिन वह उस दिन भी उपस्थित नहीं हुए। लगातार अनुपस्थित रहने के बाद एजेंसी ने बुधवार को उनके ठिकाने का पता लगाने के लिए सुरक्षा निदेशालय की मदद भी मांगी थी। बता दें कि, कोलकाता पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में सोना पाप्पू पर रंगदारी, दंगा, हत्या के प्रयास, आपराधिक साजिश और आर्म्स एक्ट के तहत कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

## अमेरिका में भारतीय मूल के युवक को हथियार तस्करी में 64 माह की जेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के जशनप्रीत सिंह को हथियारों की तस्करी और मशीनगन रखने के आरोप में 64 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। पंजाब निवासी 27 वर्षीय जशनप्रीत सिंह को पूरे पांच साल और चार महीने संघीय जेल में गुजारने होंगे। यह घोषणा अमेरिकी अटॉर्नी एरिक ग्रांट ने की। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की वेबसाइट पर जशनप्रीत को सजा सुनाने और उसके जुर्म का विवरण साझा किया गया है। 'पंजाबी डेविल्स' को असल में हथियारों की तस्करी और "हेल्स एंजेल्स" से जुड़ा एक अपराधी गिरोह बताया गया है। 06 जून, 2025 को जशनप्रीत ने एक अंडरकवर अधिकारी को हथियार (असाल्ट हथियार, रिवॉल्वर, मशीनगन) बेचने की कोशिश की।

# नशा मुक्त भारत के लिए वैश्विक एकजुटता जरूरी : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाहने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित आर.एन. काव स्मृति व्याख्यान-2026 को संबोधित करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि मानवता और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा से जुड़ा वैश्विक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वर्ष 2047 तक "नशा मुक्त भारत" का लक्ष्य तय किया है और इसके लिए सुरक्षा एजेंसियां समन्वित रणनीति पर काम कर रही हैं। गृह मंत्री ने कहा कि भारत की "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत देश यह सुनिश्चित करेगा कि नशीले पदार्थों का एक ग्राम भी न तो भारत में प्रवेश करे और न ही यहां से बाहर जाए।

उन्होंने कहा कि ड्रग्स से होने वाली कमाई का उपयोग आतंकवाद, संगठित अपराध और समानांतर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में किया जाता है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। उन्होंने दुनिया के सभी देशों से ड्रग्स के खिलाफ साझा कानूनी ढांचा बनाने, खुफिया जानकारी साझा करने, सीमा-पार अभियान चलाने और अंतरराष्ट्रीय अपराधियों के प्रत्यर्पण में सहयोग बढ़ाने की अपील की।


शाह ने बताया कि पिछले दो वर्षों में भारत ने मित्र देशों के सहयोग से 40 से अधिक अंतरराष्ट्रीय अपराधियों को वापस लाने में सफलता हासिल की है।

अमित शाह ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई भू-राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर लड़ी जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दुनिया ने अभी गंभीर कदम नहीं उठाए तो आने वाले वर्षों में इसका दुष्प्रभाव और भयावह हो सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न देशों के राजदूत, सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी तथा रामेश्वर नाथ काओ के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड को सीबीआई ने पुणे से किया गिरफ्तार

- **मुख्य आरोपी रसायन विज्ञान के प्रध्यापक हैं**

**एजेंसी। लातूर**



केंद्रीय जांच ब्यूरो ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने मामले में कथित सरगना की पहचान करके उसे अरेस्ट कर लिया है। सीबीआई ने प्रोफेसर को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अधिकारियों के अनुसार, पुणे से गिरफ्तार प्रोफेसर पी वी कुलकर्णी लातूर के रहने वाले हैं और रसायन विज्ञान के विशेषज्ञ हैं। वह कई सालों तक नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र तैयार करने वाली समिति का हिस्सा रहे थे। सीबीआई की टीम न बताया कि प्रोफेसर कुलकर्णी को पुणे स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रश्नपत्रों तक पहुंच होने के कारण प्रोफेसर कुलकर्णी अपने घर पर विशेष कोचिंग कक्षाएं चलाते थे। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह के दौरान प्रोफेसर कुलकर्णी ने एक अन्य आरोपी मनीषा वाघमारे की मदद से छात्रों को संगठित किया था। मनीषा वाघमारे को सीबीआई ने 14 मई को गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने बताया कि प्रोफेसर कुलकर्णी ने कथित तौर पर इन विशेष कक्षाओं के दौरान प्रश्न, उनके विकल्प और सही उत्तर छात्रों को बोलकर लिखवाए।

## राजस्थान के सीकर में नीट परीक्षा रद्द होने पर छात्र ने की आत्महत्या

**जयपुर।** नीट परीक्षा रद्द होने के बाद देशभर में फैले आक्रोश और अनिश्चितता के माहौल में, राजस्थान के कोचिंग केंद्र सीकर में शुक्रवार को एक मेडिकल परीक्षा के उम्मीदवार ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। परिवार के सदस्यों का दावा है कि परीक्षा रद्द होने के बाद से छात्र गंभीर मानसिक तनाव में था। मृतक की पहचान प्रदीप माहिच के रूप में हुई है, जो पिपराली रोड स्थित जलधारी नगर इलाके में अपने किराए के कमरे में फांसी पर लटका हुआ मिला। पुलिस और परिवार के सदस्यों के अनुसार, उसने कमरे में अकेले रहते हुए अपनी बहन के दुपट्टे का इस्तेमाल करके छत के पंखे से फांसी लगा ली। प्रदीप पिछले तीन वर्षों से सीकर में नीट की तैयारी कर रहा था और कथित तौर पर नीट-यूजी 2026 में 650 से अधिक अंक प्राप्त करने की उम्मीद कर रहा था। उनके परिवार ने बताया कि उन्हें पूरा विश्वास था कि इस साल सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिलने की उनकी पूरी संभावना है, लेकिन परीक्षा रद्द होने के बाद वे गहरे सदमे में आ गए। इस घटना ने कोचिंग सेंटर में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। परिवार के सदस्यों के अनुसार, प्रदीप अपनी दो बहनों के साथ एक रिहायशी इमारत की चौथी मंजिल पर किराए के टिन-शेड वाले कमरे में रहते थे। दोनों बहनें रेलवे भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। शुक्रवार दोपहर को उनकी छोटी बहन कोचिंग क्लास में थी, जबकि बड़ी बहन बाथरूम में थी, तभी यह घटना घटी।

# 1951 से 2026 तक असम, बंगाल और पुडुचेरी में मतदान व मतदाता बढ़े

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत निर्वाचन आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की चुनावी यात्रा का विस्तृत डेटा जारी किया है। इसमें आजादी के बाद हुए पहले आम और विधानसभा चुनावों से लेकर अप्रैल और मई 2026 में हुए विधानसभा चुनावों तक का पूरा ब्योरा शामिल है।

ये आंकड़े दशकों के दौरान मतदाताओं की संख्या में हुई भारी बढ़ोतरी को दिखाते हैं। साथ ही, इन क्षेत्रों में मतदान में लगातार ऊंची भागीदारी को भी उजागर करते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 'चुनाव का पर्व, मतदाता का गर्व' थीम के तहत ये आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों से यह पता चलता है कि इन चार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में मतदाताओं की संख्या दशकों के दौरान कई गुना बढ़ गई है, जबकि मतदान में भागीदारी देश में सबसे ऊंची दरों में से एक बनी हुई है। सभी राज्यों में पश्चिम बंगाल ने विधानसभा चुनावों में 93.71 प्रतिशत के साथ सबसे ज्यादा वोटिंग प्रतिशत दर्ज किया है, जो आजादी के बाद से अब तक का सबसे ज्यादा है। राज्य में चुनावी भागीदारी का ग्राफ आजादी के बाद के शुरुआती दशकों से लगातार ऊपर चढ़ता हुआ दिखता है।

1950 के दशक में जब वोटिंग 50 प्रतिशत से कम रहती थी। वहीं, 1970 के दशक के आखिर से लोकसभा और विधानसभा चुनावों में यह लगातार 75 प्रतिशत के आंकड़े को पार करती रही है। राज्य में वोटरों की संख्या 1951 के लगभग 76 लाख से बढ़कर 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले 6.38 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है।

असम में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में भागीदारी में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिली है। मतदान का आंकड़ा 86.33 प्रतिशत है। राज्य में मतदाताओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ है।

1951 में जहां लगभग 24 लाख मतदाता थे, वहीं 2026 तक यह संख्या बढ़कर 2.16 करोड़ से ज्यादा हो गई है। हालांकि, आयोग ने 1983 के विधानसभा चुनावों में मतदाताओं की संख्या में भारी गिरावट की ओर भी इशारा किया है। ये चुनाव उस समय हुए थे जब राज्य में हिंसा अपने चरम पर थी। उस समय मतदान लगभग 32 प्रतिशत था। कई निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान बहुत ही कम हुआ था, जिसके चलते 1983 का चुनाव असम के इतिहास के सबसे अशांत में से एक बन गया। तमिलनाडु में, आयोग द्वारा दिखाए गए ताजा रुझानों के अनुसार, मतदान में भागीदारी 86.03 प्रतिशत तक पहुंच गई है। राज्य के मतदाताओं की संख्या 1967 के चुनावों में लगभग 1.59 करोड़ से बढ़कर 2026 के चुनावों तक लगभग 4.94 करोड़ हो गई है। मतदान का यह ग्राफ लगातार हुए चुनावों में स्थिर और उच्च जनभागीदारी को दर्शाता है, विशेष रूप से 1970 के दशक के बाद से।

केरल में 9 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों में मतदान का ताजा आंकड़ा 79.53 प्रतिशत दर्ज किया गया। राज्य ने 1957 में लगभग 58 लाख मतदाताओं के साथ अपनी चुनावी यात्रा शुरू की थी। अब यह आंकड़ा 2.16 करोड़ मतदाताओं को पार कर चुका है।

# दृष्टिपात

### सिद्धिविनायक मंदिर की दानपेटी से चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया चोर

**मुंबई।** मुंबई के रिहायशी डोंबिवली एमआईडीसी इलाके में स्थित प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में शुक्रवार सुबह एक चोर को दानपेटी से पैसे चुराते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह करीब 6:34 बजे हुई और मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई। जानकारी के मुताबिक आरोपी खुद को श्रद्धालु बताकर मंदिर में दर्शन करने के बहाने दाखिल हुआ। कुछ देर मंदिर में रुकने के बाद उसने कथित तौर पर गोंद लगी एक पतली लकड़ी की छड़ी की मदद से दानपेटी में रखे नोट बाहर निकालने शुरू कर दिए। बाद में मंदिर प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज देखते समय संदिग्ध हरकत देखी। इसके बाद मंदिर के कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शिंदे और सुबह दर्शन के लिए आए श्रद्धालु ने तुरंत आरोपी को पकड़ लिया, इससे पहले कि वह वहां से भाग पाता। इसके बाद आरोपी को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए मानपाडा पुलिस स्टेशन के हवाले कर दिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी दानपेटी से काफी रकम निकाल चुका था, तभी उसे पकड़ा गया। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वह पहले भी इलाके में ऐसी चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है।

### भारत-नेपाल सीमा पर सोमालियाई नागरिक गिरफ्तार

- **फर्जी दस्तावेजों के सहारे नेपाल भागने की कोशिश नाकाम**

**पूर्वी चंपारण।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिला से लगते रक्सौल भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और इमिग्रेशन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में एक सोमालियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित बिना वैध इमिग्रेशन क्लीयरेंस के नेपाल जाने की कोशिश कर रहा था। जांच में सामने आया है कि वह मेडिकल वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद फर्जीवाड़ा कर भारत में अवैध रूप से रह रहा था। गिरफ्तार विदेशी नागरिक की पहचान सोमाली रिपब्लिक निवासी महमेद अहमद फराह खदरा गेडी मोहामूद के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार वह पिछले कुछ समय से हैदराबाद के टोली चौकी इलाके में अपने अन्य सोमालियाई साथियों के साथ रह रहा था। सुरक्षा एजेंसियां अब उसके भारत में रहने, संपर्कों और गतिविधियों की विस्तृत जांच में जुट गई हैं। दरअसल, शुक्रवार को एसएसबी की बीआईटी टीम भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मैत्री पुल पर नियमित जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान नेपाल की ओर जाने की कोशिश कर रहे एक विदेशी नागरिक के हाव-भाव संदिग्ध लगे। जवानों ने उसे रोककर पूछताछ शुरू की। रक्सौल एसडीपीओ मनीष आनंद ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ही युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। इसके बाद जब उसके यात्रा दस्तावेजों और पासपोर्ट की गहन जांच की गई तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

**पीएम मोदी की अपील का असर**

### दिल्ली हज समिति की विशेष पहल, बस छोड़कर मेट्रो का इस्तेमाल करेंगे हजयात्री

**नई दिल्ली।** वैश्विक ईंधन संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील का समर्थन करते हुए दिल्ली राज्य हज समिति ने एक विशेष पहल की है। इस बार हज जाने वाले यात्री इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए बड़े वाहनों के बजाय मेट्रो एयरपोर्ट एक्सप्रेस का उपयोग करेंगे। दिल्ली राज्य हज समिति की अध्यक्ष कौसर जहां ने गुरुवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा, "पीएम मोदी की ऊर्जा और ईंधन बचत की अपील हर देशवासी का कर्तव्य है। पूरी दुनिया फिलहाल ऊर्जा संकट से जूझ रही है। इसके दुष्प्रभाव अन्य क्षेत्रों में भी दिख रहे हैं। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जहां सरकार ने पूरा प्रयास किया कि इस संकट का असर आम आदमी पर कम से कम पड़े।" कौसर जहां ने कहा, "इतने बड़े संकट के बावजूद सरकार की कोई जनकल्याण योजना नहीं रुकी। पीएम मोदी की यह अपील सोच-समझकर और देशहित में की गई है। हम सभी उनके साथ खड़े हैं।

**रामेश्वरम मंदिर में लड्डू घोटाला**

### मुफ्त प्रसाद बेचकर 3.40 करोड़ की धोखाधड़ी, छह कर्मचारी निलंबित

**रामनाथपुरम।** अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को मुफ्त वितरित किए जाने वाले लड्डू प्रसाद को अवैध रूप से बेचकर 3 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के मामले में मंदिर प्रशासन ने एक जूनियर असिस्टेंट सहित छह कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब पिछले मार्च महीने में मंदिर के संयुक्त आयुक्त सेलत्तुरई ने लड्डू प्रसाद की तैयारी और आय-व्यय खातों की अचानक जांच कराई। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। प्राथमिक जांच में पता चला कि प्रसाद निर्माण और बिक्री के प्रभारी जूनियर असिस्टेंट के. पंचमूर्ति ने मुफ्त बांटे जाने वाले लड्डुओं की संख्या रिकॉर्ड में कम दिखाकर उन्हें स्टॉलों के माध्यम से अवैध रूप से बेच दिया। इसके जरिए बड़ी मात्रा में धन एकत्र किया गया। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों और अन्य स्टाफ से लगातार पूछताछ की गई। जांच में यह पुष्टि हुई कि जूनियर असिस्टेंट के. पंचमूर्ति के नेतृत्व में कर्मचारियों का एक समूह लंबे समय से इस घोटाले को अंजाम दे रहा था।

### नासिक टीसीएस केस में पांच आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**नासिक।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) से जुड़े कथित अत्याचार और धार्मिक भावना आहत करने के मामले में नासिक सेशन कोर्ट ने गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहे पांचों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अदालत के इस फैसले के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सभी आरोपी फिलहाल सेंट्रल जेल में ही रहेंगे। जानकारी के अनुसार, आरोपी अश्विनी चेनानी, रजा मेनन, आसिफ अंसारी, शाहरुख कुरेशी और तौसिफ अत्तार ने जमानत के लिए आवेदन किया था। सेशन कोर्ट में उनकी याचिका पर सुनवाई हुई, जहां अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राहत देने से इनकार कर दिया। पुलिस के अनुसार, टीसीएस कंपनी से जुड़े इस प्रकरण में अत्याचार और धार्मिक भावना आहत करने के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसियां इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच कर रही हैं और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

### संघर्ष में शामिल देशों को छोड़कर होर्मुज स्ट्रेट सभी देशों के लिए खुला: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शुक्रवार को कहा कि होर्मुज स्ट्रेट सामान्य वाणिज्यिक जहाजों के लिए खुला रहेगा, लेकिन उन देशों के जहाजों को इसमें प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, जो ईरान के साथ संघर्ष में शामिल हैं। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब यह जलमार्ग वैश्विक तेल और व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। नई दिल्ली में शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान लगातार जहाजों के सुरक्षित गुजरने की सुविधा दे रहा है और उसने पहले भी कई भारतीय जहाजों को रास्ता दिया है। सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि सभी जहाजों की सुरक्षित आवाजाही ईरान की नीति और हित में है और तेहरान उन लोगों की मदद करने के लिए तैयार है जो सुरक्षित आवागमन चाहते हैं।

# साक्षी ने कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स के लिए बनाई भारतीय टीम में जगह

## वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी को हराया

एजेंसी । पटियाला

नेशनल बॉक्सिंग ट्रायल्स के सेमीफाइनल में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन को हराने वाली साक्षी



चौधरी ने ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स और इस साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में जगह बना ली है। साक्षी ने शुक्रवार को एनआईएस पटियाला में खेले गए फाइनल मुकाबले में 48 किलोग्राम वर्ग में मौजूदा वर्ल्ड और एशियन चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को हराया। मीनाक्षी 51 किलोग्राम वर्ग में आ गई थीं। वहीं, अस्ताना में 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में 54 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाली साक्षी ट्रायल्स के लिए 51 किलोग्राम वर्ग में उतरी थीं। फाइनल में हारने वाले बॉक्सर का चयन 15 से 20 जून तक चीन के गुइयांग में होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के लिए किया जाएगा, जबकि विजेता बॉक्सर को हर चार साल में होने वाले इन दोनों बड़े इवेंट्स के लिए कोटा मिलेगा। इससे पहले सेमीफाइनल में साक्षी ने दो बार की वर्ल्ड चैंपियन, कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट और एशियन गेम्स की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट निखत जरीन को शानदार प्रदर्शन के दम पर हराकर चौंका दिया था। वहीं, मीनाक्षी ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नीतू घंघास को मात दी।


# चेन्नई 3 मैच जीतने के बाद हारा, लखनऊ 7 विकेट से जीता, मार्श ने 90 रन बनाए

एजेंसी । नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जायंट्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हरा दिया। लखनऊ ने 188 रन का टारगेट 16.4 ओवर में ही 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। चेन्नई ने इकाना स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 187 रन बनाए थे।

### मार्श-इंग्लिस के बीच 135 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप

जीत के हीरो मिचेल मार्श रहे, जिन्होंने 38 गेंदों में 90 रन की पारी खेली। उनकी पारी में 9 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। वहीं जोस इंग्लिस ने 36 रन बनाकर 135 रन की शानदार ओपनिंग साझेदारी निभाई। आखिर में निकोलस पूरन 17 गेंदों में 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने 17वें ओवर में अंशुल कंबोज को लगातार चार चौके जड़े। चेन्नई की ओर से मुकेश चौधरी और स्पेंसर जॉनसन को 1-1 विकेट मिला, लेकिन गेंदबाज लखनऊ के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना सके। खासकर अंशुल कंबोज काफी महंगे साबित हुए और 2.4 ओवर में 63 रन लुटा बैठे।



### कार्तिक शर्मा ने 42 बॉल पर 71 रन बनाए

चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पावरप्ले में ही दो बड़े विकेट गिर गए, लेकिन इसके बाद कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस ने पारी को संभाला। कार्तिक ने 42 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। वहीं ब्रेविस ने 16 गेंदों में 25 रन बनाए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। आखिर में शिवम दुबे ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए, जबकि प्रशांत वीर ने 13 रन का योगदान दिया। लखनऊ की ओर से डेब्यू कर रहे आकाश सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए। मोहम्मद शमी और शहबाज अहमद को 1-1 विकेट मिला।

# सरकारी विद्यालयों में 19 से 21 मई तक लगेगा तीन दिवसीय समर कैंप

नवीन मेल संवाददाता

**रांची** । झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची की ओर से राज्य के सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी शुरू होने से पहले 19 से 21 मई 2026 तक तीन दिवसीय समर कैंप आयोजित किया जाएगा। "सीखें, खेलें, सृजन करें" थीम पर आधारित यह कार्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर आयोजित किया जा रहा है।

राज्य में 22 मई से गर्मी की छुट्टी निर्धारित है। समर कैंप में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी तथा इसके सफल संचालन की जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय प्रधान की होगी। समर कैंप के पहले दिन 19 मई को "खेल के साथ फिटनेस एवं सृजन के संग बचपन" थीम के अंतर्गत योगाभ्यास, फिटनेस गतिविधियां, दौड़, रस्सीकूद और पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्थानीय संस्कृति से जुड़े खिलौनों और कलाकृतियों के निर्माण की गतिविधियां भी कराई जाएंगी। 20 मई को खेल कौशल और पोस्टर मेकिंग गतिविधियों के तहत कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, वॉलीबॉल समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके अलावा स्वच्छता, पर्यावरण और खेल संरक्षण विषय पर पोस्टर निर्माण, विद्यालय बैंड एवं समूह गतिविधियां भी होंगी। समर कैंप के अंतिम दिन 21 मई को "नृत्य कला एवं कला-संस्कृति" विषय पर लोकगीत, क्षेत्रीय नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही कहानी वाचन, पुस्तक पठन, चित्रकला और अनुभव साझा करने जैसी गतिविधियां भी होंगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा। समर कैंप के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यालयों को पूर्व तैयारी, प्रचार-प्रसार और दैनिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों से प्रतिदिन गतिविधियों की तस्वीरें प्रखंड एवं जिला स्तर पर साझा करने को कहा गया है। गर्मी को देखते हुए विद्यार्थियों को पानी की बोतल साथ लाने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। परिषद का मानना है कि यह समर कैंप विद्यार्थियों में खेल भावना, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक चेतना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# खेल मंत्री डॉ मांडविया ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

एजेंसी । नई दिल्ली



केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारत की तैयारियों का आकलन करने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में स्टेकहोल्डर्स के बीच आसान तालमेल पक्का करने और कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैयारी कर रहे भारतीय एथलीटों के लिए सपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने पर चर्चा हुई। बैठक में युवा मामले और खेल मंत्रालय के सीनियर अधिकारी, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) के प्रतिनिधि, कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के शेफ डी मिशन, और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के अधिकारी शामिल हुए। मंत्रालय की रिलीज के मुताबिक, "समीक्षा बैठक में ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के कैंपेन के लिए पूरी तैयारी पक्का करने के लिए मंत्रालय, आईओए, साई, गुजरात सरकार और जुड़े स्टेकहोल्डर्स की प्रतिबद्धता पर फिर से सहमति जताई गई। बैठक के दौरान, खेल मंत्री ने भारत के कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 कैंपेन से जुड़ी एथलीट की तैयारी, ट्रेनिंग, लॉजिस्टिक्स, कल्याण और समन्वय का आकलन किया। डॉ. मांडविया ने जोर दिया कि सरकार भारतीय एथलीटों को खेल में अपने सबसे ऊंचे स्तर पर प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए हर मुमकिन सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश के लिए एक सफल कैंपेन पक्का करने के लिए समय पर योजना, एजेंसियों के बीच तालमेल और एथलीट-आधारित तैयारी के महत्व पर भी जोर दिया। बैठक में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की क्लोजिंग सेरेमनी से जुड़ी तैयारियों पर भी चर्चा हुई, जिसके दौरान भारत को गुजरात के अहमदाबाद में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के मेजबान के तौर पर आधिकारिक तौर पर बैटन मिलेगी। इसे देखते हुए, गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी और गुजरात सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में ग्लासगो 2026 के लिए ऑपरेशनल और लॉजिस्टिक तैयारियों के बारे में खेल सचिव और अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों के प्रतिनिधियों के द्वारा किए जा रहे अंतर-विभागीय मंत्रालयों के समन्वय के प्रयासों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा भारतीय दल से जुड़े सभी इंतजामों को आसानी से पूरा करने पर भी चर्चा हुई। साई और मंत्रालयों के अधिकारियों ने कॉम्पिटिशन एक्सपोजर, ट्रेनिंग शेड्यूल, सपोर्ट स्टाफ की तैनाती, और बैकअप योजना के बारे में भी जानकारी दी।

# कल से होगा एलपीएल 2026 का आगाज

## जाफना किंग्स और गॉल मार्वल्स के बीच पहला मुकाबला



एजेंसी । कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने बताया है कि लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2026 का आगाज 17 जुलाई से होगा। टूर्नामेंट का पहला मैच जाफना किंग्स और गॉल मार्वल्स के बीच खेला जाएगा। एसएलसी की शुक्रवार को जारी आधिकारिक प्रेस रिलीज के मुताबिक, इस मल्टी-टीम टूर्नामेंट का पहला मैच पिछले साल के चैंपियन जाफना किंग्स और रनर-अप गॉल मार्वल्स के बीच खेला जाएगा। कैंपेन का पहला मैच कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। बोर्ड ने यह भी बताया है कि ब्लॉकबस्टर शुरुआत से पहले फैंस के मनोरंजन के लिए ग्राउंड पर एक शानदार ओपनिंग सेरेमनी का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं, लीग का फाइनल मुकाबला 8 अगस्त को खेला जाएगा।

# सूर्यवंशी को इंडिया ए टीम में जगह मिलना गर्व का पल : बीसीए अध्यक्ष

एजेंसी । पटना



बिहार के समस्तीपुर जिले से संबंध रखने वाले बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी क्रिकेट जगत में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वैभव को हाल ही में भारतीय ए टीम में शामिल किया गया है। इतनी छोटी उम्र में भारतीय ए टीम का हिस्सा बनने पर वैभव को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने बधाई दी और इसे बिहार क्रिकेट के लिए एक और गर्व का पल बताया है। हर्षवर्धन ने कहा, "वैभव सूर्यवंशी को इंडिया ए टीम में चुने जाने पर बहुत-बहुत बधाई। यह न सिर्फ उनके लिए बल्कि बिहार क्रिकेट के लिए भी गर्व की बात है। वैभव ने आईपीएल समेत अलग-अलग स्तर पर जिस तरह से परफॉर्म किया है, उससे साफ पता चलता है कि बिहार के खिलाड़ी बड़े स्टेज पर चमक रहे हैं। उनके प्रदर्शन से राज्य में मौजूद प्रतिभाओं की क्षमता का पता चलता है। पिछले महीने, बीसीए अध्यक्ष ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए डेब्यू करने वाले बिहार के गोपालगंज जिले के युवा तेज गेंदबाज साकिब हुसैन की भी तारीफ की थी। साकिब ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चार विकेट लिए थे। बीसीए अधिकारियों को लगता है कि इन खिलाड़ियों की उपलब्धि बिहार क्रिकेट का हौसला बढ़ाने वाला संकेत हैं। इससे राज्य के अन्य युवा खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे क्रिकेट में करियर बनाने को प्रेरित होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में भारत, श्रीलंका और अफगानिस्तान की ए टीमों के बीच होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय ए टीम की घोषणा की है।

थाईलैंड ओपन

# सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में, सिंधु को यामागुची ने हराया

**पथुमवान** । भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुक्रवार को थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। टॉप सीडेड भारतीय पुरुष डबल टीम ने जापान के ताकुमी नोमुरा और युइची शिमोगामी के खिलाफ 41 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 21-13 से जीत हासिल की। यह 2026 में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर इवेंट में उनका पहला सेमीफाइनल है। जापानी जोड़ी के खिलाफ पहली बार खेलते हुए, सात्विक और चिराग शुरू से नियंत्रण में थे। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में 10-0 की शानदार बढ़त बना ली थी। जापानी जोड़ी ने इंटरवल के बाद थोड़ी वापसी की और बढ़त को चार पॉइंट्स से घटाकर 10-14 कर दिया, लेकिन भारतीय जोड़ी ने जल्दी ही अपनी बढ़त वापस पा ली और पहला गेम आसानी से खत्म कर दिया। दूसरा गेम शुरू में थोड़ा ज्यादा कड़ा था, जिसमें जापानी जोड़ी पहले हाफ में ज्यादातर समय दो पॉइंट्स के अंदर रही।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# इंडियनऑयल-डीएमआरसी हाइड्रोजन बस से क्लीन पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मिलेगा बढ़ावा : इंडियन ऑयल

एजेंसी । नई दिल्ली



- पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की दिशा में बड़ा कदम
- भविष्य में हाइड्रोजन तकनीक को और विस्तार देने की तैयारी

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने हाइड्रोजन बस को शुरू किया है। इससे भारत में क्लीन और सस्टेनेबल मोबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा। यह जानकारी इंडियन ऑयल निदेशक (रिफाइनरी) अरविंद कुमार द्वारा शुक्रवार को दी गई। कुमार ने बताया कि डीएमआरसी को सौंपी गई दो नई हाइड्रोजन फ्यूल सेल बसें केंद्रीय सचिवालय और कर्तव्य भवन के बीच चलेंगी, जिससे हरित और पर्यावरण के अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, "हाइड्रोजन से चलने वाली बसें हरित और स्वच्छ परिवहन के लिए एक शानदार पहल हैं। इन बसों में इस्तेमाल होने वाला हाइड्रोजन फरीदाबाद स्थित हमारे अनुसंधान एवं विकास केंद्र में बनाया जा रहा है। कुमार ने आगे बताया कि ये बसें केवल पानी उत्सर्जित करती हैं, जिससे ये पूरी तरह प्रदूषण मुक्त हैं। उन्होंने बताया, "फ्यूल सेल में हाइड्रोजन का उपयोग किया जाता है और इससे निकलने वाला वेस्ट केवल पानी होता है। इस कारण यह पर्यावरण के अनुकूल और प्रदूषण-मुक्त व्यवस्था है।

उन्होंने आगे कहा कि हालांकि वर्तमान में इस पहल में केवल दो बसें शामिल हैं, लेकिन आईओसीएल अपनी ग्रीन हाइड्रोजन क्षमताओं का विस्तार कर रहा है। कुमार ने कहा, "पानीपत रिफाइनरी में हम 10 केटीए क्षमता वाला एक ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट भी विकसित कर रहे हैं। इसका निर्माण कार्य चल रहा है और इसे चालू होने में कुछ समय लगेगा, लेकिन उसके बाद जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी और आर्थिक पहलू परिपक्व होंगे, हम इसे परिवहन क्षेत्र में और आगे ले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वच्छ और ईंधन की बचत करने वाली टेक्नोलॉजी को अपनाने की अपील का जिक्र करते हुए कुमार ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन जैसी एडवांस कम कार्बन वाली टेक्नोलॉजी को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, "हाइड्रोजन से चलने वाली बसें इंडियनऑयल द्वारा डीएमआरसी को सौंपी गई एक सराहनीय पहल है और धीरे-धीरे ऐसी और भी पहलें सामने आएंगी। कुमार के अनुसार, आईओसीएल के पास वर्तमान में देश भर में विभिन्न परीक्षण परियोजनाओं के तहत 15 हाइड्रोजन से चलने वाली बसें हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि यह पहल अभी प्रायोगिक चरण में है, इंडियनऑयल अपने हरित हाइड्रोजन मोबिलिटी इकोसिस्टम का लगातार विस्तार कर रहा है।

### एबीडी का मुनाफा और परिचालन लाभ बढ़ा

**रांची** । एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) ने वित्त वर्ष 2025-26 में बेहतर वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी के अनुसार परिचालन से आय 3949 करोड़ रुपये रही, जबकि एबिटा 25.8 प्रतिशत बढ़कर 568 करोड़ रुपये पहुंच गया। शुद्ध लाभ भी 13 प्रतिशत बढ़कर 220 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बताया कि प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग से कारोबार को मजबूती मिली है। निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 5.4 रुपये लाभांश देने की सिफारिश की है।

### एयरलाइंस उद्योग को बढ़ावा, महाराष्ट्र सरकार ने वैट किया कम

**नई दिल्ली**। मध्य पूर्व संकट में घरेलू एयरलाइन के सपोर्ट के लिए महाराष्ट्र सरकार ने एयर टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) पर वेल्यू एडेड टैक्स (वैट) को 18 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। केंद्र सरकार की ओर से घरेलू एयरलाइन को सपोर्ट के लिए राज्यों से एटीएफ पर वैट घटाने की अपील की गई थी। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया कि महाराष्ट्र वेल्यू एडेड टैक्स एक्ट, 2002 के तहत एटीएफ पर वैट को 15 मई, 2026 से लेकर 14 नवंबर, 2026 तक के लिए 18% से घटाकर 7% कर दिया गया है।

# याकुजा प्योर इलेक्ट्रिक स्कूटी के पहले एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ 17 मई को




नवीन मेल संवाददाता

**रांची** । याकुजा प्योर इलेक्ट्रिक स्कूटी का पहले एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ राजधानी रांची में होने जा रहा है। गाड़ीखाना चौक बानो मंजिल रोड पहाड़ी टोला स्थित इस शोरूम का उद्घाटन 17 मई को सुबह 11 बजे होगा। उद्घाटन केशव कृपा छाया फाउंडेशन की चेयरमैन मीरा अग्रवाल करेंगी। इस शोरूम में सेल एवं सर्विस की सुविधा मिलेगी। यह जानकारी केशव कृपा एंटरप्राइजेज की संचालिका मीरा अग्रवाल और बिनोद कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि याकुजा स्कूटियां मात्र 35,000 की शुरुआती कीमत में उपलब्ध होंगी। साथ ही "वेलकम संडे" पहल के तहत हर रविवार ग्राहकों को विशेष लाभ देने की योजना भी घोषित की जाएगी। उन्होंने कहा कि याकुजा के इलेक्ट्रिक स्कूटर इन दिनों बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। किफायती कीमत, आकर्षक डिजाइन और कम खर्च में बेहतर सफर की सुविधा के कारण युवा वर्ग और आम उपभोक्ता इसे पसंद कर रहे हैं। कंपनी ने कई मॉडल लॉन्च किये है। इसमें रूबी और लोटस मॉडल खास है।

याकुजा इलेक्ट्रिक स्कूटर अपनी आधुनिक तकनीक, एर्गोनॉमिक डिजाइन और यूनिक कलर ऑप्शन के कारण अन्य स्कूटर्स से अलग पहचान बना रहे हैं। स्कूटर एक बार फुल चार्ज होने पर लगभग 60 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है, जो शहरों और कम दूरी की यात्रा के लिए उपयुक्त है। स्कूटर कम मेंटेनेंस और आसान चार्जिंग सुविधा के साथ आते हैं। इनमें लेड-एसिड और लिथियम बैटरी दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि कुछ लो-स्पीड मॉडल ऐसे हैं, जिन्हें चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती। अग्रवाल ने कहा कि बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों और पर्यावरण संरक्षण को लेकर बढ़ती जागरूकता के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में याकूजा जैसे स्थानीय इवी ब्रांड उपभोक्ताओं को कम कीमत में बेहतर विकल्प देने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी पेट्रोल डीजल का कम उपयोग करने का आह्वान किया है। इसी को ध्यान में रखकर रांची में कंपनी अपना शोरूम खोल रही है। प्रेस वार्ता में कोकर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के लिए सुरेश चंद्र अग्रवाल, मुकेश भरतीया, अशोक शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# भारत का अप्रैल में निर्यात 13.6% बढ़कर 80 अरब डॉलर के पार

एजेंसी । नई दिल्ली



भारत का निर्यात अप्रैल में सालाना आधार पर 13.6 प्रतिशत बढ़कर 80.8 अरब डॉलर हो गया है, इसमें गुड्स की हिस्सेदारी 43.56 अरब डॉलर और सर्विसेज की हिस्सेदारी 37.2 अरब डॉलर रही है। पिछले साल अप्रैल में गुड्स निर्यात 38.28 अरब डॉलर और सर्विसेज निर्यात 32.8 अरब डॉलर था। भारत के निर्यात में ऐसे समय पर बढ़ोतरी देखी गई, जब अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण हॉर्मुज स्ट्रेट बंद होने से मध्य पूर्व के कई देशों को निर्यात प्रभावित है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्रीय चुनौतियों के बावजूद निर्यात में मजबूती बनी हुई है, जिसका श्रेय भारत की नई भौगोलिक क्षेत्रों और उत्पाद बाजारों में विविधता लाने की क्षमता को जाता है। निर्यात के साथ भारत के आयात में भी बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल में कुल आयात 88.6 अरब डॉलर था, जो कि पिछले साल समान अवधि में 82.3 अरब डॉलर था।

# लाल निशान में बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार सेंसेक्स 161 अंक फिसला

एजेंसी । मुंबई



कमजोर वैश्विक बाजार संकेतों, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर गिरने के कारण मुनाफावसूली की वजह से सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार दिन के उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस तरह, घरेलू बाजार की दो दिन की लगातार बढ़त का सिलसिला शुक्रवार को समाप्त हो गया। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 160.73 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 75,237.99 पर था, तो वहीं निफ्टी 50 46.10 अंक या 0.19 प्रतिशत गिरकर 23,643.50 पर पहुंच गया। दिन के दौरान, सेंसेक्स 75,497.10 पर खुलकर 75,870.36 का दिन का हाई छुआ तो वहीं 75,139.41 के इंट्रा-डे लो पर पहुंच गया। जबकि निफ्टी 50 23,731.40 पर खुलकर 23,839.30 के दिन के उच्चतम स्तर और 23,610.30 के निचले स्तर को छुआ।

# अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने गर्मियों में बिजली बचाने की सलाह दी

एजेंसी । अहमदाबाद




अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने शुक्रवार को उपभोक्ताओं से गर्मियों के मौसम में बिजली का सोच-समझकर इस्तेमाल करने की अपील की। कंपनी ने कहा कि कूलिंग उपकरणों के ज्यादा इस्तेमाल से बिजली की खपत बढ़ती है, जिससे उपभोक्ता ऊंचे टैरिफ स्लैब में पहुंच सकते हैं और बिजली बिल बढ़ सकता है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि तापमान बढ़ने के साथ घरों में एयर कंडीशनर, पंखे, रेफ्रिजरेटर और अन्य कूलिंग उपकरणों का इस्तेमाल काफी बढ़ जाता है, जिससे बिजली की खपत तेजी से बढ़ती है। कंपनी ने कहा कि यदि उपभोक्ता बिजली का सावधानीपूर्वक उपयोग करें, तो वे न केवल अपने बिजली बिल को कम कर सकते हैं बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं। अदाणी समूह की कंपनी ने कहा, "भीषण गर्मी के दौरान बिजली की खपत आपके बिल पर बड़ा असर डाल सकती है। हम सभी उपभोक्ताओं को सलाह देते हैं कि वे बिजली का समझदारी से इस्तेमाल करें और ऊर्जा बचाने के उपाय अपनाएं।

## देवरी ओपी पुलिस ने गिट्टी लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी पुलिस ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधुआ गांव स्थित कस्तूरबा विद्यालय के पास से बिना चालान गिट्टी लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में बिना वैध दस्तावेज के गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन की जांच की, लेकिन चालक कोई वैध चालान या परिवहन संबंधी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई है। ओपी प्रभारी ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया

# हुसैनाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध शराब की भट्ठियां ध्वस्त

### 12 क्विंटल जावा महुआ और 50 लीटर देशी शराब बरामद, कारोबारी फरार

- आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के चपर दाग सिकनी गांव में पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान करीब 12 क्विंटल जावा महुआ, लगभग 50 लीटर अवैध देशी शराब तथा शराब निर्माण में प्रयुक्त भट्ठियों को नष्ट कर दिया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव में बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की, जहां भारी मात्रा में जावा महुआ और तैयार देशी शराब बरामद हुई। मौके पर मौजूद अवैध भट्ठियों को भी ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही शराब कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए, जिसके कारण किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस फरार आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### झामुमो सम्मेलन में मिथिलेश पांडे बने पांकी प्रखंड अध्यक्ष

**पांकी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से शुक्रवार को पांकी स्थित बाबा मैरिज हॉल में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सांगठनिक चुनाव का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से मिथिलेश पांडे को पांकी प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन में पार्टी संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मिथिलेश पांडे ने कहा कि वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को नई मजबूती देंगे। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना सिंहा को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, रंजन चंद्रवंशी, सन्नू सिद्दीकी, सुशील मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीडीयू मंडल में विश्व पर्यावरण संरक्षण अभियान शुरू

## हरित शपथ और साइकिल रैली के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में शुक्रवार से मिशन लाइफ के तहत विश्व पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत की गई। 15 मई से 5 जून तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना है। अभियान का शुभारंभ बाकले स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से हुआ, जहां मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने अधिकारियों, कर्मचारियों और स्काउट-गाइड सदस्यों को हरित शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि रेलकर्मी स्वयं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाएं और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। इसके बाद बाकले स्टेडियम से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय तक साइकिल रैली निकाली गई। अभियान के तहत विभिन्न स्टेशनों और कार्यालय परिसरों में पर्यावरण संरक्षण, जल बचत, ऊर्जा संरक्षण और प्लास्टिक उन्मूलन से जुड़े संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं।

## वीरधवर में जल संकट गहराया



जलमीनार का सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त, चापाकल खराब होने से बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत वीरधवर गांव में तेज आंधी के कारण जलमीनार का सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं मुटूर मुसहर के घर के पास स्थित चापाकल भी लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। जलसहिया प्रमिला देवी ने विभागीय अधिकारियों से क्षतिग्रस्त सोलर प्लेट और खराब चापाकल की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल संकट से राहत मिल सके।

## डस्टबिन नहीं होने से खुले में फेंका जा रहा कचरा, लोगों ने की नियमित सफाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित गांधी चौक की स्थिति दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। चौक पर डस्टबिन की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग खुले में ही कूड़ा-कचरा फेंकने को मजबूर हैं। शहर का प्रमुख और व्यस्त चौक अब गंदगी का ढेर बनता जा रहा है, जिससे आसपास दुर्गंध फैल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब मुख्य चौक की यह स्थिति है, तो अन्य मोहल्लों और गलियों की हालत का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। चौक पर बिखरे कचरे से राहगीरों को परेशानी हो रही है और प्रदूषण के साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए गांधी चौक सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर डस्टबिन लगाने, नियमित कचरा उठाव और साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि गांधी चौक को "कूड़ा चौक" बना देना नगर पंचायत की लापरवाही को दर्शाता है। हालांकि लोगों ने यह भी माना कि कूड़ा फैलाने में स्थानीय लोगों की भी जिम्मेदारी है।

## निष्क्रिय सरकारी भवनों के उपयोग की संभावनाएं तलाशी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न निष्क्रिय एवं खाली पड़े सरकारी भवनों तथा परिसरों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साहित्य समाज चौक स्थित पुराने मलेरिया भवन, नूतन केंद्र के समीप खाली पड़ी भूमि, पुराने सदर प्रखंड कार्यालय भवन, खनिज भवन तथा नूतन केंद्र भवन का जायजा लिया गया। निरीक्षण का उद्देश्य इन भवनों की वर्तमान स्थिति का आकलन कर उनके बेहतर उपयोग की संभावनाओं की तलाश करना था। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ भवनों की संरचनात्मक स्थिति, उपलब्ध स्थान एवं प्रशासनिक जरूरतों पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकारी परिसंपत्तियों का प्रभावी और जनहितकारी उपयोग प्रशासन की प्राथमिकता है। लंबे समय से निष्क्रिय पड़े भवनों को आवश्यकता के अनुसार पुनः उपयोग में लाया जाएगा। जर्जर भवनों की मरम्मत अथवा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें अनुपयोगी घोषित कर नए भवन निर्माण की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि उपलब्ध भवनों और खाली परिसरों का योजनाबद्ध उपयोग कर प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

### पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि पर कांग्रेस का हमला

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के राज्य सचिव सह पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने बताया कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चुनाव समाप्त होते ही आम जनता पर महंगाई का नया बोझ डाल दिया गया है। जैश रंजन पाठक ने कहा कि एलपीजी गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल में तीन रुपये और डीजल में 3.11 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर सरकार ने आम लोगों की जेब पर सीधा वार किया है।

## 21 मई तक सभी स्कूलों में बने अपार आईडी, नहीं तो होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संदीप कुमार ने पलामू जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों का अपार आईडी बनाने को लेकर बीईईओ, बीपीओ और कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि 30 मई के बाद भारत सरकार का पोर्टल बंद हो जाएगा, इसलिए सभी विद्यालय समय रहते लक्ष्य पूरा करें।
उन्होंने कहा कि जिले के कई निजी विद्यालय इस कार्य में अपेक्षित रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जबकि कुछ सरकारी उच्च विद्यालयों की प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। डीएसई ने सभी सरकारी उच्च विद्यालयों को 21 मई तक शत-प्रतिशत बच्चों का अपार आईडी तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा तक लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मग्र शिक्षा अभियान के एडीपीओ अंबुजा पांडेय ने बताया कि जिले में सरकारी और गैर सरकारी मिलाकर कुल 2900 विद्यालय संचालित हैं।

## पेज एक के शेष

### औद्योगिक विकास के...

जहां लिथियम, मैंगनीज, बॉक्साइट सहित कई खनिज उपलब्ध हैं। राज्य पावर सरप्लस है तथा यहां कुशल श्रमबल की कोई कमी नहीं है। मसाला, सब्जी, कॉटन, राइस मिल, रियल एस्टेट एवं एक्सपोर्ट सेक्टर में भी व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 'सोनार झारखंड 2050' विजन के तहत राज्य निवेश और उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी बनेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि उद्योग विभाग एवं झारखंड चैंबर निवेशकों को हर स्तर पर सहयोग प्रदान करेगा। झारखंड के उद्योग निदेशक विशाल सागर ने कर्नाटक के उद्यमियों का स्वागत करते हुए झारखंड में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि पहली बार झारखंड ने दावोस के वर्ल्ड इकनोमिक फोरम में सहभागिता की, जिसमें झारखंड चैंबर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य में निवेश की अपार संभावनाओं पर बल देते हुए कहा कि राज्य में फूड प्रॉसेसिंग, टूरिज्म एवं एग्रीकल्चर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने के लिए सदैव उपलब्ध है। इससे पहले, बैठक की शुरुआत में एफजेसीसीआई महासचिव रोहित अग्रवाल ने बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह बैठक उद्योग, निवेश, पर्यटन और व्यापारिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत है। झारखंड और कर्नाटक के उद्यमियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद से व्यापारिक सहयोग को नई गति मिलेगी तथा भविष्य में संयुक्त बिजनेस डेलिगेशन, बी2बी मीटिंग्स एवं निवेश गतिविधियों को और विस्तार मिलेगा। बैठक के दौरान झारखंड एवं कर्नाटक के उद्योग एवं व्यापार प्रतिनिधियों के बीच बिजनेस आइडिया, निवेश अवसर, औद्योगिक सहयोग तथा व्यापार विस्तार को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। दोनों राज्यों के प्रतिनिधियों ने भविष्य में आपसी समन्वय के साथ उद्योगों के विकास के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान दोनों राज्यों के उद्यमियों एवं व्यापारियों ने अपने-अपने व्यवसाय का परिचय देते हुए आइडिया एक्सचेंज किया। बैठक में धार्मिक एवं कन्वेंशनल टूरिज्म, बिजनेस डेवलपमेंट अवसर, बल्लारी के स्पंज आयरन यूनिट्स एवं अन्य उद्योगों के लिए कोल सप्लाई, झारखंड के व्यापारियों के लिए कॉटन एवं मिर्ची सप्लाई, झारखंड में उत्पादित कृषि उत्पादों की कर्नाटक में आपूर्ति तथा रेडीमेड जींस सप्लाई जैसे विषयों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में एक-दूसरे को सहयोग देने पर सहमति व्यक्त की। मौके पर बल्लारी चैंबर द्वारा उद्योग सचिव एवं उद्योग निदेशक का अभिनंदन किया गया। वहीं, झारखंड चैंबर की ओर से बल्लारी चैंबर से आए सभी पदाधिकारियों एवं निवेशकों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। झारखंड चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य शैलेश अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से झारखंड टूरिज्म की संभावनाओं को प्रस्तुत किया और राज्य में धार्मिक, प्राकृतिक एवं एडवेंचर टूरिज्म की असीम संभावनाओं से प्रतिनिधियों को अवगत कराया। बैठक में चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, राम बांगड़, महासचिव रोहित अग्रवाल, सह सचिव नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, तुलसी पटेल, शैलेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, धीरज तनेजा, किशोर मंत्री, सदस्य बिनोद अग्रवाल, अजय भंडारी, सुरेश अग्रवाल, एनके टिकमानी, ग्यारसी लाल गोयल, मिथिलेश पांडेय, रोहित कुमार, संजय माहुरी, बल्लारी डिस्ट्रिक्ट चैंबर की ओर से अव्वरु मंजूनाथ, एस दोड्डाणा गौड़ा, पी पलना, केसी सुरेश बाबू, वी रामचंद्र, सीएस सत्यनारायण, सी श्रीनिवास राव, सत्य बाबू बी, सीए के राजशेखर, यू गोविंद रेड्डी, एसपी वेंकटेश, आर नागराजा, जी राघवेंद्र रेड्डी, के गोपाल रेड्डी, एम शशि रेड्डी, केएम शिवा मूर्ति, एम गुरुस्वामी, एम अनंदा बाबू, प्रशांत चित्रिकी, के नागराज, जी ईनाथा रेड्डी, के रामंजनेयालु उपस्थित थे।

### झारखंड के भविष्य...

इसमें 135 करोड़ रुपए की हिस्सेदारी केंद्र सरकार की होगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों में पोस्ट ग्रेजुएट सीटों की भी मंजूरी दी गई है, जिससे राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी और मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध हो सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि इस प्रस्ताव को अब आगे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मंत्री ने इसे अपने लगातार प्रयासों, विभागीय समन्वय और ठोस पहल का परिणाम बताया। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा, यदि मेहनत, ईमानदारी और संकल्प के साथ प्रयास किया जाए, तो कोई भी असंभव कार्य संभव हो सकता है। झारखंड में एमबीबीएस सीटें काफी कम थीं और डॉक्टरों की भारी कमी थी। हमारा लक्ष्य था कि अधिक से अधिक बच्चे झारखंड से डॉक्टर बनें और अपने ही राज्य में रहकर लोगों की सेवा करें। आज वह सपना साकार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सीटों में वृद्धि का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण और पिछड़े इलाकों को मिलेगा। आने वाले वर्षों में राज्य में बड़ी संख्या में नए डॉक्टर तैयार होंगे, जो गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का कार्य करेंगे।
मेडिकल कॉलेजों में सीट बढ़ाने का निर्णय राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि : स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने भी इस निर्णय को राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी सीटें बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही, सुपर स्पेशियलिटी सीटों में वृद्धि की योजना पर भी काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से जहां झारखंड के छात्रों को चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे, वहीं राज्य में डॉक्टरों की संख्या में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

### गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव...

10,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं, धारा 120 (बी) यानी आपराधिक साजिश के तहत भी दोनों को उम्रकैद और 10,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत दोनों दोषियों को 7 वर्ष का सश्रम कारावास और 10,000 रुपए जुर्माना लगाया गया। अदालत ने कहा कि यदि जुर्माने की राशि जमा नहीं की जाती है, तो दोषियों को एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। ज्ञात हो कि पतरातू निवासी 70 वर्षीय कामेश्वर पांडे की 26 अक्टूबर, 2015 को उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वे स्थानीय सब्जी बाजार में खरीदारी करने गए थे। इसी दौरान श्रीवास्तव गिरोह के शूटरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले में पवन किशोर पांडे ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सरकार की ओर से एपीपी श्रद्धा जया टोपनो ने पक्ष रखा। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता बीएन त्रिपाठी और रामगढ़ के अधिवक्ता महेंद्र महतो ने बहस की।

### एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अजय...

एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। इस पूरे मामले की शुरुआत वर्ष 2019 में हुई थी, जब जमशेदपुर के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पता चला कि ग्रामीण कार्य विभाग में टेंडर आवंटन के बदले कमीशन लेने का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय था। आरोप है कि प्रत्येक टेंडर पर करीब तीन प्रतिशत तक कमीशन लिया जाता था और इस राशि का बंटवारा ऊपर से नीचे तक तय व्यवस्था के तहत किया जाता था। ईडी की जांच में सामने आया कि यह नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था और विभागीय स्तर पर कई अधिकारियों एवं बिचौलियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जांच एजेंसी अब तक झारखंड, बिहार और दिल्ली समेत 52 ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। इस कार्रवाई के दौरान पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके निजी सचिव तथा अन्य सहयोगियों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। जांच एजेंसी ने अब तक करीब 44 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की हैं, जबकि लगभग 38 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, आठ लग्जरी वाहनों को भी जब्त किया गया है। ईडी फिलहाल मामले की वित्तीय लेनदेन, अधिकारियों की भूमिका और कमीशन नेटवर्क से जुड़े अन्य पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

### ऐसे संवेदनशील मामलों...

सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले की अब तक की जांच को असंतोषजनक पाते हुए सीआईडी को तीन सप्ताह के भीतर अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने कड़े लहजे में चेतावनी दी कि यदि सीआईडी की जांच में भी कोई सुधार नहीं दिखा, तो अदालत राज्य की जांच एजेंसियों और सीबीआई को संयुक्त रूप से इस मामले की जांच सौंपने पर विचार कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2020 में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने तीन संदिग्धों के नार्को टेस्ट कराने की बात कही थी, लेकिन उनमें से एक को खराब स्वास्थ्य का हवाला देकर छोड़ दिया गया। कोर्ट के अनुसार, जब पुलिस कई वर्षों तक बच्ची का सुराग पाने में विफल रही, तो अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अप्रैल 2026 में आनन-फानन में केस सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया गया। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 जून 2026 को तय की गई है। इसी दिन बोकारो की ही एक अन्य 18 वर्षीया युवती के लापता होने से संबंधित याचिका पर भी सुनवाई होनी है। प्रार्थी के अधिवक्ता विनसेंट रोहित मार्की ने अदालत को बताया कि पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी नाबालिग का कोई पता नहीं चला है। बोकारो के पिंडराजोड़ा थाने में वर्ष 2020 में कांड संख्या 161/20 दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने जिन चार संदिग्धों को पकड़ा था, उन्हें बाद में छोड़ दिया गया। निराश होकर नाबालिग की मां ने अपनी बेटी की तलाश के लिए हाईकोर्ट में गुहार लगाई है, जिस पर अब अदालत ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है।

### गुमला के बाल...

घटना के बाद पूरे जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सह बाल संप्रेषण गृह के इंचार्ज अमर कुमार ने मामले की जानकारी मिलते ही तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने कहा कि जिस तरीके से नाबालिगों ने ऊंची दीवार फांदी है, उससे उन्हें चोटें लगने की पूरी आशंका है। फिलहाल गुमला और आसपास के सभी थानों को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है और संदिग्ध ठिकानों पर सघन छापेमारी की जा रही है। इधर, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार नाबालिगों के परिजनों से भी संपर्क साधा जा रहा है और जल्द ही उन्हें दोबारा पकड़ लिया जाएगा। फिलहाल सुरक्षा में हुई इस चूक की आंतरिक जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

### सारंडा में आईईडी...

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पशु चिकित्सकों की निगरानी में हाथी का उपचार शुरू किया गया। जंगल के भीतर ही अस्थायी उपचार व्यवस्था बनाकर लगातार दवाएं दी जा रही थीं। हाथी को संक्रमण से बचाने, दर्द कम करने और उसके शरीर में कमजोरी न बढ़े, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जा रही थी। पशु चिकित्सक डॉ संजय घोलतकर ने बताया कि विस्फोट के कारण हाथी के पैर में गहरा जख्म हो गया था। शुरुआती उपचार के बावजूद घाव में तेजी से संक्रमण फैलने लगा, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। उन्होंने कहा कि चिकित्सकीय टीम ने पूरी कोशिश की, लेकिन चोट अत्यधिक गंभीर होने के कारण हाथी को बचाया नहीं जा सका। डॉ घोलतकर के अनुसार हाथी का पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिससे मौत के वास्तविक कारणों की विस्तृत पुष्टि हो सकेगी।

### 21 मई तक...

एक अधेड़ नरेंद्र उरांव और उनकी पत्नी उनकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गईं। ग्रामीणों की मदद से तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पर, चिकित्सकों ने नरेंद्र उरांव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से झुलसी महिला का इलाज अस्पताल के आईसीयू वार्ड में किया जा रहा है। इधर, मनिका प्रखंड अंतर्गत कुई गांव में वज्रपात की चपेट में आने से लैंपस प्रबंधक चंदन यादव की मौत हो गई। इधर, रांची समेत राज्य के कई जिलों में आगामी 21 मई तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने गर्जन के साथ वज्रपात और तेज हवाएं चलने को लेकर 'येलो अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। विभाग ने विशेष रूप से 17 और 18 मई 2026 को राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात की आशंका जताते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। 'ऑरेंज अलर्ट' वाले जिलों में उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्र शामिल हैं। इनमें धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, रांची और रामगढ़ प्रमुख रूप से शामिल हैं। मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने तथा वज्रपात की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा सिमडेगा जिले के कोलेबिरा क्षेत्र में 4.8 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा, पश्चिमी सिंहभूम के जगन्नाथपुर में 3.0 मिलीमीटर, गुमला जिले के पालकोट में 2.8 मिलीमीटर तथा बिशनपुर में 1.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### प्रसूता की मौत...

लेकिन नर्सों ने उसकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। आरोप है कि जब महिला की हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तो परिजन मदद के लिए अस्पताल कर्मियों को बुलाने दौड़े, लेकिन उस समय ड्यूटी पर कोई डॉक्टर या नर्स मौजूद नहीं था। समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण शोभा की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। अस्पताल परिसर में काफी देर तक हंगामा होता रहा। सूचना मिलने पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद अस्पताल पहुंचे और घटना पर गहरी नाराजगी जताई। विधायक ने अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल धीरे-धीरे 'मौत का अड्डा' बनता जा रहा है। उन्होंने मौके से ही उपायुक्त हेमंत सती से फोन पर बात कर मामले की जानकारी दी और दोषी स्वास्थ्यकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यदि अस्पताल की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष भी उठाया जाएगा, ताकि जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई हो सके इधर, प्रशासन ने पूरे मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। खबर लिखे जाने तक अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### रांची में सात...

वहीं, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा को खलारी थाने का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। खलारी थाने के प्रभारी जयदेव टोप्पो को बुंडू थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। यातायात थाना प्रभारी, जगन्नाथपुर इम्तियाज अहसन को पुलिस केंद्र भेजा गया है। ओरमांझी थाना के थाना प्रभारी शशि भूषण चौधरी को यातायात थाना प्रभारी जगन्नाथपुर के पद पर भेजा गया है। वहीं, मनोज कुमार (1) को पुलिस केंद्र से ओरमांझी थाने का नया प्रभारी बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि स्थानांतरित पुलिस पदाधिकारी की पदस्थापना तत्काल प्रभाव से उनके नाम के सामने अंकित प्रतिष्ठान में किया गया है। आदेश दिया जाता है कि अविलंब नव पदस्थापन स्थल पर योगदान देकर अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करें।




# सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापन करने वाले कोचिंग संस्थानों पर की कार्रवाई

**1.39 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया**

**एजेंसी । नई दिल्ली**



- **सीसीपीए ने 31 कोचिंग संस्थानों पर लगाया भारी जुर्माना**
- **भ्रामक विज्ञापनों पर 1.39 करोड़ रुपए से अधिक की कार्रवाई**

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इन कोचिंग संस्थानों को 60 से अधिक नोटिस जारी किए गए और उन पर 1.39 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को दी। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि छात्रों के हितों की रक्षा और कोचिंग क्षेत्र में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, सीसीपीए ने अब तक भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए कोचिंग संस्थानों को 60 से अधिक नोटिस जारी किए हैं। विस्तृत जांच के बाद, सीसीपीए ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई), आईआईटी-जेईई, नीट, आरबीआई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग देने वाले 31 कोचिंग संस्थानों पर 1.39 करोड़ रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। मंत्रालय ने आगे कहा कि सीसीपीए ने भ्रामक विज्ञापनों, अनुचित व्यापार प्रथाओं और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन में लिप्त पाए जाने पर मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ 10 लाख रुपए का जुर्माना और सीकर स्थित करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी) के खिलाफ 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए अंतिम आदेश पारित किया है। मंत्रालय ने कहा कि मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्र की अध्यक्षता वाले केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने मोशन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और करियर लाइन कोचिंग (सीएलसी), सीकर के खिलाफ आदेश पारित किए हैं। प्राधिकरण ने पाया कि कोचिंग संस्थानों ने आईआईटी-जेईई और नीईटी परीक्षाओं में सफल उम्मीदवारों के नाम, फोटो और उपलब्धियों का प्रमुखता से उपयोग करते हुए बड़े-बड़े दावे किए और इन उम्मीदवारों द्वारा चुने गए विशिष्ट पाठ्यक्रमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई। सीसीपीए ने दोनों कोचिंग संस्थानों को तत्काल प्रभाव से भ्रामक विज्ञापन बंद करने, भविष्य में भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित न करने और भविष्य के विज्ञापनों में सत्य और पूर्ण जानकारी देने का निर्देश दिया था। हालांकि, दोनों संस्थानों ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के समक्ष अपील दायर करके सीसीपीए के आदेशों को चुनौती दी है।

मंत्रालय ने आगे कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 उपभोक्ताओं को सूचित होने का अधिकार प्रदान करता है, जिसमें सत्य और सटीक जानकारी प्राप्त करने का अधिकार भी शामिल है, जिससे वे सोच-समझकर निर्णय ले सकें ।

# एक ही हवाई रूट का किराया 8 और 18 हजार आखिर क्यों?

## सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

**एजेंसी । नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एयरलाइनों द्वारा टिकटों की मनमानी और अत्यधिक कीमतों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार को यात्रियों पर बोझ कम करने के उपाय तलाशने का निर्देश दिया। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने एक ही दिन एक ही रूट पर किराए में भारी असमानता को उजागर करते हुए सवाल उठाया कि एक एयरलाइन इकोनॉमी सीट के लिए 8000 रुपये क्यों वसूलती है, जबकि दूसरी 18,000 रुपये मांगती है। सुनवाई के दौरान, न्यायाधीशों ने इस बात पर जोर दिया कि "कुछ तर्कसंगतता होनी चाहिए", क्योंकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि 2024 में पारित नया विमानन कानून अब लागू हो चुका है और इसके नियमों पर अभी भी विचार-विमर्श चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार इस समस्या को स्वीकार करती है और मामले को निष्पक्ष मानते हुए समाधानों पर विचार कर रही है।

**याचिकाकर्ता ने कड़े नियमन की मांग की :** यह मामला सामाजिक कार्यकर्ता एस. लक्ष्मीनारायणन द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने हवाई किराए में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अप्रत्याशित बढ़ोतरी और अतिरिक्त शुल्कों पर अंकुश लगाने के लिए एक स्वतंत्र नियामक के गठन का आग्रह किया था। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र श्रीवास्तव ने तर्क दिया कि यद्यपि 1937 के विमान अधिनियम के तहत नियम मौजूद हैं, लेकिन उनका ठीक से कार्यान्वयन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नागरिक उड्डयन महानिदेशक के पास किराए के अनुचित होने की स्थिति में हस्तक्षेप करने का अधिकार है, फिर भी इस संबंध में कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है।

**नए विमानन नियम तैयार किए जा रहे हैं :** सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि पुराने नियम वैध बने हुए हैं, जबकि 2024 के भारतीय वायुयान अधिनियम के तहत नए दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं। पीठ ने याचिकाकर्ता को केंद्र के हलफनामे पर जवाब देने का निर्देश दिया और अगली सुनवाई 13 जुलाई को निर्धारित की।

# आईएएस पदमा बर्खास्त! कहा, मुझे जानकारी नहीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**



2003 बैच की एजीएमयूटी कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी पद्मा जायसवाल ने कहा कि उन्हें केंद्र द्वारा उनके खिलाफ किसी भी बर्खास्तगी आदेश के पारित होने की जानकारी नहीं है, जैसा कि रिपोर्टों में दावा किया गया है। दिल्ली सरकार के प्रशासनिक सुधार विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत जायसवाल को सेवारत सिविल सेवक के खिलाफ की गई इस दुर्लभ कार्रवाई में पद से हटा दिया गया है। इंडियन एक्सप्रेस ने गुरुवार को सूत्रों के हवाले से यह खबर दी। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, संपर्क करने पर जायसवाल ने कहा कि मुझे इस तरह के किसी घटनाक्रम या बर्खास्तगी आदेश के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

**पद्मा जायसवाल कौन हैं और मामला क्या है?**

अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर की अधिकारी जायसवाल के खिलाफ यह कार्रवाई 2007-08 के आरोपों से जुड़ी है, जब जायसवाल अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले की उप आयुक्त के पद पर कार्यरत थीं। रिपोर्ट में बताया गया है कि फरवरी 2008 में स्थानीय निवासियों की शिकायत में उन पर सरकारी राजस्व के गबन और पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया था।

# पश्चिम बंगाल के लिए रेलवे ने तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी

**एजेंसी । कोलकाता**

भारतीय रेलवे ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए तीन नई परियोजनाओं को मंजूरी दी। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के अनुसार, उन्हें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से परियोजनाओं से संबंधित तीन अलग-अलग पत्र प्राप्त हुए थे। इन तीन परियोजनाओं में से पहली परियोजना पश्चिम बंगाल के उत्तरी क्षेत्र में नई जलपाईगुड़ी-सिलीगुड़ी रेलवे लाइन परियोजना की मंजूरी से संबंधित है। दूसरी परियोजना कोलकाता से सटे हावड़ा क्षेत्र के संतरागाछी को राजस्थान के जयपुर के खातिपुरा क्षेत्र से जोड़ने वाली नई एक्सप्रेस ट्रेन, संतरागाछी-खातिपुरा एक्सप्रेस (खड़गपुर होते हुए) के संचालन की मंजूरी से संबंधित है। तीसरा विषय पत्र पश्चिम मिदनापुर जिले के सालबोनी से पुरुलिया जिले के आद्रा जंक्शन तक 107 किलोमीटर लंबी तीसरी रेलवे लाइन के निर्माण के लिए अंतिम स्थान सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की मंजूरी से संबंधित है।

